जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 96 प्रभात जयपुर, गुरूवार 5 नवम्बर, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

भारत के लिए क्या मायने हैं, अमेरिका के चुनाव नतीजों के?

अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में डैमोक्रैटिक पार्टी की जीत को भारत काफी हद तक सकारात्मक रूप से देख रहा है

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 नवम्बर। मंगलवार को हुए अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट और प्रतिनिधि सभा, दोनों में बहुमत हासिल कर लिया है और भारत पर इसके प्रभाव को काफी हद तक सकारात्मक रूप में देखा जा रहा है।

- व्यापार और आयात शुल्क पर ट्रंप के साथ भारत का विवाद चल रहा है। ट्रंप के कार्यकाल में भारत पर कई भारी शुल्क लगाए गए, जैसा पहले कभी नहीं हुआ।
- भारत उम्मीद कर रहा है कि डैमोक्रैटिक पार्टी के वर्चस्व वाली अमेरिकी कांग्रेस इन शुल्कों के नकारात्मक प्रभाव की गहराई से जाँच करेगी और संभवतया इन पर अंकुश भी लगाएगी।

टैक्सस, ओहायो, कंसास, आयोवा, नॉर्थ कैरोलाइना, साउथ कैरोलाइना और मेन में सीटें जीतने के बाद, डेमोक्रेट्स को सीनेट में कम से कम 54 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, प्रतिनिधि सभा में भी दो दर्जन से अधिक सीटें जीतकर उन्होंने आरामदायक बहुमत हासिल कर लिया है। नई कांग्रेस जनवरी 2027 में कार्यभार संभालेगी। इससे डेमोक्रेट्स को कानून बनाने, धन आवंटित करने, जांच करने और सरकारी कामकाज पर निगरानी रखने के अधिक अधिकार मिलेंगे। हालांकि, ट्रंप के पास अब भी किसी विधेयक को वीटो करने का अधिकार है और कार्यपालिका की व्यापक शक्तियां बनी रहेंगी।

व्यापार और आयात शुल्क ट्रंप प्रशासन के साथ विवाद का एक प्रमुख मुद्दा रहे हैं। ट्रंप के कार्यकाल में लगाए गए शुल्कों से भारतीय निर्यात में कई अवरोध आ गए थे। कुछ वस्तुओं पर ये शुल्क पहले 50 प्रतिशत तक पहुंच गए थे, लेकिन बाद में एक अंतरिम व्यवस्था के तहत घटकर लगभग 18 प्रतिशत रह गए। उम्मीद है कि डेमोक्रेटिक कांग्रेस इन शुल्कों से अमेरिकी कारोबारियों और उपभोक्ताओं को होने वाले आर्थिक नुकसान की अधिक गहराई से जांच करेगी। संभवतः इस मुद्दे पर बहस और सुनवाई हो सकती है, जो भारत पर दबाव कम कर सकती है या फिर एकतरफा तरीके से शुल्क और बढ़ाने की कोशिशों को मुश्किल बना सकती है। व्यापक व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अभी पूरी नहीं हुई है। कृषि बाजार तक पहुंच और भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने जैसे मुद्दों के कारण भी इसमें अड़चनें हैं। अब इस समझौते की कांग्रेस में अधिक समीक्षा हो सकती है। विश्लेषकों का कहना है कि डेमोक्रेट्स ने ऐतिहासिक रूप से एक-दूसरे के लिए बाजार खोलने की नीति का समर्थन किया है। इसलिए भारत को राहत मिलना तय नहीं है, लेकिन सत्ता का बदला हुआ संतुलन संरक्षणवादी नीतियों को तेजी से आगे बढ़ाने की कोशिशों को धीमा कर सकता है।

एच-1बी वीज़ा और इमिग्रेशन पॉलिसी को लेकर भी अब अधिक विवाद होने की संभावना है। ट्रंप प्रशासन ने कुछ नए एच-1बी आवेदनों पर एक लाख डॉलर का शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे अदालतों में पहले ही

(शेष पृष्ठ 6 पर)

नेतन्याहू व ट्रंप की कहानी दोहराई जाएगी भारत में?

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 नवम्बर। एक समय की बात है, तीन गहरे दोस्त हुआ करते थे।

इनमें सबसे पहले जिसकी कुर्सी छूटी और जो मुश्किलों में फंसा, वह था इज़रायल का बेंजामिन नेतन्याहू। इसके

- कांग्रेस ब्लॉक चाहता तो यह ही है, पर, अभी तक तो यह केवल रोचक कहानी ही है।

बाद डॉनल्ड ट्रंप की बारी आई, जिन्हें अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा, दोनों में हार का सामना करना पड़ा है। अब उनके लिए अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाना मुश्किल हो सकता है।

यह डेमोक्रेट्स की जबरदस्त लहर है, जिसमें रिपब्लिकन पार्टी को मतदाताओं ने सत्ता से बाहर कर दिया है और दोनों सदनों पर डेमोक्रेट्स का नियंत्रण हो गया है।

आने वाले राजनीतिक संकट के संकेत पहले से ही साफ थे। ट्रंप बड़ी

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अग्निवीर प्रोग्राम वापस होगा?

अग्निवीर योद्धाओं का कार्यकाल दो साल और बढ़ाया गया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 नवम्बर। केन्द्र सरकार ने बुधवार को "अग्निवीरों" के कार्यकाल में दो साल की बढ़ोतरी की घोषणा की। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।

वर्ष 2022 में शुरू की गई "अग्निपथ योजना" के तहत, सशस्त्र बलों में कम अवधि के लिए सैनिकों की भर्ती की जाती है। इसका उद्देश्य तीनों सेनाओं में जवानों की औसत आयु कम करना है। इस योजना के तहत भर्ती किए गए सैनिकों को "अग्निवीर" कहा जाता है।

मंत्रिमंडल का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब सशस्त्र सेनाओं में करीब 18,000 अग्निवीरों का सशस्त्र बलों में कार्यकाल समाप्त होने वाला था।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा कि सभी अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में अपनी सेवा जारी रखने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अवसर उनके प्रदर्शन और उसकी समीक्षा पर निर्भर करेगा।

जनरल सुब्रमणि ने कहा, "शुरुआत से ही यह स्पष्ट था कि इस योजना की समीक्षा की जाएगी। हर साल अग्निवीरों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई और इसके बाद हमने दो साल का कार्यकाल विस्तार देने का फैसला किया।"

अग्निपथ योजना के तहत, सैनिकों की भर्ती चार साल के कार्यकाल के लिए की जाती थी तथा इनमें से केवल 25 प्रतिशत को ही नियमित सैन्य सेवा में बनाए रखने का प्रावधान था।

- वर्ष 2022 में शुरु की गई अग्निवीर योजना का उद्देश्य सेना के जवानों की औसत आयु कम करना था। इस योजना में चार साल के लिए सैनिकों की भर्ती की जाती है। इन सैनिकों को ही अग्निवीर कहा जाता है।
- सरकार ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब 18,000 अग्निवीर रिटायर होने वाले हैं और इससे चुनावों में नुकसान उठाना पड़ सकता था।
- चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कहा कि सभी अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में सेवा जारी रखने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

'भारत को होर्मुज़ से गुज़रने की छूट है'

ईरान के एक वरिष्ठ संसदीय अधिकारी ने कहा कि भारत उन चार देशों में से एक है, जिन्हें होर्मुज़ से गुज़रने की छूट है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 नवम्बर। ईरान ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज़ स्ट्रेट (जलडमरूमध्य) से जहाजों की आवाजाही पर लगाए गए प्रतिबंधों से भारतीय जहाजों को छूट दी गई है। ईरानी संसद की एक समिति के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने पुष्टि की है कि भारत, चीन, इराक और कतर के जहाज बिना किसी पाबंदी के इस जलमार्ग से गुजर सकते हैं।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के उपाध्यक्ष अहमद हयात-मोगद्दम ने कहा कि चार देशों को यह छूट दी गई कि उनके जहाज होर्मुज़ से अपनी आवाजाही जारी रख सकते हैं।

ईरान की आर्थिक और सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित एक बैठक में हयात-मोगद्दम ने कहा कि

- ईरानी संसद की नेशनल सिक्युरिटी एण्ड फॉरेन पॉलिसी कमेटी के वाइस चेयरमैन अहमद हयात मोगाद्दम ने कहा कि भारत, चीन, इराक और कतर के जहाजों को होर्मुज़ से गुज़रने की छूट दी गई है।
- उन्होंने कहा, भारत को छूट इसलिए दी गई है, क्योंकि ईरान, भारत से दवाओं का आयात करना चाहता है।

भारत को छूट देने का फैसला तेहरान की दवाओं के आयात की जरूरत से जुड़ा है।

उन्होंने चीन के राजनीतिक समर्थन और ईरान के साथ उसके वित्तीय संबंधों को भी चीन को दी गई इस छूट के पीछे एक कारण बताया।

उन्होंने कहा, "होर्मुज़ स्ट्रेट के मामले में हमने पहले ही चार देशों को "माफ" कर दिया है। फिलहाल ये देश भारत, चीन, इराक और कतर हैं। वे स्वतंत्र हैं, यानी हमारी ओर से उन्हें छूट है। अमेरिकियों को भी उनके आने-जाने पर कोई आपत्ति नहीं है। उनके जहाज होर्मुज़ स्ट्रेट से लगातार आते-जाते हैं।"

भारत के साथ इस व्यवस्था के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, "हमने भारतीयों के लिए ऐसा इसलिए किया है, ताकि हम दवाओं का आयात कर सकें।"


चीन के संबंध में ईरानी अधिकारी ने कहा कि तेहरान ने राजनीतिक समर्थन बनाए रखने के लिए उसके जहाजों को

(शेष पृष्ठ 6 पर)

जयपुर की पिया डांडिया अमेरिका में निर्वाचित

-प्रकाश भण्डारी-

जयपुर, 4 नवम्बर। गुलाबी शहर की बेटी पिया डांडिया अमेरिकी हाउस ऑफ रिप्रैज़ैन्टेटिव्स की सदस्य बन गई



हैं। डैमोक्रैट पार्टी की उम्मीदवार के रुप में पिया ने फ्लोरिडा राज्य के बाईसवें कांग्रेसनल जिले से जीत दर्ज करके इतिहास रचा है। पिया ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार केसी अस्कर को पराजित कर दिया।

पिया डांडिया जयपुर के ऐसे प्रतिष्ठित परिवार से सम्बंधित हैं, जो शिक्षा और पत्रकारिता तथा विभिन्न अन्य क्षेत्रों में अपने योगदान के लिए प्रसिद्ध है। पिया, डॉ. रोहित और भारती डांडिया की पुत्री हैं जो 40 वर्ष पूर्व अमेरिका में जा बसे थे। पिया विश्व प्रसिद्ध

(शेष पृष्ठ 6 पर)

'कई साल पहले जब मैंने पंजाब में ड्रग्स का मुद्दा उठाया था, तब सभी विपक्षी दलों ने मुझ पर कटाक्ष किया था'

'अब सभी दल यह स्वीकार कर रहे हैं कि ड्रग्स पंजाब की एक बड़ी समस्या बन चुकी है'

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 नवम्बर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज पंजाब में "इंसाफ रैली" के जरिए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कई मुद्दों पर आम आदमी पार्टी की सरकार को घेरा और राज्य में नशे की समस्या, खासकर "चिट्टा" को बड़ा मुद्दा बताया। इस दौरान दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के साथ अपनी मुलाकात को याद कर उन्होंने लोगों से भावनात्मक जुड़ाव भी बनाया।

संगरूर जिले के फग्गूवाला गांव में आयोजित "इन्साफ रैली" में गांधी ने कहा, "कई साल पहले मैंने कहा था कि पंजाब में नशा फैल रहा है। उस समय भाजपा और अकाली दल ने ड्रग्स के खतरे को तवज्जो न देते हुए, मेरी बात को खारिज कर दिया था और कहा था कि राहुल गांधी पंजाब के बारे में कुछ नहीं जानते। आज "चिट्टा" (मिलावटी हेरोइन) राज्य की एक बड़ी समस्या बन चुका है।" इस रैली के जरिए, उन्होंने अगले साल के शुरु में होने वाले पंजाब विधानसभा के चुनाव-प्रचार का बिगुल बजा दिया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, "लोगों को ऐसी सरकार चाहिए जो पंजाब के लिए काम करे, "आप" सरकार जैसी नहीं, जो दिल्ली से चलाई जाती हो।

राहुल ने भीड़ से पूछा, "बताइए, आम आदमी पार्टी ने अपने कौन-से चुनावी वादे पूरे किए हैं?" उन्होंने लोगों से रोजगार और नशामुक्त पंजाब के लिए कांग्रेस को वोट देने की अपील की।

रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पंजाब के प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष परगट सिंह और राज्य के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा, विजय इंदर सिंगला, चरणजीत सिंह चन्नी, सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजिंदर कौर भट्टल तथा अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग मौजूद थे।

गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी गई अपनी चुनौती को दोहराया। कांग्रेस को देशविरोधी बताने के आरोप को लेकर उन्होंने मोदी को खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा, "कहीं भी आ जाइए, मेरे साथ बैठिए और बहस कीजिए।"

भाजपा पर हमला करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने संसद में बहस कराने के केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्ताव को भी चुनौती दी। उन्होंने कहा, "वे कहते हैं कि संसद में चर्चा करिए, लेकिन आप मेरा माइक बंद कर देते हैं

(शेष पृष्ठ 6 पर)

- संगरूर जिले के फग्गूवाला गाँव में विशाल "इंसाफ रैली" से कांग्रेस ने चुनाव प्रचार का आगाज़ किया और ड्रग्स के मुद्दे पर राज्य व केन्द्र सरकार पर करारा हमला बोला।
- रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पंजाब के प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष परगट सिंह, अन्य वरिष्ठ नेता, जैसे प्रताप सिंह बाजवा, चरणजीत सिंह चन्नी, सुखजिंदर सिंह रंधावा, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग आदि शामिल हुए।
- गांधी ने जनता से भावात्मक जुड़ाव के लिए अपने भाषण में पंजाब के विख्यात गायक सिद्धू मूसेवाला से अपनी मुलाकात का भी जिक्र किया।

पूर्व विधायक बलजीत यादव को जमानत मिली

जयपुर, 4 नवंबर । राजस्थान हाईकोर्ट ने 32 सरकारी स्कूलों के लिए खेल सामग्री खरीद से जुड़े ईडी मामले में पूर्व विधायक बलजीत यादव को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस रवि चिरानिया की एकलपीठ ने

- यादव पर 32 सरकारी स्कूलों में खेल साम्रगी खरीद में कथित भ्रष्टाचार का आरोप है

यह आदेश बलजीत यादव की जमानत याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

जमानत याचिका में अधिवक्ता चित्रांश सक्सेना ने अदालत को बताया कि प्रकरण में ईडी पूरक आरोप पत्र पेश कर चुकी है। वहीं, अदालत उस पर आरोप भी तय कर चुकी है। ऐसे में अब याचिकाकर्ता से किसी तरह की पूछताछ या अनुसंधान बाकी नहीं है। वह लंबे समय से जेल में बंद है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। इसका विरोध करते हुए केन्द्र सरकार की ओर से कहा गया कि मामला मनी लॉन्ड्रिंग

(शेष पृष्ठ 6 पर)

अमेरिका के मिड टर्म चुनाव नतीजों ने दुनिया भर में राजनैतिक हड़कम्प पैदा किया

यूरोपियन नेता और भारत, चीन, रूस सहित सभी देश अपने-अपने हिसाब से इन चुनाव नतीजों का आकलन कर रहे हैं और अनुमान लगा रहे हैं कि वॉशिंगटन में बदलते सत्ता संतुलन का अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर क्या असर पड़ेगा।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 4 नवम्बर। अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी की बड़ी जीत से दुनिया भर में अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। यूरोपीय नेताओं ने इस नतीजे का स्वागत करते हुए इसे दक्षिणपंथी लोकलुभावन (राइट विंग पॉपुलिज़्म) राजनीति के लिए एक झटका बताया है। भारत इसके व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों पर पड़ने वाले असर का आकलन कर रहा है, जबकि अमेरिका के प्रमुख भू-राजनीतिक (जिओपोलिटिकल) प्रतिद्वंद्वी चीन और रूस इस बात पर सावधानी बरत रहे हैं कि वॉशिंगटन में बदले हुए पावर बैलेंस का अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर क्या असर हो सकता है।

सीनेट हाउस ऑफ रिप्रैज़ेन्टेटिव्ज़, दोनों पर डेमोक्रेट्स का कब्ज़ा, साथ ही परंपरागत रूप से रिपब्लिकन पार्टी के मजबूत गढ़ों में भी जीत, राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के लिए एक बड़ा चुनावी झटका है। इन नतीजों से उम्मीद है कि कांग्रेस उनके प्रशासन की, खासकर व्यापार, इमिग्रेशन और विदेश नीति पर, जांच तेज करेगी, हालांकि, ट्रंप के पास अब भी काफी एग्ज़ीक्यूटिव पावर्स हैं।

वॉशिंगटन के साथ संबंध रखने वाले देशों के लिए इन नतीजों से नए अवसर भी पैदा हुए हैं और अनिश्चितताएं भी बढ़ी हैं। डेमोक्रेट्स के नियंत्रण वाली कांग्रेस राष्ट्रपति के फैसलों पर अधिक रोक लगा सकती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनकी नीतियां तुरंत बदल जाएंगी।

नई दिल्ली में इन नतीजों पर खास नजर रखी जा रही है, क्योंकि इनका द्विपक्षीय व्यापार पर असर पड़ सकता है। कांग्रेस पर डेमोक्रेट्स के नियंत्रण से भारत को वॉशिंगटन के साथ बातचीत में कुछ राहत मिल सकती है। खासकर ट्रंप की आयात शुल्क संबंधी नीतियों और प्रस्तावित बाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर।

एडमिनिस्ट्रेश के ट्रेड संबंधी फैसलों पर कांग्रेस की अधिक जांच से कुछ एकतरफा कदमों पर रोक लग सकती है। हालांकि, व्यापार और विदेश नीति के मामलों में ट्रंप के पास अब भी काफी अधिकार हैं। इसलिए नई दिल्ली को आर्थिक दबावों में तुरंत कमी आने की उम्मीद नहीं है।

इस मामले में काफी कुछ दांव पर लगा है, क्योंकि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार बहुत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, आयात शुल्क, ऊर्जा की खरीद और बाजार तक पहुंच जैसे मुद्दों पर दोनों देशों के बीच मतभेद अभी भी बने हुए हैं।

इन नतीजों का भारत के टैक्नोलॉजी सैक्टर और स्किल्ड प्रोफैशनल्स पर भी असर पड़ सकता है, खासकर ट्रंप प्रशासन के एच-1बी वीजा प्रोग्राम को और सख्त करने की कोशिशों के बीच, जिसका इस्तेमाल बड़ी संख्या में भारतीय प्रोफैशनल्स और टैक्नोलॉजी कंपनियां करती हैं।

नई दिल्ली का व्यापक रुख व्यावहारिक बने रहने की संभावना है। अमेरिकी कांग्रेस में सत्ता का संतुलन बदलने से बातचीत और सहयोग के नए अवसर मिल सकते हैं, लेकिन अमेरिका के साथ भारत की स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप

(शेष पृष्ठ 6 पर)

- अमेरिका के मिड टर्म चुनावों में डैमोक्रैट्स ने कांग्रेस के दोनों सदनों, सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रैज़ैन्टेटिव्स पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है, यही नहीं रिपब्लिकन पार्टी का पारंपरिक गढ़ माने जाने वाले क्षेत्रों में भी डैमोक्रैट्स जीते हैं।
- वॉशिंगटन से डील कर रहे देशों के लिए इन नतीज़ों से अनिश्चितता भी बढ़ी है, साथ ही नए अवसर भी पैदा हुए हैं। अब अमेरिकी कांग्रेस राष्ट्रपति ट्रंप के मनमाने निर्णयों पर अंकुश लगा सकती है।

लद्दाख में खाई में गिरा सेना का वाहन, दो जवानों की मौत

लेह, 04 नवंबर। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग-01 पर नामिका ला दर्रे के पास बुधवार, 4 नवंबर को सेना का एक भारी वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक हादसे में वाहन में सवार भारतीय सेना के दो जवान, चालक और सह चालक की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव अभियान चलाया। गहरी खाई से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों जवानों के शवों को बाहर निकाला गया। इसके बाद सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), चिकतान पहुंचाया गया।

विचार बिन्दु

कितने देव, कितने धर्म, कितने पंथ चल पड़े, पर इस शोकग्रस्त संसार को केवल दयावानों की आवश्यकता है। –विलकास्य

माननीयों का कमीशन तंत्र!

भ्रष्टाचार लोकतंत्र को भीतर से खोखला करने वाली ऐसी बीमारी है, जिसमें जनसेवा का उद्देश्य निजी लाभ में बदल जाता है। जब सरकारी कर्मचारी रिश्वत माँगता है, तब कानून कार्रवाई कर सकता है; लेकिन जब जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों पर ही विकास कार्यों की अनुशंसा के बदले कमीशन माँगने के आरोप लगें, तब सवाल केवल भ्रष्टाचार का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता का भी है। जनता विधायक इसलिए चुनती है कि वह क्षेत्र का विकास कराए, न कि जनता के धन से होने वाले कार्यों में अपना हिस्सा तलाशे।

राजस्थान के एक समाचार पत्र ने दिसंबर 2025 में राजस्थान में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के कथित दुरुपयोग पर एक स्टिंग ऑपरेशन प्रकाशित किया। इसमें भाजपा विधायक रेवंतराम डांगा, कांग्रेस विधायक अनीता जाटव और निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत से संबंधित कथित कमीशन सौदों का खुलासा किया गया। समाचार के अनुसार, पत्रकार ने एक काल्पनिक फर्म के प्रतिनिधि के रूप में संपर्क किया और विद्यालयों में दरी-फर्श की आपूर्ति के लिए विधायक निधि से अनुशंसा माँगी। रिपोर्ट में दावा किया गया कि तीनों मामलों में कमीशन को लेकर बातचीत हुई। डांगा के मामले में 50 लाख रुपये के कार्य की अनुशंसा और अग्रिम रकम लेने, अनीता जाटव के मामले में 50 हजार रुपये लेने तथा 80 लाख रुपये की अनुशंसा देने और ऋतु बनावत के पति के साथ 40 लाख रुपये की कथित डील का उल्लेख किया गया।

इन दावों की अंतिम सत्यता जाँच और न्यायिक प्रक्रिया से ही निर्धारित होगी। फिर भी, यदि विकास कार्यों की अनुशंसा के बदले कमीशन माँगने की प्रवृत्ति प्रमाणित होती है, तो यह सार्वजनिक धन की पवित्रता और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़ा करती है।

पाँच करोड़ की निधि, कमीशन का कितना खतरा?

राजस्थान में प्रत्येक विधायक के लिए प्रतिवर्ष पाँच करोड़ रुपये की विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि का प्रावधान है। इसका उद्देश्य सड़क, नाली, पेयजल, विद्यालयों की सुविधाओं और अन्य सार्वजनिक आवश्यकताओं के लिए धन उपलब्ध कराना है। यह राशि किसी विधायक की निजी संपत्ति नहीं, बल्कि जनता की अमानत है।

कल्पना कीजिए कि किसी विद्यालय को बैठने के लिए दरी की आवश्यकता है। यदि खरीद का निर्णय विद्यालय की वास्तविक जरूरत, गुणवत्ता और उचित कीमत के बजाय कथित कमीशन के आधार पर होने लगे, तो बच्चों की सुविधा पीछे छूट जाएगी। इसी प्रकार, यदि किसी निर्माण कार्य में 40 प्रतिशत कमीशन की माँग की जाती है, तो ठेकेदार के पास गुणवत्ता घटाने, लागत बढ़ाने या अनुचित लाभ निकालने का दबाव पैदा हो सकता है। यह एक संभावित स्थिति का उदाहरण है, किसी विशिष्ट कार्य में सिद्ध नुकसान का दावा नहीं। लेकिन इतना स्पष्ट है कि कमीशन की संस्कृति विकास की गुणवत्ता और सरकारी धन के उचित उपयोग के लिए खतरा है।

कार्रवाई हुई है, अब परिणाम भी चाहिए

इस प्रकरण को रफा-दफा कर दिए जाने की धारणा के विपरीत, उपलब्ध विवरण के अनुसार, सरकार और विधानसभा स्तर पर कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आदेश पर आरोपी विधायकों के विधायक निधि खाते तुरंत फ्रीजकर दिए गए थे। इसके साथ ही विधायक कोष से अनुशंसा करने पर पाबंदी लगा दी गई थी।विधानसभा की सदाचार समिति ने संबंधित विधायकों को तलब कर उनका पक्ष सुना। राज्य सरकार ने उच्चस्तरीय प्रशासनिक जाँच भी गठित की, जबकि स्टिंग के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में शिकायत किए जाने की जानकारी भी सामने आई।

इन कदमों का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन जाँच समितियों का गठन और खातों को फ्रीज करना अंतिम न्याय नहीं है। जनता यह जानना चाहती है कि जाँच में क्या तथ्य सामने आए, क्या संबंधित अधिकारियों या बिचौलियों की भूमिका की पड़ताल हुई, क्या कथित लेन-देन के स्वतंत्र साक्ष्य मिले और क्या अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। यदि जाँच अभी जारी है, तो उसकी समयसीमा और वर्तमान स्थिति भी स्पष्ट होनी चाहिए। गोपनीयता के वैधानिक कारण हो सकते हैं, लेकिन उससे अनिश्चितकाल तक जवाबदेही टाली नहीं जानी चाहिए।

भ्रष्टाचार किसी एक राजनीतिक दल की समस्या नहीं है। सत्तारूढ़ दल, विपक्ष और निर्दलीय प्रतिनिधि-सभी के लिए समान नैतिक और कानूनी मानदंड होने चाहिए। विरोधी दल के नेता पर आरोप लगे तो कठोर कार्रवाई की माँग करना और अपने दल के नेता पर आरोप लगने पर चुप्पी साध लेना दोहरा मापदंड है। राजनीतिक दलों को अपने सदस्यों के विरुद्ध निष्पक्ष जाँच का समर्थन करना चाहिए।

मई 2025 में बागीदौरा के भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को विधानसभा में खनन संबंधी प्रश्न वापस लेने के बदले कथित रिश्वत के मामले में ने गिरफ्तार किया था। एजेंसी के अनुसार, उन्हें 20 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था। यह विधायक निधि वाले स्टिंग से अलग मामला है, लेकिन यह दर्शाता है कि जनप्रतिनिधियों के पद और अधिकारों के संभावित दुरुपयोग पर प्रभावी निगरानी कितनी आवश्यक है। गिरफ्तारी अपने आप में दोषसिद्धि नहीं है; इस मामले में भी अंतिम निर्णय कानून और न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार ही होना चाहिए।

भ्रष्टाचार पर दलगत चुप्पी क्यों?

भ्रष्टाचार किसी एक राजनीतिक दल की समस्या नहीं है। सत्तारूढ़ दल, विपक्ष और निर्दलीय प्रतिनिधि-सभी के लिए समान नैतिक और कानूनी मानदंड होने चाहिए। विरोधी दल के नेता पर आरोप लगे तो कठोर कार्रवाई की माँग करना और अपने दल के नेता पर आरोप लगने पर चुप्पी साध लेना दोहरा मापदंड है। राजनीतिक दलों को अपने सदस्यों के विरुद्ध निष्पक्ष जाँच का समर्थन करना चाहिए। यदि आरोप सिद्ध हों, तो दलगत संरक्षण के बिना कार्रवाई हो; यदि सिद्ध न हों, तो संबंधित व्यक्ति को अनुचित बदनामी से बचाया जाए।

पारदर्शिता ही स्थायी समाधान

सबसे पहले, विधायक निधि से स्वीकृत प्रत्येक कार्य का विवरण सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध होना चाहिए। इसमें कार्य का नाम, स्थान, अनुमानित लागत, अनुशंसाकर्ता, स्वीकृति की तारीख, ठेकेदार, भुगतान, भौतिक प्रगति और पूर्णता प्रमाणपत्र शामिल हों। इससे नागरिक स्वयं देख सकेंगे कि उनके क्षेत्र के लिए आवंटित धन कहाँ और किस प्रकार खर्च हुआ।

दूसरे, निधि से होने वाले कार्यों का नियमित तकनीकी और वित्तीय ऑडिट किया जाए। बड़े कार्यों के साथ-साथ छोटे कार्यों का भी यादृच्छिक निरीक्षण हो। गुणवत्ता की जाँच स्वतंत्र तकनीकी एजेंसी से कराई जा सकती है और शिकायत मिलने पर समयबद्ध जाँच अनिवार्य की जानी चाहिए।

तीसरे, ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के चयन में पारदर्शी प्रतिस्पर्धा, ई-टेंडरिंग जहाँ लागू हो, बाजार दरों की जाँच और हितों के टकराव से संबंधित स्पष्ट नियम होने चाहिए। अनुशंसा करने वाले जनप्रतिनिधि को कार्य की आवश्यकता और सार्वजनिक उपयोगिता का औचित्य भी दर्ज करना चाहिए।

चौथे, यदि जाँच में रिश्वत या कमीशन के पर्याप्त साक्ष्य मिलते हैं, तो संबंधित कानूनों के अनुसार मुकदमा, अभियोजन और अन्य उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही, शिकायतकर्ता और गवाहों को संरक्षण मिले। दूसरी ओर, किसी को केवल मीडिया रिपोर्ट के आधार पर दोषी घोषित करना भी उचित नहीं होगा। जवाबदेही और निष्पक्ष प्रक्रिया दोनों लोकतंत्र के लिए आवश्यक हैं।

'माननीय' का सम्मान आचरण से

लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि का सम्मान उसके पद से शुरू हो सकता है, लेकिन उसकी प्रतिष्ठा ईमानदारी, जनसेवा और संवैधानिक मर्यादा से ही कायम रहती है। विधायक निधि जनता की संपत्ति है, किसी जनप्रतिनिधि का कमीशन खाता नहीं। यदि इस प्रकरण में आरोप प्रमाणित होते हैं, तो कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए; यदि प्रमाणित नहीं होते, तो निष्पक्ष जाँच के आधार पर संबंधित व्यक्तियों को आरोपमुक्त किया जाना चाहिए।

लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा केवल चुनाव कराने में नहीं, बल्कि सार्वजनिक धन के प्रत्येक रुपये का सही उपयोग सुनिश्चित करने में है। जनता को आश्वासन नहीं, पारदर्शी व्यवस्था और परिणाम चाहिए। विकास की अनुशंसा जनसेवा का माध्यम होनी चाहिए, कमीशन कमाने का कारोबार नहीं।

-अतिथि सम्पादक,
प्रोफेसर (डा.) पी. सी. कंठालिया,
पूर्व विभागाध्यक्ष (मृदा विज्ञान) एवं मुख्य वैज्ञानिक,
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर

शिक्षा का स्वास्थ्य : जर्जर काया, वेंटिलेटर पर भविष्य

शिक्षा का स्वास्थ्य ठीक करना अब कोई नीतिगत विकल्प नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व और स्वाभिमान का अनिवार्य तकाजा है



प्रो. अशोक कुमार

मानव जीवन के संदर्भ में यह उक्ति सार्वभौमिक सत्य मानी जाती है कि 'पहला सुख निरोगी काया' अथवा 'स्वास्थ्य ही जीवन है'। यदि शरीर अस्वस्थ हो, तो संसार का कोई भी वैभव, उपाधि अथवा समृद्धि अर्थहीन हो जाती है। ठीक यही कसौटी किसी राष्ट्र और समाज की बौद्धिक चेतना यानी उसकी 'शिक्षा व्यवस्था' पर भी लागू होती है। शिक्षा केवल डिग्री बांटने का उपक्रम नहीं, बल्कि समाज की प्राणवायु और रीढ़ की हड्डी है। आज यदि हम ईमानदारी से आत्ममंथन करें, तो यह कड़वा सच स्वीकार करना होगा कि हमारी समूची शिक्षा प्रणाली स्वयं गंभीर रूप से अस्वस्थ है। प्राथमिक पाठशालाओं से लेकर विश्वविद्यालयों और यहां तक कि एम्स जैसे शीर्ष चिकित्सा संस्थानों तक, यह ढांचा बुनियादी सुविधाओं, शिक्षकों और संसाधनों के अभाव में हांफ रहा है। जब शिक्षा का अपना स्वास्थ्य ही वेंटिलेटर पर हो, तो वह राष्ट्र के स्वास्थ्य और भविष्य को कैसे संबल दे सकती है?

प्राथमिक एवं स्कूली स्तर: खोखली नींव पर टिकी व्यवस्था - किसी भी विशाल भवन का स्थायित्व उसकी नींव पर निर्भर करता है। प्राथमिक शिक्षा समाज की वही नींव है। किंतु ज़मीनी हकीकत यह है कि देश के अधिकांश ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में प्राथमिक विद्यालय स्वयं उपेक्षा के शिकार हैं।

कहीं बरसात में टपकती छतें और दरकती दीवारें हैं, तो कहीं बच्चों के बैठने के लिए बुनियादी टाट-पट्टी या फर्नीचर तक मयस्सर नहीं है। शौचालय, स्वच्छ पेयजल और खेल के मैदान जैसी मूलभूत आवश्यकताएं आज भी कई विद्यालयों के लिए विलासिता बनी हुई हैं। सबसे दुखद पहलू प्रयोगशालाओं और शिक्षकों का अभाव है। जब एक ही शिक्षक पांच कक्षाओं को एक साथ बैठाकर पढ़ाने को मजबूर हो, तो वहां विज्ञान के प्रयोग, जिज्ञासा और नवाचार की कल्पना कैसे की जा सकती है? जहां ब्लैकबोर्ड पर चाक चलाने वाले हाथ कम हों और कागज़ी आंकड़ों में 'शत-प्रतिशत नामांकन' के झूठे रिकॉर्ड चमकाए जा रहे हों, वहां शिक्षा का शरीर कुपोषण का शिकार नहीं होगा तो क्या होगा?

उच्च शिक्षा और विश्वविद्यालय: उपाधियों के कारखाने, शोध से दूरी- प्राथमिक स्तर की यह बीमारी धीरे-धीरे बढ़ते हुए उच्च शिक्षा के स्तर पर असाध्य रूप धारण कर लेती है। महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों की स्थिति भी कम त्रासद नहीं है। नाम बड़े और दर्शन छोटे-यही आज के अधिकांश उच्च शिक्षण संस्थानों का यथार्थ बन चुका है। विश्वविद्यालयों में नए भवन और प्रशासनिक खंड तो खड़े हो जाते हैं, किंतु उनके भीतर ज्ञान का संचार करने वाले नियमित प्राध्यापकों के पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं।

दशकों से संविदा, एड-हॉक और अतिथि प्रवक्ताओं के सहारे कक्षाएं चलाई जा रही हैं। जिन शिक्षकों को स्वयं अपने कल के रोजगार की सुरक्षा नहीं है, वे विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण पूरी तन्मयता से कैसे कर पाएंगे? पुस्तकालयों में पुरानी पड़ चुकी किताबों के ढेर हैं, नवीनतम शोध पत्रिकाओं के सब्सक्रिप्शन के लिए बजट नहीं है, और विज्ञान संकायों की प्रयोगशालाओं में आधुनिक उपकरणों का नितांत अभाव है। परिणाम यह है कि हमारे उच्च शिक्षण संस्थान मौलिक शोध, आलोचनात्मक चिंतन और बौद्धिक विमर्श के केंद्र बनने के बजाय केवल कागज़ी डिग्रियां बांटने वाले कारखाने बनकर रह गए हैं।

शीर्ष चिकित्सा संस्थान भी अछूते नहीं: जब डॉक्टर बनाने वाली संस्थाएं ही अस्वस्थ हों -इस व्यवस्थागत रोग का सबसे चिंताजनक और चौंकाने वाला लक्षण हमारे शीर्ष मेडिकल संस्थानों में दिखाई दे रहा है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसी संस्थाएं, जिन्हें देश में उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा और शोध का उच्चतम मानदंड माना जाता है, वे भी आज संकाय (फैकल्टी) और आधुनिक उपकरणों की गंभीर कमी से जूझ रही हैं।

विभिन्न राज्यों में नए एम्स और सरकारी मेडिकल कॉलेजों की घोषणाएं तो राजनीतिक वाहवाही के लिए तेज़ी से कर दी गईं, किंतु उनके संचालन के लिए आवश्यक सुपर-स्पेशलिस्ट फैकल्टी, आधुनिक डायग्नोस्टिक मशीनें और उन्नत प्रयोगशालाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकीं। कई मेडिकल कॉलेजों में बुनियादी एनाटॉमी, पैथोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री लैब्स आज भी आधुनिक मानकों से कोसों दूर हैं। जब भावी चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने वाले संस्थानों में ही योग्य प्राध्यापक और अत्याधुनिक तकनीक नहीं होगी, तो कल के डॉक्टर किस प्रकार के नैदानिक कौशल के साथ समाज की सेवा करेंगे? यह स्थिति सीधे तौर पर देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने जैसी है।

रोग के मुख्य लक्षण और कारण

शिक्षा व्यवस्था के इस अस्वस्थ होने के पीछे कुछ प्रमुख कारण स्पष्ट दृष्टिगोचर होते हैं:-भवन-केंद्रित विकास बनाम शिक्षक-केंद्रित दृष्टि: नीति-निर्माताओं का ध्यान अक्सर कंक्रीट के ढांचे खड़े करने, टेंडर जारी करने और फीते काटने पर अधिक रहता है, जबकि शिक्षा की वास्तविक आत्मा-योग्य शिक्षक, पुस्तकालय और शोध सुविधाएं-उपेक्षा का शिकार रह जाती हैं।

बजटीय आवंटन का असंतुलन: सकल घरेलू उत्पाद का जितना हिस्सा शिक्षा और शोध पर खर्च होना चाहिए, वह आज भी वैश्विक मानकों से काफी पीछे है। जो बजट मिलता भी है, उसका बड़ा हिस्सा प्रशासनिक खर्चों में खप जाता है।

अस्थायीकरण की प्रवृत्ति: नियमित भर्ती प्रक्रियाओं में वर्षों की देरी, लालफीताशाही और न्यायालयी विवादों के चलते पूरे तंत्र को अस्थायी और कम मानदेय वाले शिक्षकों के भरोसे छोड़ दिया गया है।

शिक्षा का स्वास्थ्य कैसे सुधरे: आवश्यक उपचार-यदि हमें शिक्षा के स्वास्थ्य को पुनः सुदृढ़ और प्राणवान बनाना है, तो सतही लीपापोती के बजाय बुनियादी सर्जरी की आवश्यकता है:

शिक्षक भर्ती को युद्धस्तर पर प्राथमिकता : प्राथमिक शालाओं से लेकर विश्वविद्यालयों और मेडिकल कॉलेजों तक सभी रिक्त पदों पर पारदर्शी, योग्यता-आधारित और समयबद्ध नियमित भर्तियां की जाएं। शिक्षक विहीन कक्षाएं शिक्षा के शरीर में ऑक्सीजन की कमी जैसी हैं।

प्रयोगशालाओं और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का उन्नयन:केवल चारदीवारी खड़ी करना पर्याप्त नहीं है। प्राथमिक स्तर पर विज्ञान किट और कंप्यूटर से लेकर उच्च शिक्षा व मेडिकल कॉलेजों में नवीनतम पेटेंट, उपकरण और आधुनिक डिजिटल टूल्स अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

बुनियादी नागरिक सुविधाएं: प्रत्येक स्कूल और कॉलेज में सुरक्षित पक्की इमारत, छात्र-छात्राओं के लिए अलग एवं स्वच्छ शौचालय, पीने का शुद्ध पानी और पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

सख्त जवाबदेही और ऑडिट: बुनियादी ढांचे और उपकरणों के नाम पर जारी होने वाले सरकारी फंड का स्वतंत्र सामाजिक और शैक्षिणक ऑडिट होना चाहिए, ताकि कागजों पर चलने वाली प्रयोगशालाएं वास्तव में विद्यार्थियों के काम आ सकें।

जब शिक्षा स्वस्थ होगी, तभी जीवन का वास्तविक धन मिलेगा

कहा जाता है कि विद्या धनं सर्वधनं प्रधानम्-अर्थात सभी धनों में विद्या रूपी धन ही सर्वश्रेष्ठ है। किंतु यह धन समाज को तभी समृद्ध कर सकता है जब विद्या प्रदान करने वाली व्यवस्था स्वयं स्वस्थ, सक्षम और स्वायत्त हो। जर्जर दीवारों, खाली कुर्सियों, शिक्षक विहीन कक्षाओं और उपकरण विहीन प्रयोगशालाओं के सहारे हम इक्कीसवीं सदी की ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में विश्वगुरु बनने का सपना नहीं देख सकते। शिक्षा का स्वास्थ्य ठीक करना अब कोई नीतिगत विकल्प नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्तित्व और स्वाभिमान का अनिवार्य तकाजा है। जिस दिन हमारी पाठशालाएं स्वच्छ, सुसज्जित और समर्पित शिक्षकों से परिपूर्ण होंगी, और हमारे विश्वविद्यालय व मेडिकल कॉलेज विश्वस्तरीय शोध व उपकरणों से लैस होंगे, उसी दिन देश के वास्तविक जीवन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

-प्रोफेसर अशोक कुमार,
पूर्व कुलपति, कानपुर एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय

बुजुर्गों की बातें : परंपराओं में छिपी अनुभव की लंबी सोच



डॉ. अर्चना गोदारा

परंपराएं केवल निभाने के लिए नहीं, समझने के लिए भी होती हैं। बुजुर्गों ने जीवन के अनुभवों को नियमों में ढाला था, लेकिन हमने उन नियमों को तो याद रखा, उनके पीछे छिपे कारणों को भुला दिया।

हमारे घरों में कुछ बातें ऐसी हैं, जिन्हें हम बचपन से सुनते आए हैं। सावन में सांप को मत मारना, श्राद्ध पक्ष में कौए को भोजन देना, रात में झाड़ू नहीं लगाना, कुछ विशेष दिनों में सिर नहीं धोना और दिवाली से पहले पूरे घर की सफाई करना। समय के साथ इनमें से कई बातें लोगों के लिए केवल रीति-रिवाज बनकर रह गई हैं। नई पीढ़ी इन्हें पुरानी सोच कहकर खारिज कर देती है, जबकि पुरानी पीढ़ी भी कई बार इनके पीछे का कारण बताए बिना इनके पालन पर जोर देती है।

सवाल यह नहीं है कि परंपरा सही है या आधुनिकता, सवाल यह है कि आखिर ये बातें हमारे जीवन का हिस्सा कैसे बनीं? क्या इनके पीछे कोई व्यावहारिक अनुभव, प्रकृति का अवलोकन या सामाजिक जरूरत रही होगी? हमारे बुजुर्गों के पास आज जैसी वैज्ञानिक शब्दावली और तकनीकी सुविधाएं भले नहीं थीं, लेकिन उनके पास प्रकृति और जीवन को करीब से देखने का अनुभव था। वे मौसम, खेती, पशु-पक्षियों और घरेलू परिस्थितियों को समझते थे। उन्होंने अपने अनुभवों से जो सीखा, उसे ऐसी मान्यताओं और नियमों का रूप दिया, जिन्हें अगली पीढ़ी आसानी से याद रख सके।

सावन में सांप को न मारने की परंपरा को ही लें। बरसात में जमीन के भीतर पानी भरने से सांप अपने बिलों से बाहर निकलते हैं और सुरक्षित जगह की तलाश में खेतों तथा घरों के आसपास पहुंच जाते हैं। ऐसे में भयभीत होकर उन्हें मार देना स्वाभाविक प्रतिक्रिया हो सकती है, लेकिन प्रकृति में उनकी भूमिका को समझना भी जरूरी है।

सांप चूहों की संख्या नियंत्रित करने में मदद करते हैं। चूहे खेतों की खड़ी फसल, घरों में रखे अनाज और अन्य खाद्य सामग्री को नुकसान पहुंचाते हैं। यानी जिस जीव को देखकर हम डरते हैं, वही खेती और खाद्य सुरक्षा के प्राकृतिक संतुलन में अपनी भूमिका निभाता है। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं कि जहरीले सांपों के मामले में सावधानी न बरती जाए, बल्कि यह समझना है कि हर जीव को बिना कारण मार देना उचित नहीं। इसी तरह श्राद्ध पक्ष में कौओं को भोजन कराने की परंपरा को भी एक व्यापक दृष्टि से देखा जा सकता है।

कौए बचे हुए जैविक पदार्थों और भोजन को खाकर प्राकृतिक सफाई में योगदान देते हैं। पुराने समय में कचरा प्रबंधन की आधुनिक व्यवस्था नहीं थी। घरों और बस्तियों के आसपास पक्षियों की यह भूमिका उपयोगी थी। कौए को भोजन देने की परंपरा मनुष्य को दूसरे जीवों के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास भी कराती थी। आज हम जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण की बात करते हैं, जबकि हमारे सामाजिक व्यवहार में प्रकृति के साथ साझा जीवन की यह भावना पहले से मौजूद रही है।

रात में झाड़ू न लगाने की बात भी केवल धार्मिक मान्यता के रूप में नहीं देखी जानी चाहिए। बिजली और पर्याप्त रोशनी के अभाव में पुराने घरों में रात के समय सफाई करना आसान नहीं था। मिट्टी के दीपक या लालटेन की सीमित रोशनी में झाड़ू लगाते हुए अनाज के दाने, सिक्के, छोटी कीमती वस्तुएं या सोना के बने छोटे गहने कूड़े के साथ बाहर जाने की आशंका रहती थी। ऐसे में परिवार के बड़े लोगों ने रात में झाड़ू लगाने से मना किया होगा। बाद में इस सावधानी को लक्ष्मी के घर से चले जाने जैसी मान्यता से जोड़ दिया गया, जिससे बात लंबे समय तक लोगों की स्मृति में बनी रही।

इसी संदर्भ में दिवाली की सफाई को समझना भी दिलचस्प है। बरसात के बाद घरों में सीलन, धूल, जाले और कीड़े-मकौड़े बढ़ जाते थे। अनाज रखने के स्थान, रसोई, भंडार और घर के बंद कोनों की सफाई जरूरी हो जाती थी। दिवाली से पहले पूरे घर की सफाई का अवसर इस आवश्यकता को एक सामूहिक गतिविधि में बदल देता था।

घर का अनुपयोगी सामान हटाया जाता, दीवारों और कोनों की सफाई होती तथा खिड़की-दरवाजे खोलकर धूप और हवा को भीतर आने दिया जाता। आज इसे हम घर की वार्षिक गहरी सफाई कह सकते हैं। उस समय त्योहार के साथ इसे जोड़ने का एक व्यावहारिक लाभ यह भी था कि परिवार के सभी सदस्य मिलकर इस काम में भाग लेते थे। इस तरह एक सांस्कृतिक आयोजन घर की स्वच्छता और स्वास्थ्य से भी जुड़ जाता था।

कुछ विशेष दिनों में सिर न धोने की परंपरा भी अलग-अलग क्षेत्रों और परिवारों में देखने को मिलती है। इसका कोई एक निश्चित वैज्ञानिक कारण बताना उचित नहीं होगा, लेकिन पुराने समय की घरेलू परिस्थितियों पर नजर डालें तो कई व्यावहारिक पहलू सामने आते हैं। पानी दूर से भरकर लाना, उसे गर्म करना और लंबे बालों को धोकर सुखाना समय और श्रम का काम था। सर्दी और बरसात में गीले बालों के साथ घरेलू काम करना असुविधाजनक भी हो सकता था।

संभव है कि कुछ परिवारों में निश्चित दिनों को इस काम से विश्राम देने की परंपरा विकसित हुई हो। इसी तरह मौसम के अनुसार खान-पान बदलने की पुरानी आदतों में भी अनुभव की भूमिका दिखाई देती है। गर्मियों में हल्का भोजन, पानी और तरल पदार्थों पर ध्यान, सर्दियों में ऊर्जा देने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन और बरसात में भोजन तथा पानी की स्वच्छता को लेकर सावधानी, ये सभी बातें जीवन की परिस्थितियों से जुड़ी थीं। भोजन से पहले हाथ धोना भी ऐसी ही आदत है, जिसे आज स्वास्थ्य विज्ञान स्वच्छता के महत्वपूर्ण नियम के रूप में स्वीकार करता है। पुराने समय में इसे घर के संस्कार और अनुशासन का हिस्सा बनाया गया था। इससे स्पष्ट होता है कि हर व्यवहार के पीछे कोई बड़ा सिद्धांत ही हो, यह जरूरी नहीं; कई बार छोटी-छोटी सावधानियां ही स्वस्थ जीवन का आधार बनती हैं।


हालांकि हर पुरानी परंपरा को वैज्ञानिक साबित करने की कोशिश करना भी उचित नहीं है। कुछ मान्यताएं सामाजिक परिस्थितियों से बनीं, कुछ धार्मिक विश्वासों से जुड़ीं और कुछ समय के साथ अपना मूल अर्थ खो बैठीं। कई परंपराओं में ऐसे पक्ष भी हैं, जिन्हें आज बदलने की जरूरत है। इसलिए किसी बात को केवल इसलिए सही नहीं माना जा सकता कि वह पीढ़ियों से चली आ रही है। उसी तरह केवल पुरानी होने के कारण उसे अंधविश्वास घोषित कर देना भी समझदारी नहीं है। विज्ञान का वास्तविक स्वभाव प्रश्न करना, कारण तलाशना और प्रमाण के आधार पर निष्कर्ष निकालना है। यदि किसी परंपरा के पीछे उपयोगी तर्क है, तो उसे समझकर आज के संदर्भ में अपनाया जा सकता है। यदि उसका आधार केवल भय या भ्रम है, तो उस पर पुनर्विचार करना चाहिए। परंपराओं को समझने का यही संतुलित तरीका है।

आज की विडंबना यह है कि हम कई बार परंपराओं का पालन तो करते हैं, लेकिन उनका अर्थ नहीं जानते। दूसरी ओर, आधुनिकता के नाम पर कुछ लोग हर पुरानी बात को बिना समझे अस्वीकार कर देते हैं। दोनों ही स्थितियों में विचार करने की प्रक्रिया पीछे छूट जाती है। हमारे बुजुर्गों ने अपने आसपास की दुनिया को देखकर, गलतियों से सीखकर और जीवन की जरूरतों को समझकर अनेक व्यवहार विकसित किए थे। उनके पास हर बात का लिखित प्रमाण नहीं था, लेकिन अनुभव की एक लंबी विरासत जरूर थी।

जरूरत उस विरासत को आंख बंद करके अपनाने की नहीं, बल्कि उसकी परतों को खोलकर समझने की है। किसी परंपरा का महत्व केवल उसके पुराने होने में नहीं, बल्कि उस उपयोगिता और विचार में है जो उसे जन्म देने के पीछे रहा होगा। हमें लकीर पीटने वाली पीढ़ी नहीं, बल्कि लकीर के पीछे का कारण समझने वाली पीढ़ी बनना होगा। क्योंकि कई बार बुजुर्गों की एक साधारण-सी बात में जीवन, प्रकृति और समाज को समझने की ऐसी गहरी दृष्टि छिपी होती है, जिसे पहचानने में हम आज भी पीछे हैं।

-डॉ. अर्चना गोदारा,
सहायक आचार्य, लेखक, समाजशास्त्री

राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

गुरूवार 5 नवम्बर, 2026


कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत-2083, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 3:56 तक, वैधृति योग शुक्रवार प्रात: 5:10 तक, बालव करण दिन 10:36 तक, चन्द्रमा आज 9:35 से कन्या राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति- सूर्य-तुला, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कर्क, बुध-तुला, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज रमा एकादशी व्रत, गोवत्स द्वादशी व्रत और पूजा, वैधृति पुण्यं है। आज शुक्र वक्री कन्या में रात्रि 1:16 से प्रवेश करेगा।


श्रेष्ठ चौघड़िया- शुभ सूर्योदय से 8:05 तक, चर 10:48 से 12:10 तक, लाभ-अमृत 12:10 से 2:54 तक, शुभ 4:13 से सूर्यास्त तक।

राहुकाल- 1:30 से 3:00 तक, सूर्योदय 6:43, सूर्यास्त 5:38




मेष

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




वृष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आज अटका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।



मिथुन

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




कर्क

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर-परिवार में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

सिंह

आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




कन्या

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा, महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

तुला

व्यावसायिक एवं घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।



वृश्चिक

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

धनु

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




मकर

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

कुंभ

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



मीन

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा, धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया दीपावली रोशनी का शुभारंभ

उन्होंने आमजन का अभिवादन स्वीकार कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं



जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर के एम.आई. रोड पहुंचकर दीपावली रोशनी का शुभारंभ किया। उन्होंने जैसे ही बटन दबाया, पूरा एम.आई. रोड बाजार जगमगा उठा।

इस अवसर पर आमजन में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने भी आमजन का अभिवादन स्वीकार कर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जनप्रतिनिधि, एम.आई रोड व्यापार मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

सब्सिडी वाली खाद की कालाबाजारी करने वालों को 7 साल तक की सजा होगी

जयपुर। किसानों को रियायती दरों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान सरकार ने अनुदानित यूरिया और डीएपी की कालाबाजारी, जमाखोरी, अवैध भंडारण और औद्योगिक उपयोग पर सख्ती शुरू कर दी है। कृषि आयुक्तालय ने प्रदेशभर के अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि किसानों के लिए मिलने वाली सब्सिडी वाली खाद का गैर-कृषि कार्यों में उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनियमितताओं में शामिल लोगों के साथ कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की भी व्यक्तिगत जवाबदेही तय होगी।

कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि केंद्र सरकार यूरिया के प्रति बैग पर करीब 2700 रुपए और डीएपी पर करीब 3500 रुपए तक सब्सिडी देती है। इसका उद्देश्य किसानों की खेती की लागत कम करना है। ऐसे में अनुदानित खाद का औद्योगिक उपयोग सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग और किसानों के हितों के साथ धोखा है।

- **कृषि विभाग ने यूरिया-डीएपी के अवैध भंडारण, औद्योगिक उपयोग और महंगे दाम पर बिक्री पर कार्रवाई के निर्देश दिए**

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 7 के तहत अनियमितताओं पर तीन माह से सात वर्ष तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। धारा 10 के तहत दोषी कंपनियों के साथ जिम्मेदार व्यक्तियों पर भी कार्रवाई होगी। अवैध परिवहन में इस्तेमाल वाहनों को भी जब्त किया जा सकेगा। निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर खाद बेचने, अवैध भंडारण और सब्सिडी वाली खाद का डायवर्जन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्लाईवुड, रेजिन, पशु आहार सहित यूरिया का उपयोग करने वाली औद्योगिक इकाइयों को हर महीने गैर-अनुदानित यूरिया की खरीद और उससे हुए उत्पादन का विवरण विभाग को देना होगा। वहीं, कालाबाजारी या अवैध भंडारण की जानकारी मिलने पर कृषि अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करनी होगी। लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का प्रवर्तन अधिकारी एक लाख रु. रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर नगर चतुर्थ टीम ने बुधवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) जयपुर के प्रवर्तन अधिकारी सोनू मौर्य को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपी पर परिवादी की फर्म में कार्यरत कर्मचारियों का पीएफ जमा नहीं कराने के मामले में एफआईआर दर्ज नहीं करने और बैंक खाते फ्रीज नहीं करने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है।एसीबी के पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी जयपुर नगर चतुर्थ को परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी फर्म में कार्यरत कर्मचारियों का पीएफ जमा नहीं करवाने के संबंध में उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं करने और बैंक खाते फ्रीज नहीं करने की एवज में प्रवर्तन अधिकारी सोनू मौर्य दो लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा है।

पांच साल में दुनिया में पहचान बनाएगा हिमालय का धन्वंतरि धाम : आचार्य बालकृष्ण

पौड़ी गढ़वाल /हरिद्वार। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित मालाग्राम में बुधवार को तीन दिवसीय हर्बल कुंभ, जड़ी-बूटी कृषि मेला एवं धन्वंतरि महोत्सव-2026 का शुभारंभ हुआ। पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि अगले पांच वर्षों में धन्वंतरि धाम वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद, औषधीय वनस्पतियों और अनुसंधान के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान बनाएगा।



मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि यह परिसर दुनिया के लिए अध्ययन और प्रेरणा का केंद्र बनेगा। यहां लगाए गए 50 हजार पौधों में करीब 90 प्रतिशत सुरक्षित हैं। उन्होंने उत्तराखंड के किसानों को चार-पांच दिन का प्रशिक्षण देने और विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों को अध्ययन के लिए भेजने की बात कही।

आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि करीब 200 एकड़ में विकसित हो रहे धन्वंतरि धाम में 29 देशों की जड़ी-बूटियों से जुड़ी ज्ञान परंपराओं पर काम किया जा रहा है। 109 खंडों में 50 हजार से अधिक वनस्पतियों का औषधीय संकलन किया गया है। यहां औषधीय खेती और कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देकर पहाड़ों से पलायन रोकने का प्रयास होगा। महोत्सव में 60 से 70 प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए हैं।

प्राकृतिक खेती, औषधीय पौधों, डिजिटल कृषि, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन और ग्रामीण उद्यमिता की जानकारी दी जा रही है। उद्घाटन पर चार पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। अगला हर्बल कुंभ 25 से 27 अक्टूबर 2027 तक आयोजित होगा। आचार्य बालकृष्ण ने घोषणा की कि अब यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाएगा।





छबड़ा में कबाड़ गोदाम में भीषण आग लगने से बीस लाख रुपये का नुकसान

तीन दमकलों ने साढ़े पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

छबड़ा, (निसं)। शहर के ईदगाह चौराहे के पास स्थित कबाड़ गोदाम में मंगलवार देर रात लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचा दी। रात करीब 2:30 बजे लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची लपटें इतनी भयावह थीं कि दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं। रातभर गोदाम से आग की लपटें और धुएं का गुबार उठता रहा। घटना से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह तक चले अग्निकांड में गोदाम में रखा करीब 80 प्रतिशत कबाड़ जलकर राख हो गया।

कबाड़ व्यापारी सईद खान ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब 2:45 बजे गोदाम के चौकीदार ने फोन कर आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वे तत्काल मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को जानकारी दी। इसके बाद नगर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए मोतीपुरा थर्मल और पछाड़ प्लांट की दमकलों को भी बुलाया गया। गोदाम में बड़ी मात्रा में कबाड़ और अन्य सामग्री रखी होने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई।



अग्निकांड में गोदाम में रखा करीब 80 प्रतिशत कबाड़ जलकर राख हो गया।

आग इतनी भीषण थी कि दमकलकर्मियों को उस पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। तीन दमकलों ने लगातार पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। करीब साढ़े पांच घंटे तक चले अभियान के बाद बुधवार सुबह आठ बजे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इसके बावजूद गोदाम में रखा करीब 80 प्रतिशत कबाड़ जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया।

इस भीषण आगजनी में कबाड़ व्यापारी सईद खान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। व्यापारी के अनुसार गोदाम में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने नुकसान का अनुमान करीब 20 से 25 लाख रुपये लगाया है। आग बुझने के बाद गोदाम में जला हुआ कबाड़ और मलबा ही नजर आ रहा था।

- **व्यापारी सईद खान ने आग लगने की घटना के पीछे अज्ञात लोगों की साजिश और आपसी रंजिश होने की आशंका जताई**

व्यापारी सईद खान ने आग लगने की घटना के पीछे अज्ञात लोगों की साजिश और आपसी रंजिश होने की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि गोदाम में आग सामान्य हादसा नहीं, बल्कि जानबूझकर लगाई गई हो सकती है। इस संबंध में उन्होंने छबड़ा पुलिस थाने में परिवाद पेश कर मामले की जांच करवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

जयपुर-असरवा एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप मचा

अजमेर में एक घंटे तक एटीएस और डॉग स्क्वायड ने की जांच, बम की सूचना झूठी निकली

अजमेर, (निसं)। जयपुर-असरवा एक्सप्रेस में मंगलवार देर रात बम होने की सूचना मिलने से अजमेर रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के जनरल कोच में बम रखे होने की सूचना मिलते ही रेलवे और पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। एहतियात के तौर पर स्टेशन के प्लेटफॉर्म खाली करवाए गए और ट्रेन को अजमेर पहुंचते ही रोककर यात्रियों को नीचे उतार दिया गया। जीआरपी, आरपीएफ, क्लॉक टावर थाना पुलिस, एटीएस, सीआईडी और बम निरोधक दस्ते ने डॉग स्क्वायड की मदद से करीब एक घंटे तक ट्रेन के प्रत्येक कोच की गहन तलाशी ली। जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और बम की सूचना झूठी निकली। पुलिस ने सूचना देने वाले नाथद्वारा निवासी यात्री नंदलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

- **जनरल कोच में बम होने की सूचना पर स्टेशन खाली कराया, सूचना देने वाला नाथद्वारा निवासी यात्री हिरासत में**

जीआरपी थाना प्रभारी इंदुबाला शर्मा के अनुसार मंगलवार रात करीब 10:15 बजे सूचना मिली कि जयपुर-असरवा एक्सप्रेस (12981) के जनरल कोच में बम रखा हुआ है। ट्रेन के अजमेर पहुंचने का निर्धारित समय रात 10:45 बजे था। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया और जांच के लिए सभी संबंधित टीमों को सक्रिय कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देश पर सीओ नॉर्थ शिवम जोशी, सीओ साउथ मनीष बड़गुर्जर और क्लॉक टावर थाना प्रभारी भीखाराम काला पुलिस जाब्ते के साथ रेलवे स्टेशन पहुंचे। इसके अलावा एटीएस, सीआईडी जोन अजमेर, जीआरपी, आरपीएफ और डॉग स्क्वायड की टीमों को भी मौके पर बुलाया गया।

जयपुर-असरवा एक्सप्रेस रात 10:45 बजे अजमेर पहुंचती है और पांच मिनट के ठहराव के बाद रवाना होती है। हालांकि मंगलवार रात ट्रेन निर्धारित समय से चार मिनट पहले ही 10:41 बजे प्लेटफॉर्म नंबर दो पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल ट्रेन को अपने घेरे में ले लिया और सभी यात्रियों को नीचे उतारकर कोच खाली करवाए। इसके बाद बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड ने सघन तलाशी अभियान चलाया। करीब एक घंटे तक चली जांच में किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद यात्रियों को दोबारा ट्रेन में बैठाया गया और रात 11:40 बजे ट्रेन को रवाना किया गया।

पुलिस के अनुसार नाथद्वारा निवासी नंदलाल गांधीनगर स्टेशन से ट्रेन में सवार हुआ था। ट्रेन में बैठने के कुछ देर बाद ही उसने जीआरपी को सूचना दी कि जिस जनरल कोच में वह यात्रा कर रहा है, उसमें बम रखा हुआ है। सूचना के आधार पर जांच शुरू हुई तो पुलिस ने नंदलाल को भी संदेह के आधार पर पकड़ लिया। तलाशी में बम नहीं मिलने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि नंदलाल शराब के नशे में था। उसने पुलिस को बताया कि गांधीनगर स्टेशन पर ट्रेन में सवार होने के दौरान उसने कुछ लोगों को बम की बात करते हुए सुना था। इसी आधार पर उसने जीआरपी को सूचना दे दी। हालांकि पुलिस उसके इस बयान की सत्यता की जांच कर रही है। जीआरपी के अनुसार आरोपी पूर्व में जयपुर आयुक्तालय को भी बम से उड़ाने की धमकी दे चुका है। इस संबंध में उसके खिलाफ पहले भी मामला दर्ज है।

जोधपुर में तस्कर का 75 लाख कीमत का मकान फ्रीज

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने एक तस्कर की करीब 75 लाख रुपए मूल्य की अवैध संपत्ति को फ्रीज करवा दिया। यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत की गई।

- **यह कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत की गई**

रेंज आईजी सत्येंद्र सिंह के निर्देशन और एसपी पंकज यादव की मॉनिटरिंग में पुलिस ने बजरंग पुत्र बंशीलाल विश्नोई निवासी गिंगाला जोधपुर ग्रामीण के मकान को फ्रिज किया है। इसकी अनुमानित बाजार कीमत 75 लाख रुपए है। इसके लिए सक्षम प्राधिकारी और प्रशासक नई दिल्ली से अनुमोदन प्राप्त कर कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक पंकज यादव ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी समाज और युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए बड़ी समस्या बन चुकी है। उन्होंने तस्करों को चेतावनी दी कि पुलिस की कार्रवाई अब केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि तस्करी के जरिए खड़ी की गई अवैध संपत्तियों, निवेश और अन्य आर्थिक स्त्रोतों का पता लगाकर उन्हें नेस्तनाबूद किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी थानाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे तस्करों के वित्तीय नेटवर्क की गहराई से पड़ताल करें।

हाईकोर्ट प्रशासन ने बीस न्यायिक अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियां की

आदेश के तहत राजपाल सिंह को डूंगरगढ़ (बीकानेर) और बृजेश कुमार को रेंट अपीलीय ट्रिब्यूनल, जयपुर महानगर प्रथम में नियुक्त किया

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन ने दो अलग-अलग आदेश जारी कर 20 न्यायिक अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियां की हैं।

रजिस्ट्रार प्रशासन चंचल मिश्रा की ओर से जारी आदेश के तहत राजपाल सिंह को डूंगरगढ़ (बीकानेर) और बृजेश कुमार को रेंट अपीलीय ट्रिब्यूनल, जयपुर महानगर प्रथम में नियुक्त किया गया है। रविबाला सिंह को बीकानेर में एडीजे संख्या-4 और विवेक शर्मा को भरतपुर में महिला अत्याचार मामलों की अदालत में भेजा गया है। कृष्णकांत को सांगानेर में एडीजे संख्या-10 और गुंजन गोयल को जयपुर में नकली करेंसी मामलों की विशिष्ट अदालत की जिम्मेदारी दी गई है। अंजुम खान और चेतन कुमार गोयल को जयपुर में एडीजे संख्या-7 और 8 में नियुक्त किया गया है। अंकित दवे को धरियावद, सुनीता जिंदोलिया और प्रतिभा सिंह राठौर को जोधपुर महानगर में नई नियुक्ति मिली है। वंदना शर्मा को भवानीमंडी, पिंकी मीना और त्रिलोचना राठौर को जयपुर तथा अनीता रजवानिया को जोधपुर में एनआई एक्ट मामलों की अदालत में नियुक्त किया गया है।

उपेन्द्र शर्मा को बांसवाड़ा का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया है। दूसरे आदेश के तहत विरेन्द्र कुमार मीना को राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच में विशेष अधिकारी (ओएसडी) बनाया गया है। यशवंत भारद्वाज को सीकर में एडीजे संख्या-4, मनीष कुमार सिन्हा को वैर (भरतपुर) और योगेश कुमार को शेरगढ़ (जोधपुर जिला) में सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

साइबर ठग गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन साइबर वॉर अभियान के तहत नगरफोर्ट थाना पुलिस टीम ने सोशल मिडिया प्लेटफार्म पर रुपये निवेश कर और बदले में मोटी रकम प्राप्त करने का झांसा देकर साइबर ठगी करने वाले आरोपी दिलखुश पुत्र आत्माराम मीणा निवासी धारोला थाना नगरफोर्ट को भोजपुरा से गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध डी आईटी प्रकरण मे मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

नगरफोर्ट थानाधिकारी ने बताया कि टीम ने जब क्षेत्र के ककोड रोड, ग्राम भोजपुरा में आरोपी दिलखुश को डिटेन कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके कब्जे के अलग-अलग बैंकों के 18 चेक बुक्स, 25 बैंक पास बुक्स, 17 एटीएम कार्ड तथा 3 मोबाइल व जियो वाई-फाई फाईबर तथा अन्य सामान बरामद किया। मामले की जांच के दौरान एनसीआरपी पोर्टल पर आरोपी के विरुद्ध 2 शिकायते दर्ज होना पाई गई। इन शिकायतों में करीब 1 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी राशि दर्ज होना पाई गई।

मांडल थाने से 50 फीट दूर मंदिर में लाखों की चोरी

चोर ने वारदात को अंजाम देने के लिए मंदिर में भक्ति का ढोंग रचा

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में मांडल थाने से महज 50 फीट की दूरी पर स्थित मोहन कॉलोनी के सांवरिया सेठ मंदिर में दिनदहाड़े एक चोर ने धावा बोला और भगवान के करीब दो लाख रुपये के चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि चोर ने इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने के लिए मंदिर में भक्ति का ढोंग रचा।

मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे ने इस शातिर चोर की पूरी करतूत को बेनकाब कर दिया है। फुटेज के अनुसार दोपहर 3:02 बजे काली शर्ट पहने, सिर पर टोपी और पीठ पर बैग टांगे एक संदिग्ध युवक मंदिर के अंदर प्रवेश करता है। आरोपी ने किसी को शक न हो, इसके लिए भगवान के आगे माथा टेका, हाथ जोड़कर धोक लगाई और बकायदा मंदिर की परिक्रमा भी की। मौका मिलते ही उसने भगवान का चांदी का मुकुट, बांसुरी, हाथों के आठ कड़े और पैरों के दो कड़े शातिर तरीके से उतारे, बैग में ठूंसे और रफूचक्कर हो गया।

शाम करीब पांच बजे जब मंदिर के पुजारी पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, तो भगवान के विग्रह पर आभूषण नदारद देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।

उन्होंने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय निवासियों और पुलिस को दी। थाने से चंद कदमों की दूरी पर हुई इस बड़ी चोरी ने मांडल पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। घटना के बाद से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त है। सूचना मिलने पर मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

जोधपुर में अलग-अलग हादसों में चार जनों की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के अंदरूनी क्षेत्र ब्राह्मणों की गली, उम्मेद चौक में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। वह अपनी पत्नी से अलग रह रहा था। बताया गया कि इससे वह अवसाद में आ गया था। मृतक की बहन की तरफ से सदर कोतवाली थाने में मर्ग की रिपोर्ट दी गई।

सदर कोतवाली पुलिस ने बताया कि कुड़ी भगतासनी, हाउसिंग बोर्ड में रहने वाली चंचल शर्मा पत्नी अजय शर्मा की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका भाई 38 वर्षीय प्रवीण शर्मा यहां उम्मेद चौक में ब्राह्मणों की गली में पत्नी से अलग रह रहा था। वह अवसाद में था। इसके चलते उसने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

वहीं जोधपुर शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित गुजरावास गांव में लिव इन में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पति ने बीमारी से मौत की रिपोर्ट पुलिस में दी है। फिलहाल मामले में अनुसंधान जारी है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि मिण्डोली भोपालगढ़ हाल रूद्राक्ष नगर, गुजरावास निवासी रामकिशोर प्रजापत ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 30 साल की सुशीला उसके साथ में लिव इन में काफी समय से रह रही थी। वह बीमार रहती थी। 2 नवंबर को उसकी अचानक से तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई।

मानसिक विमंदित गृह में महिला की मौत :- शहर के मंडोर पुलिस थाना क्षेत्र में आंगणवा स्थित गुरूकृपा मानसिक विमंदित गृह में रहने वाली महिला की बीमारी के चलते मौत हो गई। 2 नवंबर को उसकी तबियत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। विमंदित गृह के सुपरवाइजर की तरफ से मर्ग की रिपोर्ट दी गई है। मंडोर पुलिस ने बताया कि गुरूकृपा मानसिक विमंदित गृह के महेंद्र जाट ने मर्ग में रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि लक्ष्मी नाम की अज्ञात महिला यहां दाखिल थी। 2 नवंबर को उसकी तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार शहर के डीपीएस सर्किल के पास में सोमवार की देर रात एक बाइक सवार रविंद्र सिंह पुत्र भोलासिंह आवारा पशु से टकरा गया। गाड़ी अनियंत्रित हो गई। बुरी तरह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि नया गांव भरलों की नाडी, मसूदा ब्यावर हाल नयापुरा, चौखा निवासी सुरेश सिंह ने रिपोर्ट दी।

मिल्क केक बनाने के गोदाम पर छापा, कलाकंद में मरी हुई मक्खियां व फफूंद मिली

गोदाम में मिले 425 किलो दूषित कलाकंद, 150 किलो मिश्रित दूध तथा 50 किलो फफूंद लगी क्रीम मौके पर ही नष्ट कराई

किशनगढ़ बास, (निसं)। खैरथल-तिजारा जिले के कोटकासिम उपखंड के गांव बूढ़ी बावल में जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावट पर बड़ी कार्रवाई की। टीम ने मावा कलाकंद बनाने वाले कारखाने में मिले 425 किलो दूषित कलाकंद, 150 किलो मिश्रित दूध तथा करीब 50 किलो फफूंद लगी क्रीम मौके पर ही नष्ट कराकर सैंपल जांच के प्रयोगशाला में भिजवाए हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत यादव ने बताया है कि यह कारवाई जिला कलैक्टर अतुल प्रकाश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट के निर्देशानुसार की गई है। अधिकारी ने बताया मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर टीम ने बूढ़ी बावल मुख्य बाजार स्थित मैसर्स लीलाराम एवं विकास के गोदाम का निरीक्षण किया। गोदाम के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की भारी कमी पाई गई और मौके पर तैयार किए जा रहे कलाकंद में मरी हुई मक्खियां एवं फफूंद मिली। इसके अलावा करीब 50 किलो क्रीम में फफूंद तथा लगभग 150 किलो दूध खट्टा एवं दूषित अवस्था में पाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके से सभी खाद्य पदार्थों के विधिक नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए। वहीं, जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए करीब 425 किलो कलाकंद, 150 किलो मिश्रित दूध एवं 50 किलो क्रीम को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। प्रयोगशाला से नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी बबीता, मनीष शर्मा एवं सुरेंद्र यादव मौजूद रहे।



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बूढ़ी बावल में दुषित मावा नष्ट कराया।

- **खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बूढ़ी बावल मुख्य बाजार स्थित मैसर्स लीलाराम एवं विकास के गोदाम का निरीक्षण किया और सैम्पल लिये**

साइबर ठगों ने खाते से राशि निकाली

अजमेर, (निसं)। शहर में ऑनलाइन ठगी का एक और मामला सामने आया है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रहने वाले जसराज गुर्जर के बैंक खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने करीब एक लाख 95 हजार रुपए से अधिक की राशि निकाल ली। मोबाइल पर आए एक लिंक को खोलने के बाद उनके बैंक खाते से यह रकम कट गई। पीड़ित ने घटना के तुरंत बाद साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई। मामले में राजस्थान साइबर थाना से जीरो एफआईआर प्राप्त होने के बाद सिविल लाइंस थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, जसराज गुर्जर ने बताया कि 29 अक्टूबर को उनके मोबाइल पर एक लिंक आया था। उन्होंने अनजाने में उस लिंक को खोल लिया। इसके कुछ समय बाद ही उनके बैंक खाते से करीब एक लाख 95 हजार रुपए से अधिक की राशि निकल गई। खाते से रकम कटने का पता चलने पर उन्होंने शिकायत साइबर हेल्पलाइन पर दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर राजस्थान साइबर थाना की ओर से मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कर संबंधित थाने को भेजी गई। इसके बाद सिविल लाइंस थाना पुलिस ने जीरो एफआईआर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

RAJASTHAN STATE GANGANAGAR SUGAR MILLS LIMITED
(Centre of Excellence for Revenue Research & Analysis) तृतीय मंजिल, अटल भवन के पास, झालाना डूंगरी, जयपुर-302004
Tel: 0141-2740841, Fax: 0141-2740676, Email-ID : dgmpurchase.rsgsm@rajasthan.gov.in
NIB No. :- RSGSM/NGB/RC/2025-26/PUR/20 Dated :- 03/11/2026
SHORT NOTICE INVITING BID
Bids for new glass bottles are invited from interested bidders up to 6.00 p.m. of 19.11.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in)** of the state; **http://excise.rajasthan.gov.in/,** departmental website.
UBN : GSM2627GLRC00069
Raj.Samwad/C/26/12907 Dy. General Manager (Purchase)

कार्यालय नगरपालिका मण्डल टांटोटी, जिला-अजमेर (राज.)
क्रमांक/न.पा.टां./स्ट्रीट लाईट शाखा/2026-27/1255 दिनांक-30.10.2026
-: ई- निविदा सूचना 18/2026-27 :-
सूचित किया जाता है कि नगर पालिका टांटोटी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में निविदा आंमत्रित कि जाती है। निविदा फार्म वेबसाइट **www.sppp.raj.nic.in, https://eproc.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। उक्त वेबसाइट व पालिका कार्यालय से निविदा सम्बधित शर्ते व अन्य विवरण देखा व प्राप्त किया जा सकता है। निविदा **NIB CODE :- DLB2627A9470 UBN No. DLB2627GLOB23764** है।
राज.संवाद/सी/26/12939 अधिशाषी अधिकारी

Rajasthan Medical Services Corporation Ltd.
(A Govt. of Rajasthan Undertaking)
Gandhi Block, Swasthya Bhawan, Tilak Marg, Jaipur-302005, India
Phone No: 0141-2228066, 2228064 Website: www.rmsc.health.rajasthan.gov.in
CIN:U24232RJ2011SGC035067, E-mail: edprmsc@rajasthan.gov.in
Ref. No. :- F.02 (465)/RMSCL/PROCUREMENT/DRUG/NIB-27/2026-27/5382 Dated :- 02/11/2026
NOTICE INVITING E-Bids
e-Bids are invited by RMSCL, Jaipur from bonafide MANUFACTURERS / LOAN LICENSEE / IMPORTERS / CO- MARKETERS with sole marketing rights for imported proprietary items for rate contract cum supply and empanelment of bidders for Drugs & Medicines. The last date of submission of duly filled up form along with documents on e- proc i.e. **http://eproc.rajasthan.gov.in** and submission of fees is upto 06.00 PM of 16.11.2026 Details of NIB may be seen at the website of State Public Procurement Portal **https://sppp.rajasthan.gov.in/, http://eproc.rajasthan.gov.in., http://rmsc.health.rajasthan.gov.in** and may be downloaded from there.
Estimated Value (Rs.):- 2.72 Crore
UBN No. - MSC2627GLRC00072
Raj.Samwad/C/26/12913 Director (Proc.) RMSCL, Jaipur

OFFICE OF THE CHIEF MEDICAL AND HEALTH OFFICER, BARMER
No. 7005 Dated: 29/10/26
Notice Inviting "E" Bid
Bid forRate contract OF GENRIC DRUG MEDICINE are invited from interested bidders upto 12.11.26 12 PM. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal (http://eprocrajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and rajswasthya departmental website.
UBN: MHS2627GLRC04299
DIPR/C/18126/2026 CHIEF MEDICAL & HEALTH OFFICER, BARMER

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD ELECT DIV. BARAN
क्रमांक-854 दिनांक-28/10/2026
Notice Inviting Bid No 22/2026-27
(NIB: PWD2627A3384)
Bid for "01 No. of Lift work & 04 No Electrical work" NIT No. 22/2026-27 are invited from interested bidders up to 6.00 PM on 15.11.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in,http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs 22.54 Lac
UBN NO.- 1. PWD2627WSOB15175
2. PWD2627WSOB15176, 3. PWD2627WSOB15177
4. PWD2627WSOB15178, 5. PWD2627WSOB15179
DIPR/C/18180/2026 Executive Engineer PWD Elect Div Baran

राजस्थान सरकार
निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर
क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ERCC/RCC 12)/2026/ई-17384
ई-नीलामी विज्ञिप्त संख्या (ERCC/RCC 12)/2026
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञिप्त से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों / क्वारीं लाईसेंसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क /अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 25 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।
(महावीर प्रसाद मीणा) निदेशक
DIPR/C/18096/2026

ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में सट्टेबाजी के करोड़ों रु. के नेटवर्क का पर्दाफाश

7 आरोपी गिरफ्तार, 50 से अधिक बैंक खाते और 35 से ज्यादा यूपीआई आईडी ब्लॉक

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में सट्टेबाजी का संगठित नेटवर्क चलाकर करोड़ों रुपए का संदिग्ध लेनदेन करने वाले गिरोह का करणी विहार थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से चलाए जा रहे म्यूल हंटर अभियान के तहत जयपुर पश्चिम पुलिस की साइबर सेल और तकनीकी शाखा ने कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से जुड़े 50 से अधिक बैंक खाते और 35 से ज्यादा यूपीआई आईडी ब्लॉक करवाई गई हैं। इन खातों में करोड़ों रुपए का संदिग्ध लेनदेन सामने आया है।

डीसीपी पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में सट्टेबाजी और साइबर ठगी की रकम को ठिकाने लगाने वाले नेटवर्क का खुलासा किया गया है। प्रोबेशनर आईपीएस अदिति उपाध्याय के सुपरविजन में जयपुर पश्चिम की साइबर सेल और तकनीकी शाखा ने कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी

- **पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों में 5 लाख रु. फ्रीज कराए; क्रिप्टो वॉलेट के 3200 यूएसडीटी भी रोके**

ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी की वेबसाइटों के पैनल खरीदकर उनका संचालन कर रहे थे। उनके पास एक मास्टर आईडी भी मिली है, जिसके माध्यम से सट्टेबाजी का नेटवर्क चलाया जा रहा था। इन प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को ऑनलाइन सट्टा खिलाया जाता था, जिसमें अधिकांश लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था।

अजमेर और बालोतरा के आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मदनगंज-किशनगढ़, अजमेर निवासी वैकेंद्र यादव (31), बालोतरा निवासी मुकेश गुर्जर (27), पचपदरा, बालोतरा निवासी रमेश कुमार जाट (22), समदड़ी रोड, बालोतरा निवासी रमेश कुमार जाट (26), मदनगंज-किशनगढ़ निवासी शैलेन्द्र शर्मा (26) और रोहित मेघवाल (23) तथा बालोतरा निवासी लक्ष्मण कुमार (25) को गिरफ्तार किया है।

50 बैंक खाते और 35 यूपीआई आईडी ब्लॉक

जांच में आरोपियों से जुड़े 50 से अधिक बैंक खातों और 35 से ज्यादा यूपीआई आईडी का पता चला है। पुलिस ने इन्हें ब्लॉक करवाया है। बैंक खातों में उपलब्ध करीब पांच लाख रुपए की राशि भी फ्रीज करवाई गई है। इसके अलावा आरोपियों से जुड़े क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में मौजूद करीब 3200 यूएसडीटी ब्लॉक करवाए गए हैं। इनकी अनुमानित कीमत करीब 3.50 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी सट्टेबाजी से प्राप्त रकम के लेनदेन के लिए अलग-अलग बैंक खातों, यूपीआई आईडी और यूएसडीटी वॉलेट का इस्तेमाल कर रहे थे। जांच में क्रिप्टोकरेंसी से डिजिटल करेंसी में लेनदेन किए जाने की जानकारी भी सामने आई है।

19 मोबाइल, लैपटॉप और 20 सिम जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 19 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और 20 सिम कार्ड जब्त किए हैं। जब्त उपकरणों के साथ मास्टर आईडी, बैंक खातों, यूपीआई आईडी और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट का तकनीकी विश्लेषण किया जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से कई अन्य लोग भी जुड़े हो सकते हैं।

पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। साथ ही ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के पैनल उपलब्ध कराने वाले लोगों, नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों और वित्तीय लेनदेन में शामिल लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस का प्रयास है कि डिजिटल उपकरणों और वित्तीय रिकॉर्ड के तकनीकी विश्लेषण के जरिए पूरे नेटवर्क की कड़ियों का पता लगाया जाए और सट्टेबाजी से जुड़ी रकम के लेनदेन में शामिल अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके।

जयपुर में मिलावटी 2960 किलो सूजी-मैदा और बेसन सीज किया

खाद्य सुरक्षा टीमों ने 4 प्रतिष्ठानों पर छापे मारकर सैंपल लिए; 25 किलो खराब सामग्री नष्ट करवाई



खाद्य सुरक्षा टीम ने जयपुर के 4 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करके मिलावटी खाद्य पदार्थों को सीज किया।

जयपुर (कासं)। प्रदेश में चल रहे "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को जयपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार प्रतिष्ठानों की जांच की। इस दौरान करीब 2960 किलो सूजी, मैदा और बेसन सीज किए गए, जबकि 25 किलो खराब खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई। टीम ने खाद्य पदार्थों के 7 नमूने भी जांच के लिए लिए।

- **बिना जानकारी दिए दूसरी जगह कारोबार कर रही थी महेश्वरी फूड प्रोडक्ट्स**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह के मार्गदर्शन और संयुक्त आयुक्त वी.पी. शर्मा की निगरानी में केंद्रीय खाद्य सुरक्षा दल ने जांच अभियान चलाया। जांच में महेश्वरी फूड प्रोडक्ट्स का सरना डूंगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित लाइसेंस में दर्ज पता बंद मिला। पूछताछ में सामने आया कि फर्म ने करीब छह महीने पहले विभाग को सूचना दिए बिना वीकेआई में दूसरी जगह कारोबार शुरू कर दिया था। यह इकाई खाद्य लाइसेंस में भी दर्ज नहीं थी। यहां साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा संबंधी कमियां मिलने पर टीम ने 2960 किलो सूजी, मैदा और बेसन सीज कर तीन नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा दल ने लक्ष्मी बेकर्स की निर्माण इकाई से नानखताई बिस्किट और सुमन गोल्ड वनस्पति के दो नमूने लिए। गोपालपुरा स्थित रिद्धि सिद्धि स्वीट्स और सहकार मार्ग स्थित दूध मिष्ठान भंडार से मावा मिठाई के एक-एक नमूने लिए गए। रिद्धि सिद्धि स्वीट्स से 25 किलो अखाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई। विभाग के अनुसार चारों प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा संबंधी कमियां मिलने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 की धारा 32 के तहत सुधार नोटिस जारी किए जाएंगे। विभाग ने खाद्य कारोबारियों को निर्माण, भंडारण और बिक्री के दौरान स्वच्छता का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

एमजीडी गर्ल्स स्कूल में "मॉडल यूनाइटेड नेशंस" का आयोजन

देश के 11 प्रमुख स्कूलों के विद्यार्थी इस सम्मेलन में शामिल हुए



जयपुर। महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल में 2 से 4 नवंबर तक एमजीडी एमयूएन (मॉडल यूनाइटेड नेशंस) के 10वें संस्करण का शानदार आयोजन किया गया। "यतो धर्म: ततो जय:" के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के 11 प्रमुख स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन 2 नवंबर को स्कूल की डायरेक्टर अर्चना एस. मानकोटिया के करकमलों से हुआ।

सम्मेलन में पारंपरिक कमेटियों से अलग दो नई कमेटियाँ मुख्य आकर्षण रहीं। गोलमाल मंडपम कमेटी में प्रतिभागियों ने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में देशों के आंतरिक संकटों पर मंथन किया, वहीं सिटी पंचायत में विद्यार्थियों ने मेयर की भूमिका निभाते हुए शहर की सफाई व्यवस्था और नागरिक समस्याओं पर सार्थक विचार रखे। आयोजन में कुँवरानी अंबिका सिंह ने भी विशेष रूप से शिरकत कर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। बुधवार को आयोजित समापन समारोह में विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव उपेंद्र सिंह रावत मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डेली कॉलेज, इंदौर को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल (बेस्ट डेलीगेशन) घोषित किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रमेंद्र खंगारोत, प्रशासनिक अधिकारी कर्नल एस. एस. सांगवान और सभी कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे। राष्ट्रगान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्मेलन का सफल समापन हुआ।

अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने के लिए प्रशासनिक आश्वासन नहीं, ठोस सुधार हों : हाईकोर्ट

- **अदालत ने कहा कि मामले में राज्य सरकार की ओर से की जा रही कार्रवाई को देखते हुए जनहित याचिका को बंद किया जा रहा है, लेकिन इसमें शामिल मुद्दे के महत्व को देखते हुए राज्य सरकार से अपेक्षा की जाती है कि वह शेष कमियों को दूर करने के लिए निरंतर गंभीर व ठोस कोशिश करते रहेंगे।**

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि प्रदेश के अस्पतालों की बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने के लिए किए गए उपाय मात्र प्रशासनिक आश्वासनों तक सीमित ना रहे, बल्कि इसे ठोस और प्रभावी रूप से लागू किया जाए। सीजे संजय के. अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश असीम सिमलोट की ओर से दायर जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि मामले में राज्य सरकार की ओर से की जा रही कार्रवाई को देखते हुए अब इन जनहित याचिका को बंद किया जा रहा है, लेकिन इसमें शामिल मुद्दे के महत्व को देखते हुए राज्य सरकार से अपेक्षा की जाती है कि वह शेष कमियों को दूर करने के लिए निरंतर गंभीर व ठोस कोशिश करते रहेंगे। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि अस्पतालों में बुनियादी सुविधा और मानकों की पालना नहीं की जा रही है। इसके तहत भारतीय स्वास्थ्य मानक बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स और फायर सुरक्षा मापदंड शामिल हैं। याचिका में कहा गया की सीएजी की साल 2024 की रिपोर्ट में भी इस संबंध में स्पष्ट कमियां बताई गई हैं, लेकिन फिर भी राज्य सरकार की ओर से मामले में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा। इसके चलते सरकारी दवाओं के सेवन से मौत और अस्पताल में आग लगने की घटनाएं हुई। इसके अलावा अस्पतालों में चिकित्सीय लापरवाही के पीडितों के लिए एक समान मुआवजा नीति नहीं होने से प्रभावितों के साथ असमान व्यवहार होता है। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता ने स्वयं एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर का दौरा किया था। जिसमें टूटी छत सहित अन्य मूलभूत कमियां मिली।

महापौर सुनील कोठारी से मिले भुवनेश्वर के 7 सदस्यीय प्रतिनिधि

जयपुर (कासं)। जयपुर नगर निगम के महापौर सुनील कोठारी से बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में भुवनेश्वर से आए सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में उपमहापौर मंजुलता सहित पार्षद शामिल रहे। महापौर ने सभी का स्वागत एवं सम्मान किया। प्रतिनिधिमंडल ने भुवनेश्वर नगर निगम की कार्यप्रणाली और वहां सामने आ रही चुनौतियों की जानकारी साझा की। वहीं, महापौर सुनील कोठारी ने जयपुर नगर निगम की ओर से प्लांट संचालन, कचरा पृथक्करण, सीवरेज, नगरीय विकास कर और स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपमहापौर सरोज कंवर, अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र बंसल, वित्तीय सलाहकार और उपायुक्त ओम थानवी मौजूद रहे। भुवनेश्वर के प्रतिनिधियों में उपमहापौर मंजुलता के साथ पार्षद रमाचंद्रा, अपारूपा, जशोधरा प्रधान, सुचित्रा पात्रा, लक्ष्मी प्रिया व गीतांजलि शामिल थीं।

सार-समाचार

ग्रामीण महिलाओं के हुनर और राजस्थानी जायकों के साथ राजीविका मेला संपन्न



जयपुर (कासं)। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) की ओर से इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान (आईजीपीआरएस) परिसर में आयोजित आठ दिवसीय राजीविका दिवाली मेला-2026 बुधवार को उत्साह और यादगार पलों के साथ संपन्न हुआ। मेले के अंतिम दिन भी खरीदारों और खानपान के शौकीनों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने जमकर खरीदारी की और राजस्थानी व्यंजनों का आनंद लिया। मेले में 100 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिला उद्यिमयों ने हस्तनिर्मित अचार-पापड़, पारंपरिक खाद्य सामग्री, चमड़े की जूतियां, सजावटी वस्तुएं और घरेलू उपयोग के उत्पाद प्रदर्शित किए। कोटा डोरिया की साड़ियां, मोडाल सिल्क, अजरख, बगरू प्रिंट और बंधेज के परिधानों की विशेष मांग रही। वहीं, टेराकोटा, मीनाकारी, कशीदाकारी, जयपुर की प्रसिद्ध ब्लू पॉटरी और सवाई माधोपुर की ब्लैक पॉटरी ने भी आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। फूड स्टॉल्स पर राजस्थानी थाली और पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। मेले में आयोजित पपेट शो ने बच्चों और बड़ों का मनोरंजन किया और खूब तालियां बटोरीं। रात में रोशनी से जगमगाता मेला परिसर भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। समापन अवसर पर राजीविका की परियोजना निदेशक (प्रशासन) प्रीति सिंह ने प्रतिभागी महिला उद्यिमयों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। उन्होंने बिक्री और प्रदर्शन के आधार पर उत्कृष्ट तीन महिला उद्यिमयों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। आठ दिवसीय मेले ने ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन, बिक्री और सीधे ग्राहकों से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। साथ ही राजस्थान की पारंपरिक कला, संस्कृति और हस्तशिल्प को व्यापक पहचान दिलाई।

राहुल गांधी नेता प्रोपेगेंडा बन गए हैं : राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मदन राठौड़ ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद से भागने वाला व्यक्ति बहस की चुनौती दे, यह अच्छा नहीं लगता। राहुल गांधी जब से नेता प्रतिपक्ष बने हैं, ऐसा लगता है कि वे नेता प्रतिपक्ष नहीं, बल्कि नेता प्रोपेगेंडा बन गए हैं। उनका मकसद झूठे आरोप लगाकर सुर्खियों में बने रहना है। राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी में हिम्मत है तो संसद में आकर बहस करें। भाजपा विशेष सत्र बुलाने के लिए तैयार है। ईवीएम, एसआईआर और घुसपैठियों सहित किसी भी मुद्दे पर सदन में चर्चा हो सकती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज उठाने का बेहतर मंच संसद है। सड़क पर फैसले लेने की बात लोकतंत्र नहीं, अराजकता की स्थिति पैदा करती है। राठौड़ ने आरोप लगाया कि आजादी के बाद पहले चुनाव में अबुल कलाम आजाद को जिताने और बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को हराने के लिए कांग्रेस ने हथकंडे अपनाए थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब को हराने के लिए वैध मतों को खारिज किया गया और अबुल कलाम के पक्ष में विपक्ष के वोट अपनी मतपेटियों में डलवाए गए। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो पार्टी खुद ऐसे हथकंडे अपना चुकी है, वह आज वोट चोरी की बात कर रही है।

डकैती-हत्या के आरोपियों को सजा

जयपुर। अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने डकैती के लिए चिकित्सक के घर में घुसकर उसकी हत्या करने वाली उसकी पुरानी नौकरानी नेपाल निवासी खिन्तु उर्फ अन्नु, सुरेश दीप शाही और पुष्पा शाह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं अदालत ने एक अन्य पदम बहादुर शाही को बरी कर दिया है। प्रकरण से जुड़े आरोपी कालू सिंह, दीपक ठाकुर और पीयूष वांछित है, जबकि आरोपी गोविंद बहादुर और धीरेन्द्र बहादुर जमानत लेने के बाद गायब हो गए। इस पर अदालत ने इन्हें फरार घोषित कर दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक एसएच खान ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर अर्शिया भारती ने 19 सितंबर, 2022 को वैशाली नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा कि आज वह अस्पताल में ड्यूटी पर थी। करीब डेढ बजे उनके घर की पुरानी बाई अन्नु अपने साथ तीन लडकों को लेकर आई थी। मरीज बनकर आए इन लोगों ने उनके पिता डॉ. इकबाल भारती से चाबियां मांगी। जब उन्हें चाबी नहीं दी तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और गंभीर रूप से घायल कर बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद वह अलमारी और बेडरूम से सोना और नकदी आदि लूटकर ले गए। वहीं बाद में इलाज के दौरान इकबाल भारती की मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया कि अभियुक्तों ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से प्लान बनाया। घटना के दिन पुरानी बाई के साथ कुछ आरोपी मरीज बनकर अंदर गए और दो आरोपियों ने बाहर से ध्यान रखा। वहीं विरोध करने पर डॉ. इकबाल की हत्या कर दी गई।

तालकटोरा में आठवीं की छात्रा का शव मिला

जयपुर। माणक चौक इलाके में बुधवार सुबह तालकटोरा में 14 वर्षीय किशोरी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम ने करीब 20 मिनट तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर शव बाहर निकाला। पुलिस ने शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

माणक चौक थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे स्थानीय लोगों ने तालकटोरा में शव दिखाई देने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी थी। इस पर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर शव बाहर निकाला। तालकटोरा की सीढ़ियों पर किशोरी की चप्पल और जैकेट भी मिली थी। पुलिस ने सामान के आधार पर परिजनों को मौके पर बुलाया, जहां उन्होंने शव की पहचान की। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि

- **कम अंक आने से परेशान थी किशोरी**
- **रात को मां से बात कर सोई थी, सुबह कमरे से मिली लापता**

किशोरी आठवीं कक्षा में पढ़ती थी और कक्षा परीक्षा में कम अंक आने के कारण पिछले कुछ दिनों से परेशान थी। मंगलवार रात उसने मां से बातचीत की और इसके बाद सोने चली गई थी। सुबह करीब चार बजे मां की नींद खुली तो किशोरी कमरे में नहीं मिली। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और पुलिस को उसके लापता होने की सूचना भी दी। इसी दौरान तालकटोरा में शव मिलने की जानकारी मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जानकारी में परीक्षा में कम अंक आने को लेकर उसकी परेशानी की बात सामने आई है। मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम और जांच के बाद ही हो सकेगी।

राजस्थान में किसान बेहाल, भ्रष्टाचार और अराजकता का माहौल : पवन खेड़ा

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए प्रदेश में भ्रष्टाचार, अराजकता और बदहाल व्यवस्थाओं का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जैसलमेर सहित प्रदेश के कई जिलों के दौरे में किसानों और पशुपालकों की परेशानियां सामने आई हैं। किसानों को नकली खाद-बीज मिल रहा है, पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही और पशुओं का चारा 1800 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा है। प्रदेश में कम बारिश के बावजूद सरकार ने अकाल प्रबंधन की कोई ठोस तैयारी नहीं की। अब तक न चारा डिपो खोले गए और न ही जिला व तहसील स्तर पर अकाल की रिपोर्ट तैयार करवाई गई।

खेड़ा ने आरोप लगाया कि, मुख्यमंत्री को किसानों, चिकित्सा और कानून व्यवस्था की चिंता नहीं है। कांग्रेस सरकार की चिकित्सा योजनाएं बंद करने से गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग परेशान हैं। गर्भवती महिलाओं की मौतों के बावजूद चिकित्सा व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा।



कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा बुधवार को मीडिया से रूबरू हुए।

पिछले तीन वर्षों में भाजपा सरकार ने कांग्रेस की अच्छी योजनाओं को बंद करने या उनके नाम बदलने का काम किया है। योजनाओं के नाम बदलने हैं तो बदल दें, लेकिन उन्हें बंद नहीं किया जाना चाहिए। पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में शिखर अग्रवाल की नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री से जवाब मांगा।

उन्होंने पूछा कि यह नियुक्ति भजनलाल शर्मा ने स्वयं की थी या दिल्ली से संदेश आने के बाद हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की नियुक्तियों

- **खेड़ा ने आईएएस शिखर अग्रवाल की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए**

के लिए दिल्ली से आदेश आने की चर्चा है, ऐसे में मुख्यमंत्री को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। खेड़ा ने दावा किया कि राजस्थान का भ्रष्टाचार दिल्ली में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

खेड़ा ने भाजपा की लोकतंत्र बचाओ रैली और पदयात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह देश के इतिहास में पहली बार हो रहा है कि सत्ता पक्ष के नेता ही लोकतंत्र बचाने के लिए रैली निकाल रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा नेता लोकतंत्र को खतरे में बता रहे हैं, जबकि केंद्र में सत्ता उन्हीं के हाथ में है।

उन्होंने कहा कि जब सरकार आपकी है और आप ही लोकतंत्र को खतरे में बता रहे हैं तो इसका सीधा मतलब है कि लोकतंत्र को खतरा आपकी ही सरकार से है।

एसआई भर्ती-2016: हाईकोर्ट के फैसले की पालना के लिए सरकार, डीजीपी और आरपीएससी को नोटिस

जयपुर। राजस्थान में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) और प्लाटून कमांडर भर्ती-2016 में अनारक्षित वर्ग के पदों की कटौती के मामले में हाईकोर्ट के फैसले की पालना के लिए याचिकाकर्ता आकाश भारद्वाज ने सरकार, पुलिस महानिदेशक और राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) को कानूनी नोटिस भेजा है। अधिवक्ता तनवीर अहमद की ओर से भेजे गए पत्र में 16 अक्टूबर 2026 के हाईकोर्ट के फैसले को समयबद्ध तरीके से लागू करने की मांग की गई है।

आकाश भारद्वाज ने वर्ष 2020 में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि भर्ती विज्ञापन और बाद के संशोधनों के बाद आरक्षण लागू करने से अनारक्षित वर्ग के पद कुल पदों के 50 प्रतिशत से कम हो गए, जो इंद्रा साहनी और आर.के. सभरवाल मामलों में निर्धारित कानून के विपरीत है।

न्यायमूर्ति अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने 16 अक्टूबर को संबंधित याचिकाओं पर साझा फैसला सुनाते हुए पदों का 50 प्रतिशत की सीमा और एससी-एसटी के रिक्त पदों को आगे ले जाने के नियमों के अनुसार पुनर्निर्धारण करने के निर्देश दिए थे। यह प्रक्रिया 90 दिन में पूरी कर कार्मिक विभाग और आरपीएससी की वेबसाइट पर परिणाम प्रकाशित करना होगा। पूरी प्रक्रिया 180 दिन में पूरी करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

हाईकोर्ट के फैसले के पैरा-7 की तालिका के अनुसार, 23 अगस्त 2019 के संशोधन के बाद एसआई (एपी) के 228 पदों में 179 आरक्षित होने से अनारक्षित वर्ग के हिस्से में 49 पद आए, जबकि 130 पदों की कमी बताई गई है। एसआई (आईबी) के 100 पदों में 74 आरक्षित होने से अनारक्षित वर्ग को 26 पद मिले और 48 पदों की कमी रही। वहीं, प्लाटून कमांडर (आरएसी) के 171 पदों में 93 आरक्षित होने के बाद अनारक्षित वर्ग को 84 पद मिले, जबकि 9 पद कम रहे। इस तरह कुल 187 पदों की कमी का दावा किया गया है।

नियुक्त अभ्यर्थियों को नहीं हटाया जाएगा

कोर्ट ने निर्देश दिया है कि एक सितंबर 2020 के परिणाम के आधार पर नियुक्त किसी अभ्यर्थी को हटाया नहीं जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त पद सृजित किए जाएंगे। संशोधित मेरिट सूची में आने वाले अभ्यर्थियों की स्थिति पुनर्निर्धारण के 60 दिन के भीतर मेरिट के अनुसार तय कर उन्हें कैडर और वरिष्ठता दी जाएगी। अनारक्षित वर्ग के शेष पद मेरिट के आधार पर भरे जाएंगे तथा वरिष्ठता सूची सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रोस्टर बिंदुओं के आधार पर तैयार होगी। अधिवक्ता तनवीर अहमद ने आकाश भारद्वाज को संशोधित मेरिट सूची के अनुसार अनारक्षित पद पर एसआई नियुक्ति के लिए विचार करने और कैडर, वरिष्ठता सहित सभी परिणामी लाभ देने की मांग की है। पत्र में कार्रवाई की लिखित सूचना देने को भी कहा गया है।

राहुल गांधी पर टिप्पणी से पहले मदन राठौड़ अपने गिरेबान में झांकें : जूली

जयपुर (कासं)। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के राहुल गांधी पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा वाजिब सवालों का जवाब देने के बजाय व्यक्तिगत टिप्पणियों पर उतर आई है। लाइमलाइट में रहने के लिए मदन राठौड़ बिना सोचे-समझे बयान देते हैं और विवाद होने पर मीडिया के सामने सफाई देने लगते हैं।

जूली ने कहा कि राहुल गांधी लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार से जुड़े गंभीर सवाल उठा रहे हैं। भाजपा को इनका जवाब तथ्यों और तर्कों के साथ देना चाहिए। वोट चोरी और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों को व्यक्तिगत टिप्पणियों से नहीं दबाया जा सकता।

- **भाजपा सवालों का जवाब देने के बजाय व्यक्तिगत हमलों पर उतर आती है : जूली**

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का काम सरकार से सवाल पूछना है। जनता के बीच जाकर सवाल उठाना, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना और मताधिकार की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करना भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। भाजपा जब तर्कों और तथ्यों के सामने कमजोर पड़ती है, तब व्यक्तिगत हमलों का सहारा लेती है। भाजपा के किसी नेता में कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकालने का दम नहीं है।



पंचायती राज चुनाव में कमल खिलाना है



युवा सपनों को पंख

1.93 लाख	1.17 लाख	70,031	5 लाख+
सरकारी पदों पर नियुक्तियां	पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन	नए पदों पर भर्ती की तैयारी	निजी क्षेत्र में युवाओं को मिला रोजगार

महिला शक्ति को उड़ान

27 लाख	20 लाख	9.93 लाख	25,000
महिलाओं को लखपति दीदी का प्रशिक्षण	महिलाएं लखपति दीदी बनी	बालिकाएं लाडो प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित	महिलाएं सोलर दीदी हेतु चिह्नित

डबल इंजन की सरकार का सुशासन		कमज़ोर कांग्रेस का कुशासन
34 माह में किए काम	VS	5 साल में किए काम

युवाओं की तरक्की, **महिलाओं** का सम्मान
किसानों (अन्नदाता) की समृद्धि, **गरीबों** का उत्थान

हर वर्ग के कल्याण से **विकसित बन रहा राजस्थान**

युवा एवं शिक्षा

	भाजपा सरकार	कांग्रेस
कौशल प्रशिक्षण	3.79 लाख	2.35 लाख
स्कूली विद्यार्थियों को साइकिल वितरण	13.85 लाख	10.36 लाख
स्कूली विद्यार्थियों को टेबलेट / लेपटॉप वितरण	88,724	0
राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण	229	57

महिला सशक्तीकरण

	भाजपा सरकार	कांग्रेस
राजीविका के स्वयं सहायता समूहों को बैंक से ऋण	₹7,503 करोड़	₹4,382 करोड़
स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध कराई गई आजीविका संवर्धन राशि	₹636 करोड़	₹521 करोड़
छात्राओं को स्कूटी वितरित	45,986	21,136
सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी	12,552	2,813

किसान (अन्नदाता)

	भाजपा सरकार	कांग्रेस
नहरी तंत्र से सृजित सिंचाई सुविधा	1,42,000 हैक्टेयर	52,182 हैक्टेयर
पाइपलाइन पर अनुदान से लाभान्वित कृषक	98,753	91,582
खेतों पर तारबंदी	445 लाख मीटर	113 लाख मीटर
स्वामित्व कार्ड वितरण	16,77,000	1,75,000

आधारभूत संरचनाएं

	भाजपा सरकार	कांग्रेस
नवीन सड़कों के निर्माण पर व्यय	₹9,704 करोड़	₹6,910 करोड़
निर्मित नवीन सड़कों की लम्बाई	18,917 किलोमीटर	13,160 किलोमीटर
गांवों को सड़कों से जोड़ा	1,760	1,104
मिसिंग लिंक सड़कों का निर्माण	10,030 किलोमीटर	6,614 किलोमीटर
सौर ऊर्जा से उत्पादन क्षमता में कुल वृद्धि	28,303 मेगावाट	15,000 मेगावाट
कुल बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि	10,920 मेगावाट	3,952 मेगावाट
400 केवी के नए ग्रिड सबस्टेशन स्थापित	2	1
220 केवी के नए ग्रिड सबस्टेशन स्थापित	10	5

अन्त्योदय

	भाजपा सरकार	कांग्रेस
पीएमएवाई (शहरी) - जारी नवीन स्वीकृतियां	1,25,000	77,950
पीएमएवाई (शहरी) - लाभार्थी (प्रथम किश्त से)	1,39,000	39,428
वरिष्ठ नागरिक तीर्थ योजना लाभार्थी	1,22,000	54,858
विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित निर्माण श्रमिक	10.74 लाख	8.05 लाख

ATUL

राजस्थान 12 राष्ट्रीय योजनाओं में प्रथम स्थान पर, 10 में द्वितीय स्थान पर एवं 8 में तृतीय स्थान





राजस्थान देश में 1 प्रथम

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
खरीफ 2025 में 2.18 करोड़ पॉलिसियां तथा रबी 2025-26 में 1.71 करोड़ पॉलिसियां

जल संचय जनभागीदारी कैच द रेन 2026 अभियान
कुल पूर्ण कार्यों की संख्या के आधार पर प्रथम स्थान

विकसित भारत संकल्प यात्रा
11,209 कैंप, 5.94 लाख उज्ज्वला कनेक्शन देश में प्रथम

पीएम-कुसुम योजना (कम्पोनेंट-A)
अक्षय एवं सौर ऊर्जा स्थापना में देश में प्रथम

अंगदान एवं प्रत्यारोपण
वर्ष 2025 में राष्ट्रीय पुरस्कार व प्रथम स्थान

जनजाति कल्याण एवं सशक्तीकरण
धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025
लक्षित इकाइयों के रूपांतरण में प्रथम

तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम
उत्कृष्ट कार्य हेतु WHO द्वारा विशेष तम्बाकू निषेध अवार्ड 2026

पोषण पखवाड़ा 2026
गतिविधियों में प्रथम स्थान






कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान

50 साल पुराने रास्ते को गड्ढा खोदकर बंद करने से दो गांवों में विवाद बढ़ा

अलवर में चीडवा और बहरीपुर के बीच आवागमन का रास्ता अवरुद्ध, ग्रामीण परेशान

अलवर, (निसं)। नौगांवा के दो गांवों के बीच करीब 50 वर्षों से आवागमन में उपयोग हो रहे रास्ते को गड्ढा खोदकर बंद करने का मामला सामने आया है। रास्ता अवरुद्ध होने से चीडवा और बहरीपुर गांव के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले की शिकायत पर तहसीलदार के आदेश से राजस्व टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित काश्तकारों ने न तो रास्ता खोलने पर सहमति जताई और न ही खेतों का सीमाज्ञान कराने के लिए तैयार हुए।



राजस्व टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

- मामले की शिकायत पर तहसीलदार के आदेश से राजस्व टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया
- संबंधित काश्तकारों ने न तो रास्ता खोलने पर सहमति जताई और न ही खेतों का सीमाज्ञान कराने के लिए तैयार हुए

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने राजस्व टीम को बताया कि ग्राम चीडवा और बहरीपुर के बीच पिछले करीब 50 वर्षों से यह रास्ता आवागमन के लिए उपयोग में लिया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार रास्ता सरकारी खसरा नंबर 418 से होकर गुजरता है, जबकि इसके पास खसरा नंबर 400 और 403 स्थित हैं। राजस्व रिकॉर्ड में इन जमीनों पर अमीर सिंह पुत्र हाकिम सिंह और गुरदीप सिंह पुत्र काला सिंह के नाम दर्ज हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित काश्तकारों ने रास्ते में गड्ढा खोदकर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया है। इससे दोनों गांवों के लोगों के लिए आवाजाही की समस्या खड़ी हो गई है।

राजस्व टीम ने मौके पर काश्तकारों से खेतों का सीमाज्ञान करवाने के संबंध में बातचीत की, लेकिन उन्होंने इसके लिए सहमति नहीं दी। साथ ही रास्ता खोलने से भी इनकार कर दिया। मौके पर विवाद की स्थिति को देखते हुए राजस्व कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि पुलिस जाब्ते और प्रशासनिक सहयोग के बिना रास्ता खुलवाना संभव नहीं है। ऐसे में अब रास्ते का सीमांकन कराने और आवागमन बहाल करने के लिए प्रशासन की अगली कार्रवाई पर ग्रामीणों की निगाहें टिकी हैं।

इस सम्बंध में रणजीत यादव, तहसीलदार, नौगांवा ने कहा कि रास्ता दो गांवों की सीमा पर स्थित है। यह खातेदारी एवं सरकारी भूमि की सीमा से जुड़ा मामला है। सीमाज्ञान होने के बाद ही रास्ते के विवाद का समाधान हो सकेगा।

शॉल ओढ़कर आये बदमाश ने आठ दुकानों के ताले तोड़े

सरिए से ताले तोड़कर शटर के नीचे से रेंगते हुए दुकानों में घुसा चोर

अजमेर, (निसं)। वैशाली नगर के माकड़वाली रोड स्थित मुख्य बाजार में देर रात एक शातिर चोर ने जमकर आतंक मचाया। चेहरे को शॉल से ढककर आए चोर ने एक के बाद एक करीब 7 से 8 दुकानों के ताले तोड़ दिए और गल्लों में रखी नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गया। चोर ने वारदात को अंजाम देने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। वह पहले दुकान के बाहर लेटकर आसपास की गतिविधियों पर नजर रखता, फिर सरिए से ताला तोड़कर शटर को थोड़ा ऊपर उठाता और पेट के बल रेंगते हुए दुकान के अंदर घुस जाता। चोरी की पूरी वारदात दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। घटना कृष्णगंज थाना क्षेत्र की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुटी है।

- गल्लों से नकदी और फ्रिज से कोल्ड ड्रिंक ले गया, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

जानकारी के अनुसार चोर देर रात करीब 3:38 बजे बाजार में पहुंचा और सुबह करीब 4:50 बजे तक लगातार दुकानों को निशाना बनाता रहा। उसने मुख्य सड़क पर स्थित जूस सेंटर, डेयरी, नमकीन सहित कई दुकानों के ताले तोड़े। सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो टूटे हुए ताले और बिखरा सामान देखकर चोरी की जानकारी मिली। इसके बाद दुकानदारों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो शॉल ओढ़े एक व्यक्ति चोरी करता नजर आया। सीसीटीवी फुटेज में चोर की वारदात को अंजाम देने की पूरी तरकीब सामने आई है। चेहरे को शॉल से ढके चोर ने पहले दुकान के बाहर लेटकर आसपास की गतिविधियों पर नजर रखी। इसके बाद सरिए की मदद से ताला तोड़ा और शटर को थोड़ा ऊपर उठाकर पेट के बल रेंगते हुए दुकान के अंदर प्रवेश किया। अंदर पहुंचने के बाद उसने गल्ले खंगाले और नकदी निकाल ली। वारदात पूरी करने के बाद वह शटर के नीचे से ही रेंगकर बाहर निकल गया। इसी तरीके से उसने आसपास की अन्य दुकानों को भी निशाना बनाया।

व्यापारियों ने पुलिस से बाजार क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान करने और जल्द वारदात का खुलासा करने की मांग की है।

ठगी के मामले दर्ज : उदयपुर में साईबर थाना पुलिस ने चार अलग-अलग मामलों में पीड़ितों से ठगी कर नकदी हड़पने के प्रकरण दर्ज किए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित देर्ड कुमारी पुत्री शंकरलाल निवासी लालपुरा कुराबड़ हॉल शौभागपुरा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ इंस्टाग्राम पर भाई बनाने के बाद आरोपी द्वारा डालर देने के एवज में 3 लाख 48 हजार रूपये ठगी का, हरलाल पुत्र शंकरलाल निवासी टूस डांगियान तुलसीनगर डबोक की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ फोर रेपिट एप डाउनलोड करवा 2 लाख 48 हजार रूपये की ठगी करने का, मो. रफीक पुत्र लियाकत हुसैन निवासी मुर्शीदनगर बडी मस्जिद रोड़ सविना की रिपोर्ट पर यूपीआई पेटीएम जरिये 2 लाख 93 हजार रूपये का एवं सुरेश पुत्र रामलाल खटीक निवासी सुखदेवी नगर बेदला की रिपोर्ट पर पीड़ित की दादी के बैंक खाते से 3 लाख 14 हजार 301 रूपये निकाल ठगी करने का प्रकरण दर्ज किया।

16 साल पुराने संतोष हत्याकांड में डकैत लालसिंह और पप्पू गुर्जर को उम्रकैद

कोर्ट ने दोनों पर 12-12 हजार रुपए का जुर्माना लगाया

धौलपुर। करीब 16 साल पुराने संतोष हत्याकांड के मामले में विशिष्ट न्यायालय डकैती प्रभावित क्षेत्र ने बड़ा फैसला सुनाते हुए डकैत लाल सिंह और पप्पू गुर्जर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों आरोपियों पर 12-12 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। विशिष्ट न्यायालय डकैती प्रभावित क्षेत्र के न्यायाधीश राकेश गोयल ने यह फैसला सुनाया।

- डकैत लाल सिंह, पान सिंह और पप्पू गुर्जर जो कि संतोष को घर से अपने साथ ले गए थे, इसके बाद घर से कुछ दूरी पर ही संतोष की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी

विशिष्ट लोक अभियोजक सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में परिवादी भूरा ने बसई डांग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 22 अगस्त 2010 को डकैत लाल सिंह, पान सिंह और पप्पू गुर्जर उसके भतीजे संतोष को घर से अपने साथ ले गए थे। इसके बाद घर से कुछ दूरी पर ही संतोष की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस हत्याकांड में आरोपी पान सिंह को पहले ही न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। वहीं अब मामले में शेष आरोपी लाल सिंह और पप्पू गुर्जर को भी दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। न्यायालय के इस फैसले के साथ ही करीब 16 साल पुराने चर्चित संतोष हत्याकांड में दोनों भाइयों को भी उम्रकैद की सजा हो गई है।

सिंघाना पालिका की पहली बैठक में सफाई व्यवस्था पर पार्षदों का आक्रोश फूटा

सिंघाना, (निसं)। सिंघाना नगरपालिका में निर्वाचन के बाद आयोजित पहली बैठक में कस्बे की सफाई व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। बैठक में पार्षदों ने सफाई व्यवस्था में कथित लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए वर्तमान सफाई ठेके को निरस्त कर नए सिरे से टेंडर जारी करने की मांग उठाई।

- बैठक में वर्तमान सफाई ठेके को निरस्त कर नए सिरे से टेंडर जारी करने की मांग उठाई



बैठक में पालिका अध्यक्ष पिंकी सैनी, डीपी सैनी, उपाध्यक्ष रचना डांगी, पार्षद धर्मपाल सैनी आदि पहुंचे।

पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि कस्बे में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करना नगरपालिका की प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन जगह-जगह गंदगी और नियमित सफाई के अभाव में आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग के साथ जिम्मेदार एजेंसी की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। बैठक में कस्बे की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। पार्षदों ने सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने तथा नियमित निरीक्षण व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया। सफाई ठेके को लेकर उठी मांग बैठक का प्रमुख मुद्दा रही। कस्बे को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका प्रशासन ने एक अभिनव पहल की घोषणा की। इसके तहत कस्बे की तीन सबसे साफ-सुथरी दुकानों और तीन स्वच्छ मकानों का चयन कर उनके मालिकों को नगरपालिका की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से व्यापारियों और आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित करने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जनभागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

अब शिकायतों के लिए नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर , हेल्प डेस्क शुरू - आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से नगरपालिका परिसर में हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया। इसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं और शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे, ताकि संबंधित शाखा के जरिए उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। हेल्प डेस्क शुरू होने से आमजन को शिकायतों के समाधान के लिए नगरपालिका कार्यालय में बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिलने की उम्मीद है। बैठक के पश्चात नगरपालिका परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों और नगरपालिका अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण, हरियाली संवर्धन और स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक श्रवण कुमार, पालिका अध्यक्ष पिंकी सैनी, डीपी सैनी, उपाध्यक्ष रचना डांगी, पार्षद धर्मपाल सैनी, विनोद कुमार, नरपाल, महावीर प्रसाद, संजय कुमार, बाबूलाल जांगिड़, अमरसिंह एवं सविता सैनी, अधिशाषी अधिकारी जेके गोयल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

हादसे में दो युवकों की मौत

उदयपुर। उदयपुर में तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद डिवाइडर पार करते हुए दूसरी तरफ सामने से आ रही एक निजी वीडियोकोच बस से जा टकराई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। ऋषभदेव थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 48 स्थित कानुवाडा गांव के मोड पर मंगलवार देर रात करीब 11.30 बजे यह हादसा हुआ। दोनों कार सवार युवक कागदर गांव से ऋषभदेव की तरफ आ रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का बोनट बुरी तरह टूटकर बिखर गया। कार में फंसे युवकों के शवों को मुश्किल से निकाला गया। योगेंद्र कुमार पुत्र भगवतीलाल कलाल निवासी सेमारी सलूंबर और पीयूष मीणा पुत्र भैरूलाल मीणा निवासी ऋषभदेव शराब के ठेके पर काम ने थे। पुलिस के अनुसार. तेज रफ्तार कार का अचानक संतुलन बिगड़ने के बाद ये हादसा हुआ।



डूंगरपुर/जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को डूंगरपुर के विराट स्थित अंधेरी माता मन्दिर में दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की। इससे पहले मुख्यमंत्री के पहुंचने पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक शंकरलाल डेचा, श्रीचंद कृपलानी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने हैलीपेड पर स्वागत किया।

एक की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के बासनी बिहारी कॉलोनी में रहने वाला धर्मेंद्र कुमार अपने घर की सीढ़ियों से नीचे गिर गया। एम्स अस्पताल में उसकी उपचार के बीच मौत हो गई।

सीकर से 18 साल की युवती लापता

सीकर, (निसं)। सीकर में 18 साल की युवती लापता हो गई। परिवार ने एक युवक पर शक जताया गया है। वहीं, चोर एक मकान से गहने चुराकर ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चेन स्नेचिंग का भी एक मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार 18 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके पिता ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 2 नवंबर की दोपहर करीब 12:30 बजे उनकी 18 साल की बेटी घर से बिना बताए कहीं पर चली गई। इसके बाद उसकी आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में काफी तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। पिता ने अंदेशा जताया है कि पड़ोसी कस्बे का रहने वाला एक युवक उनकी बेटी को अपने साथ ले जा सकता है।

वहीं सीकर में रात के समय घर में जेवरात और नगदी चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना सीकर के नेछवा कस्बे की है। इस संबंध में मोहम्मद हारुन ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 1 नवंबर की रात उनके घर से चोर लाखों रुपए के जेवरात और अलमारी में रखी नगदी लेकर चले गए। कितना माल चोरी हुआ, यह देखने पर ही पता चलेगा। इस मामले में भी पुलिस जांच कर रही है। इसी प्रकार सीकर में 25 साल की महिला के साथ चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया है। इस संबंध में महिला ने पुलिस में शिकायत देकर बताया गया कि दो नवंबर को वह गांव में किसी काम से जा रही थी। इसी दौरान बाइक पर दो लड़के आए जिन्होंने झपटा मारकर उनके गले से सोने का मंगलसूत्र और एक धागा तोड़ लिया।

खाद्य सुरक्षा टीम ने बीकानेर से भीलवाड़ा आ रही बस से 500 किलो मावा जब्त किया

जब्त मावे पर अपना दावा प्रस्तुत करने अथवा उसे लेने के लिए कोई भी व्यक्ति नहीं पहुंचा

भीलवाड़ा, (निसं)। दीपावली के त्योहारी सीजन में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने तथा मिलावटखोरों पर शिकंजा कसने के लिए जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से जिलेभर में सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार सुबह खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बदाली खेड़ा चौराहे पर बीकानेर से भीलवाड़ा आ रही एक ट्रैवल्स बस से करीब 500 किलोग्राम मावा जब्त किया।

- त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की टीमें लगातार निगरानी रख रही हैं



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बदाली खेड़ा चौराहे पर ट्रैवल्स बस से 500 किलो मावा जब्त किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बुधवार को अज्ञात सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। डॉ. दिलराज मीणा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सुबह करीब चार बजे बदाली खेड़ा चौराहे पर बीकानेर से भीलवाड़ा आ रही ट्रैवल्स बस को रुकवाकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान बस में बड़ी मात्रा में मावा रखा हुआ मिला। टीम ने करीब 500 किलोग्राम मावे को अपने कब्जे में लेकर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि उक्त मावा बीकानेर से भीलवाड़ा लाया जा रहा था, लेकिन जब्त मावे पर अपना दावा प्रस्तुत करने अथवा उसे लेने के लिए कोई भी व्यक्ति मौके पर नहीं पहुंचा। इस पर विभागीय टीम ने मावे को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की। त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग की टीमें लगातार निगरानी रख रही हैं तथा मिलावट की आशंका वाली खाद्य सामग्री पर विशेष नजर रखी जा रही है।

झुंझुनूं में खाद्य सुरक्षा टीम ने कई प्रतिष्ठानों पर छापे मारे

झुंझुनूं, (निसं)। दीपावली एवं त्योहारी सीजन में आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार के शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने झुंझुनूं शहर में व्यापक जांच अभियान चलाया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर के नेतृत्व में गठित तीन अलग-अलग टीमों ने शहर के प्रमुख बाजारों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण कर घी, नमकीन, मावा, मिठाई, पनीर, चाय और चावल सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए।

अभियान के तहत टीम ए में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. दीपेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. विकास शर्मा एवं के.के. फुलवा शामिल रहे। टीम ने शहर के महावीर मावा भंडार से घी एवं नमकीन के नमूने लिए। वहीं जोधपुर मिष्ठान भंडार से छेना टोस्ट का नमूना संग्रहित किया। इसके अलावा एक अन्य प्रतिष्ठान से रसगुल्ला एवं मावा के नमूने भी लिए गए। टीम बी में लालूराम यादव, महेंद्र सिंह मेहनतकश, सुखदेव सिंह एवं सुमेर सिंह शामिल रहे। टीम ने चौथमल श्यामसुंदर प्रतिष्ठान से चाय, जोधपुर मिष्ठान भंडार से मावा एवं मिठाई मावा तथा सुभाष एंड कंपनी से चावल का नमूना संग्रहित किया। टीम सी ने गणेश मंदिर, मंडावा रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पनीर के दो, मावा का एक तथा कलाकंद का एक नमूना लिया गया।

सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि संग्रहित किए गए खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी नमूने में मिलावट अथवा गुणवत्ता संबंधी अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

रावतसर में 1485 किलो गुड़ और गोलूवाला में तेल सीज

30 किलो काजू भी जब्त, 40 किलो दूषित खाद्य सामग्री मौके पर नष्ट कराई

हनुमानगढ़, (निसं)। जिले में दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा दल ने रावतसर और गोलूवाला में दुकानों का निरीक्षण किया। दल ने खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए और गुणवत्ता पर संदेह होने पर गुड़, काजू और सरसों का तेल सीज किया। वहीं 40 किलो दूषित खाद्य सामग्री मौके पर नष्ट करवाई गई।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिले में दुकानों की जांच और सैंपल लेने का अभियान चलाया है। जिला कलैक्टर डॉ. खुशाल यादव और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में बाजारों, मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों और थोक विक्रेताओं पर निगरानी रखी जा रही है। खाद्य सुरक्षा दल ने रावतसर में मैसर्स जोधपुर मिष्ठान भंडार से कलाकंद, मैसर्स बजत बाजार से बादाम और कृष्णा ब्रांड घी, मैसर्स आरसी मॉल से केवल ब्रांड मिर्च पाउडर, मैसर्स कश्मीरी कोट्स से काजू और गुलाब जामुन के सैंपल लिए। मैसर्स अग्रवाल टी कम्पनी से गुड़ के दो सैंपल लिए गए।

मैसर्स अग्रवाल टी कम्पनी से अमानक होने के संदेह पर 1,485 किलो गुड़ सीज किया गया। मैसर्स कश्मीरी कोट्स से गुणवत्ता पर संदेह के चलते 30 किलो काजू सीज किए गए। इसी दुकान से 40 किलो दूषित खाद्य सामग्री मौके पर नष्ट करवाई गई। गोलूवाला में मैसर्स अगम ट्रेडिंग कम्पनी से मुहूर्त गोल्ड ब्रांड सरसों के तेल, मैसर्स गोपाल स्वीट्स से मीठे मावे, मैसर्स अंश कुमार अखिल कुमार किराना स्टोर से कृष्णा ब्रांड चांदी के वर्क, मैसर्स गौरव ट्रेडर्स से श्वेता ब्रांड घी और मैसर्स मित्तल मॉल से बादाम व त्रिशूल ब्रांड सरसों के तेल के सैंपल लिए गए।

मैसर्स अगम ट्रेडिंग कम्पनी से गुणवत्ता पर संदेह के चलते मुहूर्त गोल्ड ब्रांड सरसों का 186 लीटर तेल सीज किया गया। निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार और वाहन चालक गुरुशरण सिंह शामिल थे। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने खाद्य कारोबारियों से अपील की कि वे केवल मानक गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री का ही विक्रय करें। खाद्य पदार्थों की खरीद-बिक्री के बिल, बैच नंबर, निर्माण तिथि एवं उपयोग की अंतिम तिथि सहित आवश्यक रिकॉर्ड संधारित रखें। उन्होंने आमजन से भी खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी पैकिंग, गुणवत्ता, निर्माण तिथि एवं उपयोग की अंतिम तिथि की जांच करने की अपील की।

सार-समाचार

बहरोड़ में भारी मात्रा में खाद्य सामग्री सीज व नष्ट

कोटपूतली। त्योहारी सीजन में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बहरोड़ में विभिन्न मावा निर्माण इकाइयों एवं मिठाई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कार्रवाई की। इस दौरान बड़ी मात्रा में संदिग्ध एवं दूषित खाद्य सामग्री सीज करने के साथ नष्ट करवाई गई तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग एवं जिला प्रशासन के निर्देशन में की गई कार्रवाई के दौरान मेसर्स सांवरिया मिल्क फूड्स, बहरोड़ का निरीक्षण किया गया। यहां से गुलाब जामुन, रसगुल्ला, मिक्स्ड मिल्क, क्रीम एवं मिल्क केक के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टया मिलावट की आशंका पाए जाने पर लगभग 510 किलोग्राम गुलाब जामुन एवं रसगुल्ला तथा 200 किलोठाम क्रीम सीज की गई। वहीं, लगभग 10 किलोग्राम सिंथेटिक रंग से निर्मित रसगुल्ले एवं 80 किलोग्राम रिफाइंड तेल, ग्लूकोज, मिल्क पाउडर, सूजी एवं मैदा से निर्मित मिल्क केक को नष्ट करवाया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 550 लीटर दूषित दूध एवं 50 किलोग्राम दूषित क्रीम भी नष्ट करवाई गई। इसी क्रम में मेसर्स कृष्णा रसगुल्ला भंडार, बहरोड़ का निरीक्षण कर राजभोग का नमूना लिया गया। यहां लगभग 65 लीटर दूषित दूध एवं सिंथेटिक रंग से निर्मित 65 किलोठाम रसगुल्ले नष्ट करवाए गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों एवं स्वच्छता व्यवस्था में कमियां पाए जाने पर दोनों प्रतिष्ठानों को इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किए गए। साथ ही खाद्य पदार्थों के सुरक्षित निर्माण, भंडारण, गुणवत्ता एवं स्वच्छता संबंधी निर्धारित मानकों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई के दौरान लिए गए खाद्य नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अठिम कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। खाद्य सुरक्षा विभाग ने आमजन से अपील की है कि त्योहारी सीजन में मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की खरीदारी करते समय उनकी गुणवत्ता, शुद्धता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

पंचायतीराज चुनाव नाम निर्देशन के अंतिम दिन 220 नामांकन प्राप्त

टोंक। जिले में पंचायतीराज आम चुनाव के चौथे चरण के तहत पंचायत समिति सदस्यों (निवाई, टोडारायसिंह एवं टोंक) के नाम निर्देशन की प्रक्रिया के अंतिम दिन 220 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए हैं। सांख्यिकी प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी रामजीलाल शर्मा ने बताया कि पंचायत समिति सदस्यों के लिए टोंक में 61, टोडारायसिंह में 69, एवं निवाई में 90 कुल 220 नाम निर्देशन प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि इस तरह सम्पूर्ण नामांकन प्रक्रिया के दौरान टोंक में 76, टोडारायसिंह में 72 एवं निवाई में 131 नामांकन दाखिल किए गए। इसके अलावा पंचायतीराज आम चुनाव के तृतीय चरण के तहत जिले की 5 पंचायत समितियों की 153 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए नाम वापसी के बाद 1159 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। सरपंच पद के लिए कुल 1784 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिनमें से 1769 वैध नामांकन पाए गए। इसके बाद 610 अभ्यर्थियों ने अपने नाम वापस लिए। जिला निर्वाचन अधिकारी टीना डाबी ने बताया कि तृतीय चरण की 153 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों के लिए चुनावी मुकाबले की स्थिति स्पष्ट हो गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार, 5 नवम्बर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा।

सुभाष नगर योगा संस्थान में दीपावली मिलन समारोह आज

अलवर। सुभाष नगर योगा संस्थान के सफल संचालन के दो वर्ष पूर्ण होने और दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार, 5 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्लॉट नंबर 142, मित्तल हॉस्पिटल के पास, अलवर में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे से होगी, जबकि मुख्य समारोह सुबह 7 बजे दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ होगा। समारोह में नगर निगम अलवर की महापौर सुमनलता अजय अग्रवाल मुख्य अतिथि होंगी। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सभापति नगर परिषद अलवर अजय अग्रवाल, पार्षद वार्ड नंबर 48 नेहा मनचंदा, पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम मनचंदा, एनईबी थानाधिकारी सुन्नीलाल मीणा, एएसआई अजय शर्मा तथा खंडेलवाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष नारायण बजरगान शामिल होंगे। संस्थान के संचालक एवं संरक्षक समाजसेवी डॉ. एस.सी. मित्तल, सुभाष नगर विकास समिति के अध्यक्ष नेमीचंद गुप्ता एवं योगाचार्य नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि संस्थान पिछले दो वर्षों से नियमित योगाभ्यास के माध्यम से लोगों को स्वस्थ, निरोगी एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। संस्थान का उद्देश्य अधिकाधिक लोगों को योग से जोड़कर समाज में स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि दीपावली मिलन समारोह के माध्यम से योग प्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों के बीच आपसी सद्भाव, स्नेह, सहयोग और सामाजिक एकता को बढ़ावा दिया जाएगा। आयोजकों ने समस्त योग प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों से समारोह में शामिल होकर संस्थान के दो वर्षों के सफल सफर का हिस्सा बनने की अपील की है।

4 पंचायत समितियों में 561 अभ्यर्थियों के 710 नामांकन पत्र प्राप्त

सवाई माधोपुर। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत चतुर्थ चरण में सवाई माधोपुर, चौथ का बरवाड़ा, गंगापुर सिटी एवं वजीरपुर पंचायत समिति सदस्यों के 78 सदस्या पदों पर निर्वाचन की नामांकन प्रक्रिया शनिवार से प्रारम्भ हुई थी। बीते चार दिनों में कुल 561 अभ्यर्थियों ने 710 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) काना राम ने बताया कि चतुर्थ चरण के लिए चारों पंचायत समितियों के सदस्य पदों के लिए चौथे दिन 561 अभ्यर्थियों ने कुल 710 नामांकन पत्र दाखिल किए। इनमें चौथ का बरवाड़ा पंचायत समिति में 127 अभ्यर्थियों ने 135 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। गंगापुर सिटी पंचायत समिति में 132 अभ्यर्थियों ने 181 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इसी प्रकार, सवाई माधोपुर में 170 अभ्यर्थियों ने 203 नामांकन पत्र और वजीरपुर पंचायत समिति में 132 अभ्यर्थियों ने 191 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार गुरूवार 5 नवम्बर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। शुक्रवार 6 नवम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक अभ्यर्थी अपने नाम वापिस ले सकेंगे। नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद शुक्रवार को ही चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

निबंध प्रतियोगिता में प्रीति कंवर रही प्रथम

चौमूं / कालाडेरा। सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा में मंगलवार को जनजातीय पखवाड़ा समिति, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में 'जनजातीय गौरव एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जयभारत सिंह के मार्गदर्शन में तथा प्रो. रूबी शर्मा एवं प्रो. मानप्रकाश मीणा के नेतृत्व में किया गया।

विधिक माप विज्ञान विभाग ने दो फर्मों पर 6 हजार रुपये का जुर्माना लगाया



भरतपुर में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा एवं सही वजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया गया।

भरतपुर (निसं)। उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशानुसार भरतपुर विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा एवं सही वजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया गया।

■ **मिठाई की बिक्री में प्रयुक्त खाली डिब्बों के वजन जांचा गया**

विधिक माप विज्ञान अधिकारी रामकुंवर नेतृत्व में निरीक्षण के दौरान मिठाई की दुकानों पर उपयोग किए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक कांटों के सत्यापन एवं मुद्रांकन, मिठाई की बिक्री में प्रयुक्त खाली डिब्बों के वजन तथा मिठाई के साथ डिब्बे का वजन जोडकर ग्राहकों से राशि वसूलने संबंधी अनियमितताओं की जांच की गई। जांच के दौरान दो फर्मों में अनियमितताएं पाए जाने पर विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 6,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

उन्होंने मिठाई विक्रेताओं को विधिक माप विज्ञान अधिनियम एवं संबंधित नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राहकों को सही वजन में मिठाई उपलब्ध कराने तथा इलेक्ट्रॉनिक कांटों का समय पर सत्यापन एवं मुद्रांकन करवाने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा आमजन एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा बाजार में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की निरीक्षण एवं कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

मुनि सौम्य सागर को सुशीला पाटनी ने आहार कराया

अलवर। शहर के जैन भवन में विराजित जैन मुनि सौम्य सागर महाराज को आरके मार्बल्स ग्रुप के चेयरमैन अशोक पाटनी की धर्मपत्नी सुशीला पाटनी ने भक्तिभाव के साथ चौका लगाकर मुनिश्री को आहार करवाया।

जैन धर्म में मुनि को आहार देना अत्यंत पुण्यशाली और आध्यात्मिक महत्व का कार्य माना जाता है। जैन साधु अपनी साधना, संयम और तपस्या के नियमों का पालन करते हुए गृहस्थों के यहां से विधिपूर्वक आहार ग्रहण करते हैं। आहार दान की यह परंपरा त्याग, तप, सेवा और आत्मकल्याण की भावना से जुडी हुई है। सुशीला पाटनी ने अपने सहयोगियों के साथ पारंपरिक जैन विधि-विधान और पूरी श्रद्धा के साथ चौका लगाया। इस अवसर पर वातावरण भक्तिमय बना रहा। मुनिश्री को आहार देने का सौभाग्य प्राप्त होने पर पाटनी परिवार ने स्वयं को धन्य महसूस किया। जैन समाज में आहार दान को केवल भोजन कराने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि साधु-संतों की तपस्या और संयम साधना में सहयोग करने का माध्यम माना जाता है।

मुनि सौम्य सागर महाराज के अलवर प्रवास के दौरान उनके दर्शन, प्रवचन और सान्निध्य का लाभ लेने के लिए श्रद्धालु जैन भवन पहुंच रहे हैं।

नशामुक्त जीवन अपनाने का आव्हान

चौमूं / कालाडेरा। सेठ आरएल सहरिया राजकीय पीजी महाविद्यालय, कालाडेरा में नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर-रेंजर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशे से ठास्त युवा पीढ़ी : अवसाद, चिंता और तनाव विषय पर एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जयभारत सिंह ने की, जबकि राजकीय उप जिला अस्पताल, चौमूं के मनोचिकित्सक डॉ. कपिल दीक्षित मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भूमिका एवं विषयगत पृष्ठभूमि केन्द्र के नोडल अधिकारी प्रो. मानप्रकाश मीणा ने प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता डॉ. दीक्षित ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी तेजी से विभिन्न प्रकार के नशों की गिरफ्त में आती जा रही है।

देवली में मुख्य मार्गों पर बिक रहे है अवैध पटाखे

देवली (निस) देवली शहर में मुख्य सड़कों और भीड़भाड़ वाले रिहायशी इलाकों में बारूद के पटाखों की अवैधानिक तौर पर खुलेआम बिक्री की जा रही है। इतना ही नहीं शहर में स्थित पुलिस थाने के बाहर मुख्य सड़क पर पुलिस थाना प्रभारी के सामने बारूद फटाखा बिक्री की धारा की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है।

■ **बिना सर्वे के ही पटाखा लाइसेंस जारी करने की चर्चा**

वह ऐसे की यहां बारूद से भरे फटाखा बेचने वाले व्यापारियों ने पुलिस थाने के बाहर तो कही खाली भूखंड,तो वही मंदिर के बाहर,, बैंकों के बाहर,शहर में बंद पड़ी दुकानों के बाहर,खुले सार्वजनिक स्थानों पर विस्फोटक पदार्थ (जैसे पटाख़ों) की बिक्री बिना रोकटोक कर रहे हैं। देखने वाली बात तो यह है कि पुलिस प्रशासन की मौजूदगी के बीच पटाखा कारोबारी इस तरह से लापरवाही पूर्ण आचरण कर लोगों की जान को खतरा पैदा किए हुए दिखाई दे रहा हैं। ऐसे हालातो पर लोगों का मानना है कि फटाखा कारोबारियों के साथ प्रशासन की कथित मिलीभगत बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि मुख्य बाजार मार्ग पर या खुले स्थान या सार्वजनिक स्थलों पर पटाखे बेचना अपराध माना गया है। तो वही ऐसे मामलों पर 6 महीने तक की जेल और जुर्माना दोनों का प्रावधान कानून की धाराओं में तय किया गया है।

यहां ऐसा कुछ नहीं यहां तो फटाखा व्यापारियों को रोड पर पटाखे बेचने की खुली छूट दे रखी है। लोगों ने ऐसे हालातो पर जानकारी में बताया कि धारा 223 बी एन एस और की धारा 188 की पालना के लिए जिला प्रशासन और जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा त्योहारों के मध्य नजर धारा 144 या विशेष प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जाते हैं।ऐसे मे इन धाराओं और जिला प्रशासन के आदेशों का उल्लंघन किया जाता है।

यहां अधिकांश सभी फटाखा कारोबारी ने प्राप्त लाइसेंस के नियमों और शर्तों को ताक में रख दिया है। चर्चा है की पुलिस ने सर्वे किए बिना ही पुलिस के द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर पटाखा कारोबारी को लाइसेंस जारी कर दिए। यह देखने वाली बात तो यह भी है कि ऐसे हालातो के पर चार दिनों से लगातार उपखंड अधिकारी उपखंड से संपर्क किए जाने के प्रयास किए जा रहे है

भाजपा अपने विकास के एजेंडे पर कायम : चैयरमेन पवन मोदी

सांभरझील, (निसं)। भाजपा जो कहती उसे पूरा भी करके दिखाती है। हमने अल्प समय में ही यहां के मुख्य मांगों के अलावा अंदरुनी रास्तों को सुधार कर पहली जटिलता को खत्म कर राहत देने का काम किया है। यह कहना है चैयरमेन पवन कुमार मोदी का जो लगातार दिन रात मेहनत कर सफाई व्यवस्था को भी देख रहे हैं।

■ **चेयरमैन मोदी ने पर्यावरण का ध्यान रखते हुए सीमित आतिशबाजी करने का आग्रह किया है**

हमारी प्रदेश की सरकार ने विकास कार्यों को धरातल पर उतारा है। उसी अनुरूप सबका साथ, सबका विकास हमारा मूल मंत्र है। विकास के दम पर अब हम सांभर नगरपालिका में भी आने वाले वक्त में एक ऐसा इतिहास रच देंगे जिसे सांभर की जनता हमेशा याद करती रहेगी। बुधवार को पुरानी धानमंडी में दिपावली पूर्व की जाने वाली सजावट व रोशनी से सरोबार किए जाने की तैयारी व अन्य बाजारों में भी इसके लिए मौका निरीक्षण भी किया गया। पालिका के समस्त स्टाफ को यह भी निर्देश दिए गए कि दीपावली पर्व को मद्देनजर रखते हुए जिसके जिम्मे जो काम है, उसे इमानदारी के साथ समय पर ही भुगता दें।

सफाई निरीक्षक विनोद कुमार पारीक व उनकी टीम इस बात को सुनिश्चित कर लें कि सफाई व्यवस्था में कोई कोताही न हो।

न्यायाधीश ने निशुल्क शिक्षा हासिल करने की जानकारी दी



न्यायाधीश मोहित आनन्द ने शिक्षा के अधिकार पर विस्तार से जानकारी दी।

सांभरझील, (निसं)। ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश मोहित आनन्द ने न्यायालय परिसर में बुधवार को शिक्षा का अधिकार, अधिनियम के अन्तर्गत नि: शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया।

■ **प्रत्येक बच्चे को बिना किसी भेदभाव के शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार हैं तथा परिस्थितियों के कारण कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए।**

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को बिना किसी भेदभाव के शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार हैं तथा आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों के कारण कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बाल श्रम में संलिप्त लोगों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के प्रावधानों के बारे में भी बताया। इस मौके पर पैरा लीगल वालेंटियर अनु गुप्ता ने कहा कि इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से हैल्प लाईन नं. 15100, साईबर हैल्प लाईन नंबर 1930, गरीमा हेल्प लाइन नंबर 1090 जारी किए हुए हैं। इसके अलावा उन्होंने संबंधित विस्तृत विधिक जानकारी भी दी। इस मौके पर एडवोकेट राहुल कुमार, नितेश जांगिड़, रवि वर्मा, दीपिका सैनी भी मौजूद रहे।

सुगम यातायात के लिए व्यापारियों के साथ बैठक

भरतपुर (निसं)। दीपावली सहित आगामी पांच दिवसीय पर्व के दौरान भरतपुर बाजारों की सुरक्षा और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए पुलिस महानिरीक्षक, भरतपुर रेंज के कार्यालय सभागार में शहर के व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।

नम्बर मिलाइए
8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय उपायुक्त हवामहल-आमेर जोन नगर निगम जयपुर।
(बड़ी चौपड पुराना पुलिस मुख्यालय, जलेबी चौक, जयपुर)
Email ID: dchmw.jmc@gmail.com Ph. No. 0141-2329953
क्रमांक:-F51() Dept.Comm./H.M.A.Z./2026/1556
अनापत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक:- 3/11/26

श्रीमती अन्जु सिंह पत्नी श्री हरेन्द्र पाल सिंह निवासी भूखण्ड संख्या/ सर्वे नम्बर 115, शीतला माता की डूँगरी, छोटा अखाडा, ब्रहमपुरी, जयपुर द्वारा शहरी सेवा शिविर 2026 में आवेदन कर भूखण्ड संख्या/ सर्वे नम्बर 115, शीतला माता की डूँगरी, छोटा अखाडा, ब्रहमपुरी, जयपुर का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। भूखण्ड संख्या/ सर्वे नम्बर 115, शीतला माता की डूँगरी, छोटा अखाडा, ब्रहमपुरी, जयपुर का पट्टा नगर निगम द्वारा श्री कुशलपाल सिंह पुत्र श्री छिद्दु सिंह को जारी किया गया था। श्री कुशलपाल सिंह पुत्र श्री छिद्दु सिंह की मृत्यु पश्चात उनके वारिसानों द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत हकत्याग पत्र द्वारा श्रीमती अन्जु सिंह पत्नी श्री हरेन्द्र पाल सिंह के हक में किया गया। श्रीमती अन्जु सिंह पत्नी श्री हरेन्द्र पाल सिंह द्वारा उक्त हकत्याग पत्र के आधार पर भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण चाहा है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को उक्त नाम हस्तान्तरण जारी होने के संबंध में आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 07 दिवस में आपत्ति पेश करे अन्यथा 07 दिवस पश्चात उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण जारी करने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी। उपायुक्त हवामहल आमेर जोन नगर निगम जयपुर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री पंकज कुमार गुप्ता, पुत्र श्री जगदीश चन्द गुप्ता ने फ्लेट संख्या GA-908, 9th Floor, 3 BHK, Block Garnet-A, "अर्बाना ज्वैल्स", ग्राम मदरामपुरा, सांगानेर, जयपुर, एरिया 1995.01 वर्गफीट को श्री अभिषेक गजेन्द्र शर्मा, पुत्र श्री गजेंद्र कुमार शर्मा से खरीदने हेतु ऋण के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा में आवेदन किया है। उक्त फ्लेट को श्री गजेंद्र कुमार शर्मा के निर्वसीयत स्वर्गवास हो जाने पर उनके वारिसानों श्रीमती मंजू शर्मा, स्वाती शर्मा व श्वेता शर्मा ने दिनांक 28.10.2025 को पंजीकृत हकत्याग-पत्र के द्वारा श्री अभिषेक गजेन्द्र शर्मा के हित में कर दिया। उक्त हकत्याग-पत्र, सम्पत्ति व लिए जाने वाले ऋण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति, ऐतराज है, तो मय दस्तावेजी साक्ष्य अन्दर मियाद 15 दिवस में मुझसे सम्पर्क करें, अन्यथा बाद मियाद आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

हेमन्त कुमार शर्मा एडवोकेट (R/1355/1999)
ए-36, चित्रकूट स्टेडियम, जयपुर, 9413332288

राजस्थान आवासन मण्डल वृत- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 4612 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 04.11.2026

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 266/117 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती पुष्पा किशनानी पत्नी श्री हरिश किशनानी को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 7450 दिनांक 18.11.2003 को जारी किया गया। श्रीमती पुष्पा किशनानी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 19.09.2012 को उप पंजीयक-अष्टम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती पुष्पा किशनानी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 19.09.2012 के द्वारा 1. श्री शिव सिंह चौधरी पुत्र श्री प्यारे लाल एवं 2. श्री जवाहर सिंह पुत्र श्री मूली सिंह को विक्रय कर उप पंजीयक- अष्टम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। 1. श्री शिव सिंह चौधरी एवं 2. श्री जवाहर सिंह द्वारा उक्त आवास को दिनांक 31.08.2026 के द्वारा श्री अशोक कुमार डूलानी पुत्र श्री ईश्वर दास को विक्रय कर उपपंजीयक -अष्टम, मानसरोवर, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्री अशोक कुमार डूलानी पुत्र श्री ईश्वर दास द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपति नहीं हैं, श्री अशोक कुमार डूलानी पुत्र श्री ईश्वर दास का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। **संपदा प्रबंधक, वृत प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर**

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-4598 दिनांक-04/11/226

जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना मे फ्लैट संख्या A/15/3(GF)(MIG-A), (एरिया 45.826 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती रेखा गुप्ता पत्नी श्री रविन्द्र गुप्ता को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 10741 दिनाक 14.02.2012 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 6775 दिनाक 23.11.2012 को जारी किया गया। श्रीमती रेखा गुप्ता के पक्ष मे उक्त फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 30.11.2015 को उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती रेखा गुप्ता द्वारा उक्त फ्लैट को दिनांक 18.01.2016 के द्वारा श्री अनीश मोहम्मद पुत्र श्री क्लेट्टीन को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-प्रथम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री अनीश मोहम्मद द्वारा उक्त फ्लैट को दिनांक 27.07.2023 के द्वारा श्री रोहताश कपूर पुत्र श्री देशराज कपूर को विक्रय कर सब रजिस्ट्रार जयपुर-पंचम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/क्रेती श्री रोहताश कपूर पुत्र श्री देशराज कपूर द्वारा आवासन मण्डल मे उक्त फ्लैट के रिकॉर्ड मे अपना नाम दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय मे 7 दिवस मे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड मे नाम दर्ज करने मे किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री रोहताश कपूर पुत्र श्री देशराज कपूर का नाम मण्डल रिकॉर्ड मे दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.: 1; निविदा संख्या/कार्य का नाम:** ई-जेपी-2026-27-104R; सहायक मण्डल इंजी-सीकर के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न आरयूबी पर कवर शेड, सम्प की व्यवस्था, रिटेनिंग वॉल का विस्तार और उसे ऊँचा करना, जोड़ों की सीलिंग, सड़क की सतह का काम आदि, तथा अन्य सुधार कार्यों का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** 190819182.13; **बिड प्रतिभूति राशि:** 3816400.00; **क्र.सं.: 2; निविदा संख्या/कार्य का नाम:** ई-जेपी-2026-27-105R; सहायक मण्डल इंजी रींगस के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न आरयूबी पर कवर शेड, सम्प की व्यवस्था, रिटेनिंग वॉल का विस्तार और उसे ऊँचा करना, जोड़ों की सीलिंग, सड़क की सतह का काम आदि, तथा अन्य सुधार कार्यों का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** 394925659.25; **बिड प्रतिभूति राशि:** 7898500.00; **क्र.सं.: 3; निविदा संख्या/कार्य का नाम:** ई-जेपी-2026-27-129 जयपुर मंडल:- पीएससी स्लीपरों पर, विशेष रूप से पॉइंट एवं क्रॉसिंग क्षेत्र में बिछाने हेतु खाँचेदार रबर सोल प्लेटों पर चिपकाने वाले पदार्थ (Adhesive) की आपूर्ति एवं लगाने का कार्य। **अनुमानित लागत:** 24375142.00; **बिड प्रतिभूति राशि:** 487500.00; **1.** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2.** निविदा संख्या **इंजी./जय/2026-27-104R व 105R** की बन्द होने की तिथि 19.11.2026 समय 15.00 बजे एवं खुलने की तिथि 19.11.2026 समय 16.00 बजे। निविदा संख्या **इंजी./जय/2026-27-129** की बन्द होने की तिथि 20.11.2026 समय 15.00 बजे एवं खुलने की तिथि 20.11.2026 समय 16.00 बजे।
1587-AM/26
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

विवाधको के स्थरीकरण के लिये सम्मन
(आदेश 5 नियम 1और 5)
न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजि., क्रम संख्या 17 चौमूँ, जयपुर महानगर द्वितीय
सुरेश कुमार गरेड बनाम रामरतन शर्मा वगै.
(वाद बाबत अवैध, शून्य व निष्प्रभावी घोषित किये जाने आवंटन पत्र दिनांकित 28-03-1986 व स्थायी निषेधाज्ञा)

वाद संख्या 123/2024
प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा संख्या 97/2026 बनाम अप्रार्थी / प्रतिवादी संख्या 2 ओम शिव गृह निर्माण सहकारी समिति लि0 जयपुर रजि0 2757/ एल जरिये समापक जरिये उपरजिस्ट्रार सहकारी समिति कार्यालय कमरा नम्बर 608 मिनी सचिवालय जयपुर। वादी ने आपके विरूद्ध एक वाद बाबत अवैध, शून्य व निष्प्रभावी घोषित किये जाने आवंटन पत्र दिनांकित 28-03-1986 व स्थायी निषेधाज्ञा का किया गया है, आपको इस न्यायालय में दिनांक 19-11-2026 को दिन में 10 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या सुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लेखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 4 माह 11 सन 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत — **न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजि. क्रम संख्या 17 चौमूँ, जयपुर महानगर द्वितीय**

नाम परिवर्तन

मैने अपनी पुत्री का नाम जाह्नवी सिंह पुत्री देवेन्द्र सिंह मनोहर से बदल कर जाह्नवी सिंह पुत्री सम्पत सिंह नाथावत, पता वार्ड नं. 2, 100 बीघा वाली कोठी, मोरिजा, तहसील चौमू रख लिया है भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए। मो.9828201527

मैने अपना नाम कमलेश कुमारी से बदलकर कमलेश पत्नी श्री नरेंद्र सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जावे। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। निवासी:- गाँव एंड पोस्ट- सोगर, तहसील- कुम्हेर, जिला- भरतपुर, राजस्थान-321001

मेरे पुत्र विरल सिंह राजावत के शैक्षिणक दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरा (माता का) नाम वीनू कंवर (Veena Kanwar) दर्ज हो गया। जबकि मेरा सही नाम बीना कँवर (Beena Kanwar) पत्नी अजय सिंह है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवासी- गोनेर रोड, भावगढ़ बंध्या, दांतली, जयपुर (राजस्थान)

I hitherto known as Shivdesh Gurjar alias Gurjar Tejveersingh Janak, S/o Saheeram Gurjar, R/o Dhamadi Ka Pura, Karauli, Rajasthan-322216, have changed my name and shall hereafter be known as Gurjar Tejveersingh Janak

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-सी
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: 90A/JDA/2026-27/100626 दिनांक: 28-09-2026

लोक सूचना

श्री **कैलाश चन्द वर्मा, संयुक्त महाप्रबंधक (राजस्व), जयपुर मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड** पुत्र श्री **बालकिशन वर्मा, कार्यालयः द्वितीय तल, विंग-ए, प्रशासनिक भवन, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020** ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **वाणिज्य** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं	क्षेत्रफल (हैक्टे.)	रूपांतरण क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	मदरामपुरा, जयपुर (जयपुर)	1.) जयपुर मेट्रो रेल कारपोरेशन लि. जयपुर हिस्सा पूर्ण संस्था के लिए	251/450	0.1012	0.1012
				कुल	0.1012

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी SSO ID से लॉग इन कर JDA के 90-A मॉड्यूल अथवा जे.डी.ए. पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in/) पर **"विज्ञप्ति के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करें।"** Option में जाकर जारी सार्वजनिक सूचना के विरुद्ध अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज कराए।
उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 28-09-2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन-सी
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
राज.संवाद/सी/26/12971

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-सी
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: 90A/JDA/2026-27/101053 दिनांक: 28-09-2026

लोक सूचना

श्री **कैलाश चन्द वर्मा, संयुक्त महाप्रबंधक (राजस्व), जयपुर मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड** पुत्र श्री **बालकिशन वर्मा, कार्यालयः द्वितीय तल, विंग-ए, प्रशासनिक भवन, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020** ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **वाणिज्य** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (हैक्टे.)	रूपांतरण क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	बृजलालपुरा, जयपुर (जयपुर)	1.) जयपुर मेट्रो रेल कारपोरेशन लि. हिस्सा पूर्ण जयपुर संस्था	186/111	0.0386	0.0386
2.	बृजलालपुरा, जयपुर (जयपुर)	1.) जयपुर मेट्रो रेल कारपोरेशन लि. हिस्सा पूर्ण जयपुर संस्था	184/111	0.0961	0.0961
3.	बृजलालपुरा, जयपुर (जयपुर)	1.) जयपुर मेट्रो रेल कारपोरेशन लि. हिस्सा पूर्ण जयपुर संस्था	188/113	0.1234	0.1234
4.	बृजलालपुरा, जयपुर (जयपुर)	1.) जयपुर मेट्रो रेल कारपोरेशन हिस्सा पूर्ण जयपुर खातेदार	190/111	0.05	0.05
				कुल	0.3081

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी SSO ID से लॉग इन कर JDA के 90-A मॉड्यूल अथवा जे.डी.ए. पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in/) पर **"विज्ञप्ति के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करें।"** Option में जाकर जारी सार्वजनिक सूचना के विरुद्ध अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज कराएं।
उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज **28-09-2026** को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन-सी
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
राज.संवाद/सी/26/12971

Office of the Municipal Board, Deoli (Tonk) Rajasthan
Tel. (01434) 232013
E-mail: npdeoli@gmail.com
कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.
क्रमांक : न.पा.दे./आपत्ति आमन्त्रण सूचना/2026-27/2665 दिनांक : 04/11/26

आपत्ति आमंत्रण सूचना

एतद्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा अपनी सम्पति के नामान्तरण, एकीकरण, उप विभाजन हेतु आवेदन किया गया है। किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित इजाजत बाबत् आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर म्याद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद म्याद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र.स.	नाम प्रार्थी	मौहल्ला	भूखण्ड संख्या/नाप	प्रयोजन
1.	श्री चेतन कुमार पुत्र श्री लाभचन्द मीणा	भूखण्ड संख्या 6, कुंचलवाडा कलां तह0 जहाजपुर	नाप 97.22 वर्गगज	नामान्तरण
2.	श्री प्रधान मीणा पुत्र श्री बाबूलाल मीणा श्री मस्तराम मीणा पुत्र श्री शिवराज मीणा	भूखण्ड संख्या 8, कुंचलवाडा कलां तह0 जहाजपुर	नाप 97.22 वर्गगज	नामान्तरण
3.	श्री प्रधान मीणा पुत्र श्री बाबूलाल मीणा	भूखण्ड संख्या 9, कुंचलवाडा कलां तह0 जहाजपुर	नाप 97.22 वर्गगज	नामान्तरण
4.	श्री मस्तराम मीणा पुत्र श्री शिवराज मीणा	भूखण्ड संख्या 7, कुंचलवाडा कलां तह0 जहाजपुर	नाप 97.22 वर्गगज	नामान्तरण
5.	श्री अमित टाक पुत्र श्री ओमप्रकाश टाक	भूखण्ड संख्या 2, देवली गांव तह0 देवली	नाप 271.11 वर्गगज	एकीकरण
6.	श्री पप्पू कुमार वर्मा पुत्र श्री गोकुल राम वर्मा	भूखण्ड संख्या 2. देवली गांव तह0 देवली	नाप 133.33 वर्गगज	उप विभाजन

(अमर चन्द गुर्जर)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका देवली

राज्य सरकार की तीसरी वर्षगाँठ पर भव्य आयोजन होगा- भजनलाल

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी विभाग बेहतर समन्वय, सभी तैयारियाँ समय पर सुनिश्चित करें

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्य सचिव को कार्यक्रम की तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।
- मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में मुख्य सचिव, श्रीनिवास, विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

जयपुर, 4 नवंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवा, महिला, किसान और गरीब के कल्याण और प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। आगामी समय में भी विकास की इस निरंतरता को बनाए रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ''विकसित भारत-विकसित राजस्थान'' के विजन के अनुरूप कार्य किया जाएगा। इस विजन को राज्य सरकार अपनी तीसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जयपुर में एक भव्य समारोह में जनता के सामने रखेगी।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विकसित ग्राम शहरी वार्ड अभियान के माध्यम से वर्ष 2047 तक गांव और शहरों के समग्र विकास का ब्लूप्रिंट तैयार किया गया है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाराणा प्रताप, महाराजा सूरजमल, मां अमृता देवी और मीराबाई जैसी विभूतियों के इतिहास से युवाओं को रूबरू कराते हुए प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी विभाग बेहतर समन्वय स्थापित कर सभी तैयारियां समय पर सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं भव्य बनाया जा सके। विभिन्न जिलों में भी वर्षगांठ से संबंधित गतिविधियों की कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने मुख्य सचिव को कार्यक्रम की तैयारियों की नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए भी निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव सहित, संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

'चुनाव में दो से अधिक बच्चों का कानून प्रासंगिक नहीं रहा''

- सुप्रीम कोर्ट ने तीसरे बच्चे पर अयोग्य करार दिये प्रत्याशी को योग्य घोषित किया।

नई दिल्ली, 04 नवंबर। उच्चतम न्यायालय ने आज एक ऐतिहासिक टिप्पणी में कहा कि दो से अधिक बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने या दंडित करने वाले कानूनों की प्रासंगिकता अब पूरी तरह खत्म हो चुकी है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली बेंच ने स्पष्ट किया कि पिछले कुछ दशकों में आए जनसांख्यिकीय बदलावों के कारण अत्यधिक जनसंख्या का पुराना डर अब खत्म हो चुका है, जो ऐसे कानूनों का मुख्य आधार था।

अदालत ने महाराष्ट्र के ककोडा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव की अयोग्यता को रद्द कर दिया, जिन्हें तीसरा बच्चा होने पर महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम, 1959 के तहत अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

अदालत ने चेतावनी दी कि यदि इन कानूनों को नहीं बदला गया, तो भारत को भविष्य में बूढ़ी होती आबादी और कामकाजी युवाओं की कमी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

पैसेंजर ट्रेन गुज़रने के बाद अनूपगढ़ में रेलवे ट्रैक पर बड़ा धमाका

ब्लास्ट से रेलवे पटरी के नीचे लगे सीमेंट के दो ब्लॉक पूरी तरह टूट गए

- आईबी, सीआईडी व एंटी टैरेरिस्ट स्कवॉड की टीमें मौके पर पहुँची। पुलिस जाँच कर रही है कि इस ब्लास्ट के पीछे किसका हाथ है।

श्रीगंगानगर, 4 नवम्बर (निसं)। जिले की अनूपगढ़-सूरतगढ़ रेलवे लाइन पर पैसेंजर ट्रेन गुजरने के करीब 45 मिनट बाद ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि आवाज 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। ब्लास्ट के कारण रेलवे पटरी के नीचे लगे सीमेंट के दो ब्लॉक (सिल्लियां) पूरी तरह से टूट गए।

पटरियों के बीच दो फीट गहरा गड्ढा हो गया। घटना देर रात करीब 9:45 बजे, अनूपगढ़ कस्बे के 50 जीबी गांव के पास की है। ब्लास्ट की जानकारी मिलने के बाद आईबी, सीआईडी और एंटी टेरेरिस्ट स्क्वॉड के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार, बुधवार सुबह नौ बजे तक इस लाइन पर ट्रैफिक बंद किया गया।

रामसिंहपुर सीआई रामप्रताप ने बताया कि रात 8:30 बजे अनूपगढ़ जंक्शन से सूरतगढ़ की ओर जाने वाली ट्रेन रवाना हुई थी। करीब 9 बजे ट्रेन 50 जीबी गांव के आस-पास पहुंची। ट्रेन गुजरने के करीब 45 मिनट बाद पटरी पर धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनकर 200 मीटर दूर बसी ढाणी में रहने वाले लोग पटरियों के पास पहुंचे। उनकी सूचना के बाद रात 11 बजे पुलिस व दूसरे अधिकारी रात करीब दो बजे आईबी और सीआईडी की टीम तथा सवा दो बजे एटीएस के एडीशनल एसपी सुरेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे।

श्रीगंगानगर एसपी हरिशंकर ने कहा कि ब्लास्ट की तीव्रता कितनी थी और रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाने के पीछे किसका हाथ है, इसकी जांच की जा रही है। एफएसएल की टीम यहां से सैंपल लेकर जांच करेगी। घटना के बाद, सुरक्षा और जांच के कारण सुबह नौ बजे तक ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। घटनास्थल पर जांच और सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाही जारी है।

नेतन्याहू व ट्रंप की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुश्किल में थे, लेकिन उन्होंने वास्तविकता को स्वीकार करने से लगातार इनकार किया। उन्हें लगता रहा कि थोड़ी बहुत हेराफेरी से हालात फिर सामान्य हो जाएंगे। अगर ट्रंप ईरान पर हमले जारी रखने पर अड़े रहते हैं और डेमोक्रेट्स की बात नहीं सुनते, तो उन्हें महाभियोग का सामना करना पड़ सकता है। यह प्रक्रिया अपेक्षा से पहले भी शुरू हो सकती है। और तीसरे हैं नरेन्द्र मोदी, जो नेतन्याहू और ट्रंप, दोनों के प्रभाव में चलते रहे हैं।

विपक्ष, खासकर राहुल गांधी के नेतृत्व में, मोदी पर लगातार हमले कर रहा है और उन्हें कई तरह की राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार को भीतर से भी अस्थिरता का सामना करना पड रहा है। जनता के बड़े वर्ग का समर्थन उससे दूर होता दिखाई दे रहा है। अब यह अनुमान का विषय है कि मोदी और उनकी सरकार के खिलाफ राजनीतिक माहौल निर्णायक रूप से कब बदलता है।

जयपुर की पिया डांडिया अमेरिका ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फार्माकॉलजिस्ट डा. पी.सी. डांडिया की पौत्री हैं। डांडिया परिवार रामबाग सर्किल पर रहता है। डॉ. डांडिया 101 वर्ष के हो चुके हैं और वे सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर एमरिटस रह चुके हैं और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात फार्माकॉलजिस्ट हैं।

पिया 38 वर्ष की हैं और उनके पति नवनीत अलघ हैं, जो महाराष्ट्रियन हैं। उनके साहिब नाम का एक पुत्र है।

स्कूल की प्रधानाध्यापिका पद पर रहकर पिया ने ड्रेमोक्रैटिक पार्टी से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरु की। उनकी माता ने पाल्म बीच के निकट जूपिटर में एक मॉन्टेसरी स्कूल, पिया की शिक्षा को ध्यान में रखकर, खोला था। पिता डॉ. रोहित ने निजी प्रैक्टिस की और माँ शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी रहीं।

- पिया डांडिया फ्लोरिडा राज्य के बाइसवें कांग्रेसनल जिले से रिपब्लिकन प्रत्याशी केसी अस्कर को हरा कर हाउस ऑफ रिप्रैज़ैन्टेटिव्स पहुँचीं।

शुरु से ही पिया ने गरीब बच्चों की मदद और उनकी शिक्षा के लिए कार्य किया और स्वयं विश्व प्रसिद्ध हारवर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की और प्रतिभावान होने के कारण उन्हें वाइट हाउस फैलो बनने का सम्मान मिला।

शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात, वे अपने स्कूल के विकास तथा गरीब बच्चों को शिक्षित करने में लग गईं।

वे नियमित रुप से अपने दादा-दादी के पास आती थीं। उनकी दादी स्वर्गीय चन्द्रकांता राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रौढ़ शिक्षा विभाग की निर्देशक रहीं। जयपुर आकर वह अपने रिश्तेदारों से भारतीय रीति-रिवाज और संस्कृति तथा परम्परा के बारे में जानकारी लेती थीं।

दिल्ली जाकर उन्होंने कच्ची बस्ती में काम किया और बच्चों के बीच शिक्षा की अलख जगाई।

अपने विजय सम्बोधन में उन्होंने अपने प्रशंसकों से कहा कि वे अपने लोगों के कल्याण के लिए लड़ेंगी तथा लोगों की शिक्षा और स्वस्थ जीवन के लिए काम करेंगी।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, पिया डाण्डिया संभवत: सर्दियों में क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान अपने 100 वर्षीय दादा से मिलने आएंगी।

पूर्व विधायक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से जुडा गंभीर आर्थिक अपराध का है। वर्तमान में केस की ट्रायल चल रही है। यदि आरोपी को जमानत दी गई तो वह साक्ष्य को प्रभावित कर सकता है। इसलिए उसकी जमानत याचिका को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि बलजीत यादव साल 2018 में बहरोड विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक के तौर पर जीते थे। स्कूलों के लिए खेल सामग्री की खरीद में कथित भ्रष्टाचार को लेकर एसीबी ने 12 दिसंबर, 2024 को मामला दर्ज किया था। इसके बाद ईडी ने प्रकरण में वित्तीय लेन-देन की जांच आरंभ की थी। प्रारंभिक जांच के बाद ईडी ने गत 3 फरवरी को बलजीत यादव को गिरफ्तार किया था।

'कई साल पहले जब मैंने पंजाब ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और मुझे संसद में बोलने नहीं देते।''

मंगलवार को अमित शाह ने कहा था कि सरकार एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने को तैयार है। उन्होंने विपक्ष को इस बहस में शामिल होने की चुनौती दी थी।

राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत सभा में मौजूद लोगों से यह पूछकर की, ''आज आपका मूड कैसा है?''

अपने संबोधन से पहले राहुल ने बताया कि दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह उनसे मिलने आए थे।

गांधी ने कहा, ''मैंने अपने भाषण की योजना बना रखी थी, लेकिन कुछ मिनट पहले सिद्धू मूसेवाला के पिता मुझसे मिलने आए। इसलिए मैंने अपनी योजना बदल दी''

इसके बाद, उन्होंने कई साल पहले मूसेवाला से हुई मुलाकात को याद किया। उस समय वे उनके बारे में ज्यादा नहीं जानते थे।

गांधी ने कहा, ''कुछ साल पहले सिद्धू मूसेवाला मुझसे मिलने मेरे कार्यालय आए थे। उस समय मैं उन्हें नहीं जानता था। वे मुझे एक प्रभावशाली युवा लगे। उनके शरीर पर टैटू था। मैंने तब तक उनके गाने भी नहीं सुने थे।

मुझे बताया गया कि वे एक अच्छे इंसान और संगीतकार हैं तथा कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं। वे ऊर्जावान और प्रतिभाशाली युवा थे और हमने उन्हें पार्टी में शामिल कराया।''

उन्होंने कहा, ''मुझे लगा कि राजनीति में नए होने के कारण, उन्हें सहज महसूस कराना चाहिए। वे शायद पंजाब के सबसे प्रतिभाशाली गायकों में से एक थे और राजनीति में भी अपनी पहचान बना सकते थे।''

ज्ञातव्य है कि शुभदीप सिंह सिद्धू, जिन्हें सिद्धू मूसेवाला के नाम से जाना जाता था, की 29 मई 2022 को पंजाब के मानसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''उनके गीतों में पंजाब की आवाज सुनाई देती थी। मैंने उनके गाने बाद में सुने।'' उन्होंने कहा, ''उनकी सुरक्षा हटा ली गई थी और एक दिन दिनदहाड़े उनकी हत्या कर दी गई।''

गांधी ने बताया कि बाद में जब वे मूसेवाला के घर गए थे, तो उनके पिता ने उनसे कहा था कि अपने बेटे की मौत देखने से बड़ा दुख कोई नहीं हो सकता।

दिल्ली पुलिस ने प्रशांत भूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

- उन पर रूस के विदेश मंत्री लावरोव का डॉक्टर्ड वीडियो साझा करने का आरोप है।

नई दिल्ली, 04 नवंबर। दिल्ली पुलिस ने वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण के खिलाफ रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का डॉक्टर्ड वीडियो (छेड़छाड़ कर तैयार वीडियो) साझा करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार, तीन नवंबर को साइबर पेट्रोलिंग के दौरान यह मामला सामने आया था। इस संबंध में स्पेशल सैल थाने में एफआईआर संख्या 263/26 दर्ज की गई है।

भारत के लिए क्या ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चुनौती मिल चुकी है। इसके अलावा, भारतीय आईटी कंपनियों की अधिक कड़ी जांच से उन लाखों भारतीय पेशेवरों और कंपनियों के बीच अनिश्चितता पैदा हो गई है, जो इस वीज़ा कार्यक्रम पर निर्भर हैं। डेमोक्रेट्स का बहुमत ऐसे विधायी प्रस्तावों को रोक सकता है, जिनका उद्देश्य वीज़ा संबंधी नियमों को और सख्त करना है। वे वीज़ा और ग्रीन कार्ड जारी करने वाली सरकारी एजेंसियों के कामकाज की अधिक जांच कर सकते हैं और इस बात को सामने ला सकते हैं कि इन नीतियों का अमेरिकी तकनीकी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा पर क्या असर पड़ता है। हालांकि, राष्ट्रपति के तत्काल फैसले लेने के अधिकार खत्म नहीं होंगे, लेकिन कांग्रेस का विरोध नियमों को कानून के जरिए और सख्त बनाने की कोशिशों को सीमित कर सकता है। साथ ही, इससे उन कंपनियों की आवाज को अधिक महत्व मिल सकता है, जो कुशल विदेशी कर्मचारियों पर निर्भर हैं।

इस बीच, भारत को अमेरिकी कांग्रेस में दोनों दलों, डेमोक्रेट्स एवं रिपब्लिकन्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है। दोनों दलों के सांसद लंबे समय से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा रणनीतिक चिंताओं को देखते हुए भारत को एक महत्वपूर्ण साझेदार मानते रहे हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के नियंत्रण से ट्रंप की नीतियों के कुछ पहलुओं, जैसे रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों को लेकर बनाए जा रहे दबाव की पहले से अधिक जांच हो सकती है। लेकिन इससे रक्षा, प्रौद्योगिकी और कूटनीतिक सहयोग के बुनियादी रिश्तों पर असर पड़ने की संभावना कम है। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों और भारत समर्थक सांसदों के समूह का प्रभाव बना रहेगा। नया बहुमत ऐसे रास्ते भी खोल सकता है, जिनसे सुनवाई और धन आवंटन के जरिए भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत किया जा सके।

चुनाव आयुक्तों को कानूनी सुरक्षा के कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई

सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार व चुनाव आयोग को नोटिस भेजा

- इस कानून के खिलाफ सोशल एक्टिविस्ट अरुण अग्रवाल एसोसिएशन फॉर डैमोकेटिक रिफॉर्म्स और सांसद मनोज झा याचिका दायर की है।

नई दिल्ली, 04 नवंबर। उच्चतम न्यायालय के सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने आज केन्द्र सरकार और निर्वाचन आयोग (ईसीआई) से एक याचिका पर चार हफ्ते में जवाब मांगा है। इस याचिका में एक ऐसे कानूनी प्रावधान को चुनौती दी गई है, जो मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और अन्य निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) को उनके कर्तव्यों के पालन के दौरान किए गए किसी भी कार्य के लिए कानूनी कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान करता है।

यह विवाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम, 2023 की धारा 16 को लेकर है। यह प्रावधान चुनाव आयुक्तों को उनके कार्यकाल के दौरान या सेवानिवृत्ति के बाद भी किसी भी दीवानी (सिविल) या आपराधिक कानूनी कार्रवाई से पूरी तरह से और आजीवन सुरक्षा प्रदान करता है। सामाजिक कार्यकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और सांसद मनोज झा ने इस धारा की संवैधानिक वैधता को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील नेहा राठी और फौजिया शकील पेश हुईं।

याचिका में कहा गया है कि मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त, ज्ञानेश कुमार के आचरण को लेकर भी गंभीर सवाल उठे हैं। ये सवाल केरल सरकार के लोक निर्माण विभाग में सचिव के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान लगे आरोपों से जुड़े हैं।

इस संदर्भ में याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया है कि क्या कानून के तहत चुनाव आयुक्तों को ऐसे कार्यों के लिए भी पूरी छूट मिलनी चाहिए, जो शायद नेक नीयती से न किये गये हों।

लापता 8 ट्रैकर्स में से चार के शव बरामद

- उत्तरकाशी में केदारताल ट्रैक पर हिमस्खलन की चपेट में आठ ट्रैकर्स लापता हो गए थे।

उत्तरकाशी, 04 नवंबर। उत्तरकाशी जिले में केदारताल ट्रैक पर हिमस्खलन की चपेट में आकर लापता हुए आठ सदस्यीय दल के चार सदस्यों के शव बरामद किए गए। इनमें दो महिलाओं और दो पुरुषों के शव हैं।

दो महिला मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी सगी बहनों के रूप में हुई है, जबकि दो पुरुषों की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी पर्यटकों के रूप में बताई गई है। हालांकि, उनकी आधिकारिक पहचान की पुष्टि परिजनों के पहुंचने के बाद होगी। मौसम अनुकूल नहीं रहने के कारण बचाव अभियान रोक दिया गया। शेष लापता लोगों की तलाश के लिए गुरुवार को फिर अभियान चलाया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार, 27 अक्टूबर को सात ट्रेकर्स और पांच सहयोगी कर्मचारियों सहित, कुल 12 सदस्य गंगोत्री से केदारताल ट्रेक के लिए रवाना हुए थे। इनमें से तीन पोर्टर और एक रसोइये सहित, चार लोगों को शनिवार तक सुरक्षित बचा लिया गया था। इसके बाद भारी बर्फबारी और हिमस्खलन की चपेट में आने से सात ट्रेकर्स और एक गाइड समेत, आठ लोग लापता हो गए थे।

अमेरिका के मिड टर्म चुनाव नतीजों ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अमेरिका में घरेलू राजनीतिक डवलपमैंट के बजाय, आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों से तय होती रहेगी।

चीन ने इस घटनाक्रम पर संतुलित प्रतिक्रिया दी है। उसने इस बात पर जोर दिया कि वॉशिंगटन के साथ उसके संबंध अमेरिका के घरेलू राजनीतिक हालात में बदलाव से तय नहीं होने चाहिए।

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि ''अमेरिका के मध्यावधि चुनाव उसका आंतरिक मामला हैं और बीजिंग दोनों देशों के नेताओं के बीच हुए समझौतों के आधार पर वॉशिंगटन के साथ काम करने को तैयार है।''

उन्होंने कहा, ''चीन दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को सुरक्षित रखने और लागू करने, बातचीत को मजबूत करने, मतभेदों को उचित तरीके से संभालने और सहयोग बढ़ाने के लिए अमेरिका के साथ काम करने को तैयार है।''

यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ट्रंप व्यापार तथा रणनीतिक मामलों में काफी तनाव के बाद दोनों देशों के संबंधों को स्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, बीजिंग के लिए डेमोक्रेट्स की जीत का यह मतलब नहीं है कि अमेरिका का रुख उसके प्रति अधिक नरम हो जाएगा। वॉशिंगटन में चीन की तकनीकी महत्वाकांक्षाओं, आर्थिक प्रभाव और सुरक्षा नीतियों को लेकर दोनों दलों की चिंताएं बनी रहने की संभावना है, भले ही अमेरिकी कांग्रेस का कंट्रोल बदल गया हो।

रूस ने डेमोक्रेट्स की जीत के प्रभाव को कम करके आंका है। उसने साफ कर दिया है कि इस नतीजे से उसकी विदेश नीति या यूक्रेन को लेकर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आएगा।

रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेतृत्व का मॉस्को के प्रति रुख बहुत नकारात्मक रहा है।

रूसी के सरकारी मीडिया के अनुसार, उन्होंने कहा, ''यूक्रेन को लेकर हमारा उसूलों वाला और लगातार बना रहने वाला रुख, साथ ही हमारी सामान्य विदेश नीति, शॉर्ट टर्म बातों पर नहीं है। स्वाभाविक रूप से, यह दूसरे देशों में राजनीतिक हालात में होने वाले उतार-चढ़ाव पर भी निर्भर नहीं करता।''

उन्होंने आगे कहा कि मॉस्को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निर्देशों के अनुसार काम करता रहेगा।

यह प्रतिक्रिया रुस के इस अंदाज़े को दर्शाती है कि कांग्रेस में डैमोक्रैट्स के बढ़ते प्रभाव से यूक्रेन, प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर वॉशिंगटन के साथ उसके मतभेद कम होने की संभावना नहीं है।

यूरोपीय नेताओं ने बड़े पैमाने पर डेमोक्रेट्स की जीत का स्वागत किया है। कई नेताओं ने इस नतीजे को इस बात का सबूत माना है कि राइट विंग पॉपुलिस्ट मूवमैंट इंटरनैशनल लैवल पर अपनी रफ्तार खो रहे हैं।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने इस जीत को सबसे स्पष्ट रूप से एक बड़े राजनीतिक बदलाव का हिस्सा बताया।

उन्होंने प्रगतिशील राजनीतिक ताकतों की चुनावी सफलता का जिक्र करते हुए कहा, ''ऐसा ब्राजील में हुआ। अभी-अभी अमेरिका में हुआ है और जल्द ही स्पेन में भी होगा।''

उन्होंने आगे कहा कि उनके विरोधियों की अगुवाई में चल रही दक्षिणपंथी लहर (फॉर -राइट वेब) अब आगे नहीं बढ़ रही है, बल्कि बिखर रही है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनस गहर स्टोर ने डेमोक्रेट्स की जीत को एक ''शक्तिशाली राजनीतिक संकेत'' बताया। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि अमेरिकी मतदाता जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, विदेश नीति और विकास सहायता के मामलों में एक अलग दिशा चाहते हैं।

यूरोपीय संघ भी इन नतीजों को अंतरराष्ट्रीय सहयोग मजबूत करने के एक संभावित अवसर के रूप में देख रहा है। खासकर यूक्रेन और ''ग्रीन ट्रांज़िशन'' (पर्यावरण -अनुकूल बदलाव) के संदर्भ में।

यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष क्रिस्टेल शाल्डेमोसे ने कहा कि इन नतीजों से यूक्रेन को समर्थन, जलवायु संबंधी पहलों और दुनिया के बाकी देशों के साथ संबंधों को लाभ मिल सकता है। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि यूरोप को वॉशिंगटन के राजनीतिक घटनाक्रम पर निर्भर रहने के बजाय, अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता मजबूत करना जारी रहना चाहिए।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा कि डेमोक्रेट्स की जीत दुनिया के संबंधों में एक नए दौर की शुरुआत का संकेत हो सकती है।

उन्होंने कहा, ''हमने देखा है कि डेमोक्रेट्स ने सीनेट और प्रतिनिधि सभा, दोनों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है और अमेरिका की जनता ने अपना फैसला सुना दिया है।''

अमेरिका के अन्य साझेदार देशों ने भी इस बात पर जोर दिया कि वॉशिंगटन के साथ उनके रणनीतिक संबंधों पर इन नतीजों का कोई असर नहीं पडेगा।

जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरू किहारा ने दोहराया कि अमेरिका के साथ गठबंधन टोक्यो की विदेश और सुरक्षा नीति का आधार बना रहेगा। उन्होंने इसे जापान के राष्ट्रीय हितों और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए जरूरी बताया।

ग्रीस ने भी वॉशिंगटन के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी में किसी बदलाव की संभावना से इनकार किया। सरकार के प्रवक्ता पावलोस मारिनाकिस ने कहा कि मौजूदा समझौते और दोनों देशों की प्रमुख संयुक्त परियोजनाएं जारी रहेंगी।

वहीं, ताइवान ने अमेरिका के साथ अपने संबंधों में दोनों राजनीतिक दलों के समर्थन के महत्व पर जोर दिया। उसने कहा कि सुरक्षा, व्यापार, टैक्नॉलजी और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने के लिए वह अमेरिकी कांग्रेस और कार्यपालिका, दोनों के साथ बातचीत जारी रखेगा।

अमेरिका के मध्यावधि चुनावों पर दुनिया भर से आई अलग-अलग प्रतिक्रियाएं इन नतीजों के अंतरराष्ट्रीय महत्व को दर्शाती हैं। जहां यूरोप जलवायु और यूक्रेन के मुद्दों पर नए सिरे से सहयोग की संभावना देख रहा है, वहीं भारत आर्थिक और कूटनीतिक सहयोग के संभावित अवसरों पर नजर रख रहा है। दूसरी ओर, चीन और रूस ने संकेत दिया है कि वॉशिंगटन में राजनीतिक सत्ता का संतुलन बदलने का यह मतलब नहीं है कि अमेरिका की बुनियादी रणनीतिक प्राथमिकताओं में भी बदलाव आ जाएगा।

हैदराबाद में नकली नोटों की फैक्ट्री पकड़ी

पुलिस ने 6.78 करोड़ के नकली नोट जब्त किए तथा चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया

- पता चला है कि आरोपियों ने यूट्यूब के वीडियो व सोशल मीडिया के जरिए नकली नोट बनाना सीखा था।

हैदराबाद, 04 नवंबर। पुलिस ने नकली नोटों की बड़ी खेप जब्त करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 500 रुपये के नोटों के बंडल में 6.78 करोड़ रुपये की नकली मुद्रा जब्त की है। आरोपियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से नकली नोट बनाने का तरीका सीखा था। यह गैंग फिल्मी स्टाइल में पुलिस की वर्दी में अपनी गतिविधियों को अंजाम देता था।

पुलिस आयुक्त डॉ. तरुण जोशी ने बताया कि 1 नवंबर को उनकी टीम ने एनएच-65 पर रामोजी फिल्म सिटी के पास एक कार को रोका और चार आरोपियों-मादुपोजु करनाकर, चिनोला माणिक्य रेड्डी, चेरुकुपल्ली रत्नाकर रेड्डी और करणम अजय कुमार को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर एक कमरे में छापेमारी की गई, जहां से 500 रुपये के मूल्यवर्ग में 6.78 करोड़ रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद हुए। मुख्य आरोपित असली नोटों को स्कैन करता था और सॉफ्टवेयर का उपयोग करके उनकी छवियों को एडिट करता था। उसने यूट्यूब वीडियो और सोशल मीडिया से नकली नोट बनाने का यह तरीका सीखा था। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल है। पुलिस ने हयातनगर के कुंतलूर में एक किराए के मकान में नकली नोट छापने की फैक्ट्री का भी पता लगाया। वहां से एक प्रिंटर, एक लैपटॉप, नोट काटने की मशीनें और अन्य उपकरण जब्त किए गए। कथित तौर पर आरोपित लोगों को डराने-धमकाने और ठगने के लिए पुलिस अधिकारी बनकर फर्जी पहचान पत्र, वॉकी-टॉकी और फर्जी पिस्टल का इस्तेमाल करते थे।

'भारत को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बिना प्रतिबंध आवाजाही की अनुमति दी है। उन्होंने इस संबंध से मिलने वाले वित्तीय लाभों को भी स्वीकार किया। जहाजों की आवाजाही में छूट संबंधी यह बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान और अमेरिका के बीच सीधा सैन्य टकराव दोबारा शुरू होने की आशंकाएं बढ़ रही हैं। अल अरबिया के मुताबिक, अब तेहरान में किए गए आंतरिक आकलनों में अमेरिका के साथ नए सिरे से युद्ध की प्रबल संभावना मानी जा रही है। सैन्य स्तर पर ऐसे अनुमानों के बावजूद, देश के वरिष्ठ राजनीतिक नेता सैन्य प्रतिष्ठान पर कूटनीतिक रास्ता तलाशने का दबाव बना रहे हैं, ताकि तनाव को और बढ़ने से रोका जा सके।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908



एक खराब मैच से किसी खिलाड़ी का करियर तय नहीं होता। मैंने हमेशा की तरह अपनी प्रक्रिया पर ध्यान दिया। एक मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने का मुझ पर ज्यादा असर नहीं पड़ा।

- अंशुल कंबोज

भारतीय गेंदबाज, अपने प्रदर्शन को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



पी.वी. सिंधू

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने बुधवार को कहा कि बैडमिंटन विश्व महासंघ की 25 सेकंड 'शॉट क्लॉक' पहल की समीक्षा की जायेगी क्योंकि उन्होंने और कई अन्य खिलाड़ियों ने इसकी निष्पक्षता को लेकर विश्व ईकाई से शिकायत की है। 'शॉट क्लॉक' को इस साल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर के चुनिंदा टूर्नामेंटों में प्रायोगिक आधार पर इस्तेमाल किया गया। इसके तहत खिलाड़ी को एक रेली खत्म होने के बाद सर्विस के लिये तैयार होने के लिये 25 सेकंड का समय दिया जाता है। कुछ लोगों के लिये यह अभी भी नया है।

क्या आप जानते हैं ?... भारत ने कुल 8 प्रमुख आईसीसी खिताब जीते हैं, जिनमें 2 प्रतिष्ठित विश्व कप (1983, 2011), 2 टी-20 विश्व कप (2007, 2024) और चैंपियंस शामिल हैं।

भारत ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया, कोहली ने जड़ा अर्धशतक

ऑकलैंड, 4 नवंबर। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को पांच मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में पांच विकेट से हरा दिया। ऑकलैंड के ईडन पार्क स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में मेजबान टीम 40.2 ओवर में 185 रन पर सिमट गई। इसके बाद बारिश के कारण भारतीय टीम को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस) के तहत जीत के लिए 32 ओवर में 143 रन का संशोधित लक्ष्य मिला।

भारतीय टीम ने 22.4 ओवर में पांच विकेट पर 143 रन बनाते हुए इसे हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच अगला वनडे सात नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। भारत की जीत के नायक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली रहे, जिन्होंने 51 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 74 रन की शानदार पारी खेली। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने चार विकेट लेकर न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल और पूर्व कप्तान विराट कोहली ने पारी को संभाला और तेजी से रन बटोरे। हालांकि, बारिश के कारण मुकाबले में दो बार रुकावट आई। पहली बार 10.5 ओवर के बाद खेल रोका गया। बारिश थमने पर मैच को 40 ओवर का कर दिया गया और भारत के सामने 167 रन का संशोधित लक्ष्य रखा गया, लेकिन कुछ ही देर बाद दोबारा बारिश शुरू हो गई। खेल फिर शुरू होने पर भारतीय टीम को 32 ओवर में 143 रन बनाने का लक्ष्य मिला।

इसके बाद विराट कोहली ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 35 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। यह उनके वनडे करियर का 80वां अर्धशतक रहा। दूसरे छोर पर शुभमन गिल ने उनका अच्छा साथ दिया। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 113 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। भारत को 114 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। शुभमन गिल 56 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विराट कोहली भी 51 गेंदों में 74 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।अक्षर पटेल बिना खाता खोले आउट हो गए। श्रेयस अय्यर ने 15 रन का योगदान दिया। अंत में नमन धीर ने चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी। केएल राहुल तीन और नमन धीर पांच रन बनाकर नाबाद रहे।



कोहली ने तेंदुलकर का रिकॉर्ड किया ध्वस्त

दरअसल, कोहली ने सचिन का सेना देशों के खिलाफ सबसे ज्यादा 50 प्लस स्कोर बनाने का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। कोहली ने सभी फॉर्मेट मेंसेना के विरुद्ध 320 मैचों में 134 बार पचास या उससे अधिक रनों की पारी खेली है। उन्होंने इस दौरान 89 फिफ्टी जमाई और 45 शतक मारे। महान बल्लेबाज सचिन ने सेना के सामने 320 मैचों में 135 बार 50 प्लस स्कोर बनाया। उन्होंने 83 अर्धशतक और 50 शतक लगाए। लिस्ट में तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा हैं, जिन्होंने 100 मर्तबा पचास प्लस पारियां खेलीं। 37 वर्षीय कोहली टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और भारत के लिए सिर्फ वनडे में एक्टिव हैं।

इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही और 40.2 ओवर में 185 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से केवल पांच बल्लेबाज ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। टिम सेफर्ट ने 43 गेंदों में 38 रन बनाए। ब्लेयर टिकनर ने निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 23 गेंदों में एक चौके और चार छक्कों के सहारे 34 रन जोड़े। ग्लेन फिलिप्स ने 51 गेंदों में 30 और डेरिल मिचेल ने 41 गेंदों में 28 रन बनाए। जैकब डफी 15 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं विल यंग और हेनरी निकोल्स ने नौ-नौ रन बनाए। टॉम लाथम तीन, कप्तान मिचेल सैंटनर चार, नाथन स्मिथ एक और काइल जैमीसन एक रन बनाकर आउट हुए। भारतीय टीम की ओर से तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने चार विकेट लिए, जबकि गुरनूर बरार को तीन विकेट और अंशुल कंबोज को दो विकेट मिले।

मैच से पूर्व गिल, कोहली और रोहित शर्मा को मिली विशेष रग्बी जर्सी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच से पूर्व रग्बी के दिग्गज खिलाड़ी केवन मेलामु से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें रग्बी टीम की विशेष जर्सी भेंट की। न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम के लिए 132 मैच खेलने वाले मेलामु ऑल ब्लैक्स (न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम) के इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने टीम की कप्तानी भी की थी। मेलामु 2011 और 2015 में रग्बी विश्व कप जीतने वाली टीमों के एक प्रमुख सदस्य रहे। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले भारत के तीनों खिलाड़ियों को विशेष जर्सी भेंट की।

भारत एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में

नई दिल्ली, 4 नवंबर। डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को मोहाली में खेले गए सेमीफाइनल में टीम ने साउथ कोरिया को 8-1 से हराया। भारत की ओर से शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने 2-2 गोल किए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, अंगद बीर सिंह और विवेक सागर प्रसाद ने एक-एक गोल किया। भारत अब 6 नवंबर को फाइनल में जापान से खेलेगा। जापान ने पहले सेमीफाइनल में मलेशिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। कोरिया और मलेशिया ब्रॉन्ज मेडल के लिए भिड़ेंगे। मैच के चौथे मिनट में दिलप्रीत सिंह ने बाएं तरफ से शानदार मूव बनाया। उन्होंने गेंद शिलानंद लाकड़ा को दी, जिन्होंने गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। कोरिया ने नौवें मिनट में हान सांगजुन के गोल से बराबरी कर ली। भारत ने तुरंत जवाब दिया। अगले ही मिनट उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला। हरमनप्रीत ने इस मौके पर तेज ड्रैग-फ्लिक लगाई। भारत 2-1 से आगे हो गया। 13वें मिनट में हरमनप्रीत के एक और ड्रैग-फ्लिक को कोरियाई गोलकीपर ने रोक लिया। गेंद गोल के सामने ही रह गई और शिलानंद ने रिबाउंड पर गोल कर दिया। पहले क्वार्टर के अंत तक भारत 3-1 से आगे था। 54वें मिनट में विवेक सागर प्रसाद ने गेंद को संभाला और रिवर्स-हिट से शॉट लगाया। रिवर्स-हिट में खिलाड़ी स्टिक के उलटे हिस्से से गेंद को मारता है। गेंद गोलकीपर के पैड से लगकर गोल में चली गई। भारत ने 8-1 से जीत दर्ज की।

ललित शोरावत की नाबाद 75 रन की पारी से रॉयल क्रिकेट एकेडमी 7 विकेट से जीती



जयपुर, 4 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित पांचवीं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में नेशनल क्रिकेट ग्राउंड, बेनाड़ पर खेले गए मुकाबले में रॉयल क्रिकेट एकेडमी ने ललित शोरावत की नाबाद 75 रन की शानदार पारी की बदौलत राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी ने रक्षित लूणावत के 51 रन (43 गेंद, 3 चौके, 2 छक्के), श्याम सुंदर के 34 रन और मनय कटारिया के 16 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 132 रन बनाए। रॉयल क्रिकेट एकेडमी की ओर से नवीन विश्नोई, आदित्य सिंह और ऋषभ मोदी ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल क्रिकेट एकेडमी ने ललित शोरावत के नाबाद 75 रन (5 चौके, 3 छक्के), हितार्थ के नाबाद 31 रन और गौरव चंद्र के 23 रन की बदौलत 17.3 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए ललित शोरावत को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी ने 79 रन से दर्ज की जीत



जयपुर, 4 नवंबर। अंडर-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आरएस क्रिकेट अकादमी को 79 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में 5 विकेट पर 227 रन बनाए। शौर्य ने 54 और दिलशान ने 52 रन की शानदार पारियां खेलीं। आरएस क्रिकेट अकादमी की ओर से जयप्रकाश ने 2 विकेट लिए। जवाब में आरएस क्रिकेट अकादमी की टीम 32 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। मुस्कान ने 41 और यश ने 28 रन बनाए। जानकीनंदन क्रिकेट अकादमी की ओर से देवांश, युवराज, शौर्य और फरदान अली ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए शौर्य को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

वैभव के नाबाद शतक से दिशा एकेडमी की 103 रन से जीत



जयपुर, 4 नवंबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित यूथ कप अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में दिशा एकेडमी ने केएल सैनी एकेडमी को 103 रन से हराया। आरजे-14 ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिशा एकेडमी ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 309 रन बनाए। टीम की ओर से वैभव खटाना ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 115 गेंदों पर 17 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 129 रन की शतकीय पारी खेली। युवान ने 54, अनुभव सिंह ने 33, हर्षित सैनी ने 30 और श्रेयांश सिंह ने 29 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केएल सैनी एकेडमी की टीम निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 206 रन ही बना सकी। शेखर ने 54, ध्रुव शर्मा ने 35, प्रिंस श्रीवास्तव ने 32 और खुशबीर ने 19 रन बनाए। दिशा एकेडमी की ओर से श्रेयांश सिंह और रवींद्र ने 2-2 विकेट लिए, जबकि वैभव, नंदीश और जयवर्धन ने 1-1 विकेट हासिल किया। वैभव खटाना की नाबाद 129 रन की शानदार शतकीय पारी मुकाबले का मुख्य आकर्षण रही।

आरसीए के प्रशासक आईएएस भास्कर ए. सावंत को बदलने की मांग वाली एसएलपी खारिज

जयपुर, 4 नवंबर। सुप्रीम कोर्ट ने आईएएस भास्कर ए सावंत को आरसीए के प्रशासक पद से बदलने की मांग वाली राजेन्द्र सिंह व नागौर जिला क्रिकेट संघ की एसएलपी को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने हाईकोर्ट से अनुरोध किया है कि वह उसके समक्ष उठाए गए सभी मुद्दो पर विचार कर निर्णय करे। सीजेआई सूर्यकांत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि हाईकोर्ट इन सभी मुद्दों की जांच करने और उन पर निर्णय करने में सक्षम है। इस एसएलपी में आरसीए के प्रशासक के तौर पर राजस्थान सरकार के गृह विभाग के एसीएस भास्कर ए. सावंत, की नियुक्ति को चुनौती दी गई थी। इसके साथ ही जिला क्रिकेट संघों को उनके समठा पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण में रखे जाने पर भी एसएलपी में आपत्ति



उठाई गई थी। इसमें कहा कि आरसीए में प्रशासक की जगह पर सुप्रीम कोर्ट किसी रिटायर जज या हाईकोर्ट के रिटायर सीजे को नियुक्त किया जाए। वहीं आरसीए के चुनाव व प्रशासनिक कार्यों के संबंध में भी अन्य निर्देश जारी करने का आग्रह किया था। सुनवाई के दौरान आरसीए प्रशासक की ओर से एएजी शिवमंगल शर्मा ने कहा कि भास्कर ए सावंत की नियुक्ति के बाद उनके व्यक्तिगत आचरण के संबंध में कोई आरोप नहीं लगाया गया है। उनकी नियुक्ति राजस्थान हाईकोर्ट ने एडहॉक कमेटी को भंग करते हुए की थी और उनके प्रशासक रहते हुए आरसीए के चुनाव करवाए गए हैं। प्रशासक की ओर से दी गई दलीलों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर महीने में आरसीए में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के उठाए मुद्दे को ध्यान में रखते हुए आरसीए के चुनाव परिणाम जारी करने पर हाईकोर्ट में लंबित याचिका में निर्णय होने तक रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट से आग्रह किया है कि वह मामले का गुण-दोष के आधार पर फैसला करे।

महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी : भोपाल में 19 को मलेशिया से भिड़ेगी भारतीय टीम

नई दिल्ली, 4 नवंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में लगातार तीसरा और कुल मिलाकर चौथा खिताब जीतने की कवायद में 19 नवंबर से भोपाल में शुरू होने वाले छह देशों के टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह टूर्नामेंट भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में बने नए हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें भारत, जापान, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की टीमें भाग लेंगी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम का यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम ने 2016, 2023 और 2024 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें प्रत्येक टीम अन्य पांच टीमों से एक बार भिड़ेंगी। लीग चरण के अंत में शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। एशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम चीन 19 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारत इसी दिन मलेशिया का सामना करेगा। भारतीय टीम इसके बाद 21 नवंबर को दक्षिण कोरिया, 22 नवंबर को थाईलैंड, 24 नवंबर को चीन और 25 नवंबर को जापान का सामना करेगी। पांचवें और छठे स्थान के लिए होने वाला क्वालिफिकेशन मैच तथा दोनों सेमीफाइनल मैच 27 नवंबर को होंगे। फाइनल और तीसरे स्थान का मैच 28 नवंबर को खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, "मुझे खुशी है कि भोपाल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम एशियाई खेलों की अपनी सफलता को आगे बढ़ाते हुए अपने खिताब का बचाव करने में सफल रहेगी।"

चैम्पियंस लीग में सबसे ज्यादा गोल करने वाले किशोर खिलाड़ी बने यामल

// एमबाप्पे को छोड़ा पीछे //



बार्सिलोना, 4 नवंबर। बार्सिलोना के युवा फुटबॉलर लामिन यामल ने यूईएफए चैंपियंस लीग में ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की। एस्टन विला के खिलाफ मंगलवार रात खेले गए मुकाबले में गोल दागते ही यामल इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले किशोर खिलाड़ी (20 वर्ष से कम) बन गए। उन्होंने फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर किलियन एमबाप्पे का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। 19 वर्षीय यामल ने कैंप नोउ में खेले गए मुकाबले के सातवें मिनट में एस्टन विला के खिलाफ शानदार गोल किया। चैंपियंस लीग में यह उनका 14वां गोल था। इससे पहले यह रिकॉर्ड एमबापे के नाम था, जिन्होंने किशोर खिलाड़ी रहते हुए प्रतियोगिता में 13 गोल किए थे। इस मुकाबले में बार्सिलोना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एस्टन विला को 3-0 से हराया। दूसरे हाफ में राफिन्हा ने दो गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

राज्य सब-जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, कई मुकाबले तीन गेम तक खिंचे

जयपुर, 4 नवंबर। राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में डीआर बैडमिंटन एकेडमी में आयोजित राजस्थान राज्य सब-जूनियर (अंडर-15) बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में बुधवार को विभिन्न वर्गों के मुकाबले खेले गए। बालक-बालिका एकल, युगल और मिश्रित युगल वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कई मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला और मैच तीन गेम तक चले।

बालिका एकल में लक्षिता, पद्मजा और आराध्या की जीत

बालिका एकल राउंड-64 में लक्षिता भारद्वाज ने मालविका रछोया को 15-0, 15-1 से, पद्मजा सिंह ने आराध्या बिश्नोई को 15-5, 15-2 से तथा आराध्या ढींगरा



ने गीत शर्मा को 15-3, 15-3 से हराया। यश्विता मेवाड़ा ने वाचिक्षा शर्मा को 15-12, 15-9 से पराजित किया। दाविना शर्मा ने यद्विका बेनीवाल को 15-11, 9-15, 15-11 से हराया। रिद्धिमा ने अनाया शर्मा को 17-15, 15-13 से तथा पाखी राज सिंह ने काव्या सिंह को 16-14, 11-15, 15-7 से शिकस्त दी। आद्या सोनी ने स्वरा टकसाली को 12-15, 15-11, 19-17 से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। पर्ल पारीक, ओजस्विता दुबे, सलोनी प्रजापत, भाविका भगासरा, अविका मीणा, बृंदा लखियानी, कृतिका सिंह और खुशी शर्मा ने भी अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बनाई।

बालक एकल में सात्विक और प्रणव जीते

बालक एकल राउंड-64 में सात्विक अग्रवाल ने हिमाक्ष गौतम को 15-8, 15-6 से तथा प्रणव मुलचंदानी ने विवान सिंह को 15-11, 15-4 से हराया। पार्थ माहिया ने ईशांत नेहरा को 15-12, 15-12 से और कीर्तिराज मीणा ने अर्जुन अरोड़ा को 15-10, 15-13 से पराजित किया। मुदित पांडे, ईशान सेन, कुलदीप सिसोदिया और सूर्यवीर सिंह चुंडावत ने भी अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

अंडर-23 ट्रॉफी : राजस्थान ने बिहार के खिलाफ बनाए 552 रन



जयपुर, 4 नवंबर। जयपुर में राजस्थान और बिहार के बीच खेले जा रहे अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले में राजस्थान ने पहली पारी में 8 विकेट पर 552 रन बनाकर पारी घोषित की। सलामी बल्लेबाजों की शानदार शतकीय पारियों के बाद कप्तान मुकुल चौधरी, करण सिंह, नावेद खान और अव्यांश सिंह ने भी अर्धशतक लगाकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। राजस्थान की ओर से मुकुल चौधरी ने 54, करण सिंह ने 53, नावेद खान ने 60 और अव्यांश सिंह ने 54 रन बनाए। बिहार की ओर से राहुल, सुधांशु और आदित्य ने 2-2 विकेट हासिल किए। जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिहार ने पहली पारी में 2 विकेट पर 129 रन बना लिए थे। पवन राय 62 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि धीरज ने 26 और मोहम्मद आलम ने नाबाद 27 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से हनी प्रताप सिंह और अभिषेक मूंड ने 1-1 विकेट लिया।

सीनियर महिला टी-20: आंध्र ने राजस्थान को हराया

बीसीसीआई सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी में राजस्थान को आंध्र प्रदेश के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 118 रन बनाए। संगीता कुमावत ने 41, तनिका शर्मा ने 33 और सुमन मीणा ने नाबाद 21 रन बनाए। जवाब में आंध्र ने 5 विकेट खोकर 121 रन बनाते हुए मुकाबला जीत लिया। राजस्थान की ओर से शानू सेन और सुमन मीणा ने 2-2 विकेट, जबकि हैप्पी कुमारी ने 1 विकेट हासिल किया।

रणजी में राजस्थान जीत से छह विकेट दूर, कुणाल, कार्तिक और विशाल के अर्धशतक







जयपुर, 4 नवंबर। धर्मशाला में मेजबान हिमाचल प्रदेश के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले के तीसरे दिन राजस्थान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरी पारी में 8 विकेट पर 521 रन बनाकर पारी घोषित की। इस तरह राजस्थान ने हिमाचल के सामने 446 रन की विशाल बढ़त रखी। दिन का खेल समाप्त होने तक हिमाचल ने दूसरी पारी में 4 विकेट पर 83 रन बना लिए थे। अब राजस्थान जीत से छह विकेट दूर है। राजस्थान रणजी टीम के मीडिया मैनेजर मनीष शर्मा के अनुसार राजस्थान की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज कुणाल सिंह राठौर ने 86 रन, कप्तान कार्तिक शर्मा ने 63 रन और ऑलराउंडर विशाल हर्ष ने 50 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। हिमाचल की ओर से अभिषेक कुमार ने 146 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि अर्पित गुलेरिया और जितेंद्र राणा ने 2-2 विकेट हासिल किए। हिमाचल की दूसरी पारी में राजस्थान के गेंदबाज दानिश भाम्भू ने 2, अनिकेत चौधरी और साहिल दीवान ने 1-1 विकेट लिया।

मैच का स्कोर : राजस्थान पहली पारी 78 रन, हिमाचल पहली पारी 153 रन, राजस्थान दूसरी पारी 521/8 घोषित। हिमाचल दूसरी पारी 83/4।

विराट से बेहतर खिलाड़ी कौन हो सकता है : जैकब



नई दिल्ली, 4 नवंबर। ऑकलैंड वनडे के बाद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मजाकिया अंदाज में कहा, हां, यह थोड़ा परेशान करने वाला था, क्या नहीं था? उन्होंने कहा, जब लक्ष्य छोटा हो और कोई बल्लेबाज इस तरह के इरादे के साथ मैदान पर उतरकर तेजी से रन बनाने लगे, तो वह आसानी से लक्ष्य का पीछा कर सकता है। और ऐसा करने के लिए विराट से बेहतर खिलाड़ी कौन हो सकता है। उनका प्रदर्शन वाकई शानदार था। डफी ने कोहली की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा, उन्हें गेंद के उछाल से कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने हुक और पुल शॉट खेलने के लिए शानदार तरीके से खुद को तैयार किया और फिर गेंद को सीधे मैदान के पार भी पहुंचाया।

महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी के लिए श्रीलंका की 14 सदस्यीय टीम घोषित

नई दिल्ली, 4 नवंबर। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली आगामी आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी-2026 के लिए श्रीलंका ने 14 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। नियमित कप्तान चमारी अटापट्टू की गैरमौजूदगी में हर्षिता समरविक्रमा टीम की कमान संभालेंगी। आईसीसी वेबसाइट के अनुसार टीम में दो प्रमुख खिलाड़ियों विष्मी गुणरत्ने और निलाक्षिका सिल्वा की वापसी हुई है। इसके अलावा तेज गेंदबाज माल्की मदारा को भी टीम में जगह मिली है। सत्या संदीपनी को भी छह साल बाद टी-20 टीम में वापसी का मौका मिला है। उन्होंने अब तक श्रीलंका के लिए केवल एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला है। श्रीलंका की 14 सदस्यीय टीम हर्षिता समरविक्रमा (कप्तान), कवीशा दिलहारी (उपकप्तान), संजना कविंदी, इमेशा दुलानी, हासिनी परेरा, विष्मी गुणारत्ने, नीलाक्षिका सिल्वा, कौशिनी नुथ्यांगना, सत्या संदीपनी, रश्मिका सेववंडी, सुगंधिका कुमारी, चामुदी प्रबोदा, मल्की मदारा, चेतना विमुक्ति।

कोर्फबॉल विश्व चैम्पियनशिप के लिए राजस्थान के रजत सैनी भारतीय टीम में चयनित

जयपुर, 4 नवंबर। राजस्थान के कोर्फबॉल खिलाड़ी रजत कुमार सैनी का चीन के हैनान शहर में 6 से 8 नवंबर तक आयोजित होने वाली आईकेएफ बीच कोर्फबॉल विश्व चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए देश के लिए खेलेंगे। राजस्थान कोर्फबॉल संघ के अध्यक्ष नरेश शर्मा एवं मानद सचिव पारस राम शर्मा ने रजत सैनी को भारतीय टीम में चयनित होने पर बधाई देते हुए आगामी विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। संघ के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि रजत अपने प्रदर्शन से देश और राजस्थान का नाम रोशन करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के मिचेल को टेस्ट रैंकिंग में फिर से बादशाहत

नई दिल्ली, 4 नवंबर। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को पुरुष खिलाड़ियों की तीनों फॉर्मेट की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें तगड़ी तगड़ी उठापटक को मिली। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ पेसर मिचेल स्टार्क फिर से नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बन गए हैं। उनके खाते में फिलहाल 881 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने एक हफ्ते बाद ही साउथ अफ्रीका के मार्कं यानसेन का सिंहासन हिल दिया। यानसेन 875 अंकों के साथ दूसरे पायदान पर खिसक गए हैं।

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न. पेश है तमिलनाडु के **रुबेशकुमार टी** की **तंजौर कला.**

Hero

Hero

भरोसा सोने सा खरा

धनतेरस की शुभकामनाएँ



Splendor+

Destini

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹3000~ तक

एक्सचेंज बोनस ₹5000~ तक

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000^ तक

SBI card HDFC BANK pine labs

कम डाउन पेमेंट ₹4999^ से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~ तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. @Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलर: जयपुर: सूर्या हीरो, सीकर रोड़, लेन नं. 8, वीकेआईए, 9289922901, सुप्रीम हीरो, गोविन्द मार्ग, राजापार्क, 9289922197, आकड़ हीरो, अजमेर रोड, 9289922192, शुभम हीरो, सहकार मार्ग, 9289922207, कोटपूतली: चौधरी हीरो, 9289922797, मानपुर: सुखराम हीरो, 9783877225, एसोशिएट डीलर: मानसरोवर: आर.एल. मोटर्स, 9579258884, जगतपुरा: टीनिटी मोटर्स, 8003088062, करबला (जयपुर): सुपर मोटर्स, 8824088678, सिरसी रोड़ मीनावाला: रजत स्पीड जोन, 9261499995, बगरू: लाम्बा मोटर्स, 97728 81888, भांकरोटा: हरितवाल ऑटोमोबाइल्स, 9314013185, चाकसू: नाकोडा ऑटोमोबाइल, 9950560918, बस्सी: वरधानी ऑटोमोबाइल्स, 9414312552, सर्राफ ऑटोमोबाइल्स, 9414751333, दूदू: श्री गणेश ऑटोमोबाइल्स, 9352727667, शाहपुरा: सत्यम मोटर्स, 8104361919, हरमाड़ा: बी.एल. ऑटोमोबाईल्स, 9314050594, फुलेरा: अग्रवाल ऑटोमोबाइल्स, 9414818930, जमवा रामगढ़: उदय ऑटोमोबाइल्स, 9828090676, जोबनेर: केशव ऑटोमोबाईल्स, 8769505565, पावटा: पंकज मोटर्स, 96104 26700, कानोता: के.पी. ऑटोमोबाइल्स, 9414228404, मनोहरपुर: श्री कृष्णा मोटर्स, 8560000816, 9414643816, अचरोल: हैप्पी ऑटोमोबाइल, 9829321200, 7073888288 आंतेला: सैनी ऑटोमोबाइल्स, 7790999997, जयपुर: हार्दिक मोटर, 9828085118, रेनवाल मांजी: सालासर मोटर्स, 9001094391, मेढ़: किरण मोटर्स, 9314039090, वाटिका: बालाजी मोटर्स, 8875558222, 9549997999, तुंगा: जय बालाजी मोटर्स, 8094528008, 9549652279, कोटखावादा: श्री राम मोटर्स, 9414866716, विराटनगर: बागड़ा मोटर्स, 9928776482, वैशाली नगर: सिद्धिक मोटर्स, 9610444469, कुकस: आदित्य मोटर्स, 9829494009, दौलतपुरा: त्रिवेणी मोटर्स 6377644292, प्रताप नगर: आनंद मोटर्स 9773343232, सांगानेर: मुहाना मोटर्स, 9351591591, रायसर: श्री बालाजी मोटर्स, 9414493720, झोटवाड़ा: प्राइम मोटर्स, 9358048181, एम आर मोटर्स, 0141-2348111, बेनर रोड: पूनिया मोटर्स, 9928868990, पालड़ी मीणा: बॉर्डर मोटर्स, 9376000602, बोराज: ओम मोटर्स, 9351825554.

Cheil 33547/26